खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें :→ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 14 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –280 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.


■ नेहरू ने बिना ...
■ महाराजा का दरबार... 04

■ पाकिस्तान के बलूचिस्तान में चीनी इंजीयनरों...
■ कनाडा के एक और हिन्दू मंदिर में ... 09

■ कसूरी मेथी की खेती: किस्में, देखभाल और पैदावार
■ हरी धनिया के खेती और उससे कमा सकते... 11

■ अर्शदीप ने किया यह ...
■ गिल-जायसवाल ने ... 10


**सार संक्षेप**

## एनआईए ने पांच राज्यों में पीएफआईके ठिकानों पर छापेमारी

### तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को पांच राज्यों में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े परिसरों में छापेमारी की और तलाशी ली। एजेंसी ने कहा कि इस दौरान उसने कई आपत्तिजनक डिजिटल उपकरणों के साथ दस्तावेज भी जब्त किए हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उसने केर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और बिहार राज्यों के कन्नूर, मल्लपुरम, दक्षिण कन्नड़, नासिक, कोल्हापुर, मुर्शिदाबाद और कटिहार जिलों में कुल 14 स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए ने कहा भारत में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की पीएफआई की साजिश का पता लगाने के उद्देश्य से छापेमारी की गई और कई आपत्तिजनक डिटिजल उपकरों के साथ दस्तावेज भी बरामद हुए।



# टीम इंडिया की शानदार जीत के बाद स्टेडियम में गूंजा 'वंदे मातरम'

## एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का जीता खिताब

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम ने एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत लिया। भारतीय टीम ने फाइनल में मलेशिया को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में खेला गया। भारत की जीत के बाद मैदान 'वंदे मातरम' से गूंज उठा। भारतीय हॉकी टीम पूरे चैंपियंस ट्रॉफी में बेहद ही शानदार लय में दिखाई दी। वहीं, वंदे मातरम से गूंजे हुए स्टेडियम का वीडियो हॉकी इंडिया के आधिकारिक सोशल मीडिया के ज़रिए किया गया। वीडियो में देखा जा सकता है कि भारत की जीत के बाद फेंस हाथ में तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम गाते हुए दिख रहे हैं। भारतीय टीम ने चौथी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया।

### जीत खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण को दर्शाती है :मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी प्रतियोगिता में शानदार जीत के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम को बधाई देकर सराहना करते हुए कहा कि- यह जीत खिलाड़ियों के अथक समर्पण, कठोर प्रशिक्षण और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।

### भारत के लिये गर्व और उत्साह का क्षण : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एशियन चेम्पियन ट्राफी जीतने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि यह क्षण भारत के लिए गर्व और उत्सव का है। एशियन चेम्पियनशिप में मलेशिया को पराजित कर भारतीय हॉकी टीम ने सभी देशवासियों को पुनः गौरवान्वित किया है।

## 15 अगस्त को लाल किले पर अतिथि बनेंगे देशभर के 1700 लोग

### केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों को मिलेगा खास मौका

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आज़ादी का जश्न 15 अगस्त को पूरे देश में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से देश को संबोधित करेंगे। इस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित देशभर के 1700 लोगों में उत्तराखंड में से केंद्र सरकार की योजनाओं के कम से कम आठ लाभार्थियों को भी हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए आमंत्रित 1,700 विशेष अतिथियों में जल जीवन मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, अमृत सरोवर योजना और सेंट्रल विस्टा परियोजना जैसे विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों से जुड़े लोग शामिल हैं। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के ज़रिए दी गई है। इन अतिथियों को प्रधानमंत्री संग्रहालय देखने का भी मौका मिलेगा।

# दिव्यांगजन की सेवा भगवान की सेवा : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि दिव्यांग भाई-बहनों को जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। प्रदेश सरकार द्वारा दिव्यांगजन की कठिनाईयों को दूर करने के साथ ही उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा ही भगवान की सेवा है।

उन्होंने कहा कि आप अकेले नहीं है, मैं आपके साथ हूं। आपकी समस्याओं को दूर करने के लिए मैं कोई कसर नहीं छोडूंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान बुधनी में दिव्यांगजन को सहायक उपकरण वितरण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने दिव्यांगजन का पुष्प-वर्षा कर अभिनंदन किया और उन्हें सहायक उपकरण वितरित किए।

शिविर में दिव्यांगजन को एक करोड़ 79 लाख रूपए की लागत के 309 सहायक उपकरण वितरित किए गए।

### बुधनी में आयोजित शिविर में दिव्यांगजन को 1.79 करोड़ 309 सहायक उपकरण वितरित

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत दिवस बुधनी में दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों के वितरण के लिए चिन्हांकन शिविर लगाया था। शिविर में मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों ने परीक्षण कर 670 दिव्यांग को प्रमाण-पत्र वितरित किए थे और अनेक दिव्यांगों को इलाज के लिए रेफर किया गया था।

बुधनी में सहायक उपकरण वितरण शिविर में 309 दिव्यांगजन को सहायक उपकरण प्रदान किए गए है। इस दौरान 16 दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्रायसाइकिल, 44 दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल के साथ ही अनेक दिव्यांग को व्हीलचेयर, बैसाखी, ब्लाइंड कैन आदि सहायक उपकरण प्रदान किए गए।



बुधनी की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

# देश में खाली पड़े हैं शिक्षकों के 9,86,565 पद

### शिक्षकों के रिक्त पदों पर संसदीय समिति ने केंद्र के जवाब को अस्वीकार किया, राज्यों से बातचीत करने कहा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद की एक समिति ने देश के विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में केंद्र के जवाब को अस्वीकार करते हुए कहा है कि- शिक्षा मंत्रालय को भर्ती प्रक्रिया तेज करने के लिए राज्यों के साथ बातचीत करनी चाहिए।

संसद के दोनों सदनों में आठ अगस्त को पेश भारतीय जनता पार्टी के सांसद विवेक ठाकुर की अध्यक्षता वाली शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी स्थायी समिति की सरकार द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है।

देश के विभिन्न राज्यों में स्कूलों में शिक्षकों के कुल 9,86,565 पद रिक्त हैं। रिपोर्ट के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय ने समिति को बताया कि स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग समय-समय पर समीक्षा बैठकों और परामर्श के माध्यम से राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने तथा उनकी तर्कसंगत तैनाती का अनुरोध करती है। ऐसा इसलिए किया जाता है कि शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची में शामिल विषय है और केंद्र सरकार के स्वामित्व वाले/वित्त पोषित स्कूलों के अलावा अन्य स्कूल संबंधित राज्य या केंद्र शासित प्रदेशों के नियंत्रण के तहत आते हैं।

मंत्रालय ने समिति को यह भी बताया कि स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती संबद्ध राज्य या केंद्र शासित प्रदेशों की जिम्मेदारी है और वे यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि भर्ती प्रक्रिया >>शेष पृष्ठ 2 पर

### खाली पदों की यह है स्थिति

समिति ने 2023-24 के लिए शिक्षा मंत्रालय की अनुदान की मांगों पर विचार करते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि-राज्य स्तर पर स्कूलों में शिक्षकों के कुल 62,71,380 स्वीकृत पदों में से 9,86,565 पद रिक्त हैं। इनमें से प्रारंभिक स्तर पर 7,47,565 ,माध्यमिक स्तर पर 1,46,334 और उच्च माध्यमिक स्तर पर 92,666 पद रिक्त हैं।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई-पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## '50 प्रतिशत कमीशन वाली है म.प्र. सरकार' कहा तो प्रियंका और कमलनाथ पर दर्ज हुई एफआईआर

**इंदौर/ग्वालियर।** प्रदेश की शिवराज सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप वाले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर इंदौर में प्रियंका गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस नेता अरुण यादव सरीखे वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के ट्विटर खातों के हैंडलर के खिलाफ शनिवार रात प्राथमिकी दर्ज की गई।

पुलिस ने आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। इस मामले में भाजपा द्वारा ग्वालियर में भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इससे पहले दिन में भाजपा नेताओं ने प्रियंका गांधी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

प्रियंका गांधी ने शुक्रवार को ट्विटर पर दावा किया था कि मध्य प्रदेश के ठेकेदारों के एक संघ ने हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर शिकायत की है कि उन्हें 50 प्रतिशत कमीशन देने के बाद ही भुगतान मिलता है। उन्होंने आरोप लगाया था,कर्नाटक की भ्रष्ट भाजपा सरकार 40 प्रतिशत कमीशन वसूलती थी। मध्य प्रदेश



में भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर आगे निकल गई है। कर्नाटक की जनता ने 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया अब मध्य >>शेष पृष्ठ 2 पर




**चूहा-सुनती हो**-मणिपुर के हालात काबू में नहीं आ रहे हैं, न हिंसा रुक रही है।

**चुहिया- हां प्रिये-** बहुत चिंताजनक है, लेकिन माननीयों को एक दूसरे पर आरोप मढ़ने से फुरसत नहीं है।


A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319

An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN

Class: Nursery 12th

(Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200

Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com



अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से

मोतियाबिंद ऑपरेशन

मध्य भारत का सबसे आधुनिक

नया युग

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर


**बदलाव** बढ़ रहे आत्महत्या के मामलों को लेकर लिया फैसला

## आईआईटी दिल्ली ने मिड सेमेस्टर परीक्षाओं के एक सेट को हटाया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने अपनी मूल्यांकन प्रणाली में सुधार किया है और विद्यार्थियों में तनाव कम करने के लिए मध्य सेमेस्टर परीक्षाओं का एक सेट हटा दिया है। यह निर्णय कई आईआईटी में विद्यार्थियों की आत्महत्या के कई मामलों के सामने आने के बाद लिया गया है। इन आत्महत्याओं के बाद इस बात को लेकर बहस छिड़ी है कि क्या पाठ्यक्रम और स्टडी का कठिन प्रोसेस विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है।

दिल्ली के निदेशक रंगन बनर्जी ने कहा,''पहले हम एक सेमेस्टर की परीक्षाओं में दो सेट का इस्तेमाल करते रहे हैं, हर सेमेस्टर के आखिर में अंतिम परीक्षा और कई मूल्यांकन होते हैं। हमने एक इंटरनल असेसमेंट किया और सभी विद्यार्थियों तथा विभागों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर हमने परीक्षाओं के एक सेट को छोड़ने का फैसला किया है। इसलिए अब नियमित मूल्यांकन के अलावा परीक्षाओं के दो सेट होंगे।'' उन्होंने कहा, ''हमने महसूस किया कि परीक्षा कार्यक्रम बहुत अधिक बोझिल था, इसलिए विद्यार्थियों का बोझ और तनाव कम करने का फैसला किया। इस फैसले को सीनेट की मंजूरी मिल




गई है और इसे चालू सेमेस्टर में लागू किया जाएगा।

आईआईटी परिषद ने अप्रैल में अपनी बैठक में यह निर्णय लिया कि एक मजबूत शिकायत निवारण प्रणाली बनाई जाए जिसमें मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग सेवा और विद्यार्थियों में तनाव जैसी समस्याओं पर मजबूती से काम किया जा सके। बैठक में विद्यार्थियों के खुदकुशी करने, कथित भेदभाव और विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर विचार किया गया।

पिछले महीने संसद में साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक सभी आईआईटी में पिछले पांच साल के दौरान विद्यार्थियों की आत्महत्या के सर्वाधिक मामले दर्ज किए गए। वर्ष 2018 से 2023 के बीच भारत के उच्च शैक्षिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 98 मामलों में से 39 मामले आईआईटी के हैं।

निदेशक ने कहा, ''सभी आईआईटी में विद्यार्थी एक बहुत कठिन प्रोसेस के जरिये पहुंचते हैं, वे एक ऐसी कक्षा में पहुंचते हैं जहां बहुत से बहुत अधिक बुद्धिमान विद्यार्थी होते हैंज हमें लोगों को यह बताने में समर्थ होना चाहिए कि नाकामी का सामना कैसे करते हैं, यह कुछ ऐसा है जिस पर हम ध्यान दे रहे हैं।''

# देश-विदेश

## अगले दो दिनों में बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को कहा कि अगले दो दिनों के दौरान हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम एजेंसी की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में आगे कहा कि पूर्वी भारत में उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 15 अगस्त तक, बिहार में 16 और 17 अगस्त को पश्चिम बंगाल में गंगा के मैदानी क्षेत्र में, 15 से 17 अगस्त के दौरान ओडिशा व झारखंड और 14 से 16 अगस्त के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम छिटपुट से लेकर काफी व्यापक वर्षा होने की संभावना है।

## डॉक्टर्स अगर नहीं लिखेंगे जेनेरिक दवाईयां तो लाइसेंस होगा सस्पेंड

### एनएमसी का आदेश

### स्पष्ट अक्षरों में लिखना होगा दवा का परचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने देश के डॉक्टर्स के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए नियमों के मुताबिक अब देश के सभी डॉक्टर्स के लिए जेनेरिक दवाइयां प्रेस्क्रिप्शन में लिखना अनिवार्य होगा।

अगर कोई भी डॉक्टर ऐसा नहीं करता है तो उसके प्रैक्टिस लाइसेंस को भी अस्थायी तौर पर सस्पेंड कर दिया जा सकता है। लाइसेंस सस्पेंड करने के अलावा कई अन्य दंड का भी प्रावधान किया गया है।

नेशनल मेडिकल कमीशन के नए नियमों के अनुसार अब सभी डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं लिखनी होगी। अगर कोई डॉक्टर ऐसा नहीं करता है तो उसे दंडित भी किया जा सकेगा। एनएमसी ने डॉक्टर्स से यह भी कहा है कि वह ब्रॉडेड जेनेरिक दवाओं को लिखने से भी बचे। 2 अगस्त को एनएमसी ने नियमों का नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि भारत में जेनेरिक दवाएं ब्रॉडेड दवाओं की तुलना में 30 से 80 प्रतिशत तक सस्ती है। भारत में दवाइयों पर आम आदमी के जेब पर बड़ा भार पड़ता है। ऐसे में जेनेरिक दवाएं प्रेस्क्राइब करने पर हेल्थ पर होने वाले खर्च में कमी आएगी। दरअसल, जेनेरिक और ब्रॉडेड दवाओं की गुणवत्ता और असर में कोई अंतर नहीं होती। लेकिन तमाम बड़ी कंपनियां ऊंची कीमत वाली दवाइयों को प्रेस्क्राइब करने के लिए काफी ऑफर चलाती रहती हैं।

**आदेश का उल्लंघन करने पर दंड का प्रावधान**- एनएमसी नियमों के अनुसार, डॉक्टर्स को जेनेरिक दवाएं ही लिखनी होगी। बार-बार आदेश का उल्लंघन करने पर डॉक्टर का प्रैक्टिस करने का लाइसेंस एक विशेष अवधि के लिए सस्पेंड कर दिया जाएगा। साथ ही डॉक्टर्स को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह अगर किसी मरीज का पर्चा बना रहा यानी की प्रेस्क्रिप्शन लिख रहा है तो वह उसे स्पष्ट भाषा में लिखे जो किसी से भी पढ़ा जा सके। नेशनल मेडिकल कमीशन ने आदेश दिया है कि दवाइयों के नाम अंग्रेजी के कैपिटल लेटर्स में लिखा जाना चाहिए। अगर हैंडराइटिंग सही नहीं है तो पर्ची को टाइप कराकर मरीज को प्रेस्क्रिप्शन दिया जाए। एनएमसी ने एक टेम्पलेट भी जारी किया है। इस टेम्पलेट का उपयोग नुस्खा लिखने के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा।

नेशनल मेडिकल कमीशन यानी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने आदेश में कहा कि अस्पतालों और डॉक्टर्स को मरीजों को जन औषधि केंद्रों और अन्य जेनेरिक फार्मेसी दुकानों से दवाएं खरीदने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

मेडिकल छात्रों और जनता को उनके ब्रांडेड समकक्षों के साथ जेनेरिक दवा की समानता के बारे में शिक्षित करना चाहिए। जेनेरिक दवाओं के प्रचार को बढ़ावा देनी चाहिए।

## द्वितीय विश्व युद्ध का बम मिलने से हड़कंप, सुरक्षित जगह भेज किया डिफ्यूज

**पोलिश।** यूरोपीय देश पोलैंड में बहुत बड़ा खतरा टला है। जी हां, यहां कभी भी बड़ा धमाका हो सकता था। दरअसल, पोलैंड के ल्यूबेल्स्की शहर में द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने से हड़कंप मच गया है।

यह 250 किलोग्राम वजनी है, जो किसी कारण हमले में फट नहीं पाया था। हालांकि अभी सब सुरक्षित हैं क्योंकि



इसके मिलने के बाद पोलिश शहर ल्यूबेल्स्की से हजारों लोगों को निकाला गया। बम स्थल के दायरे में रहने वाले 14,000 से अधिक लोगों को तुरंत खाली करने का आदेश दिया गया।

निर्माण साइट पर मिले इस बम का वजन 250 किलो है। इसके बाद बम निरोधक दस्ते ने बम को हटाकर इसे डिफ्यूज कर दिया। खतरा टलने के बाद लोगों को फिर से घर जाने की इजाजत मिल गई। पोलैंड में इससे पहले भी कई बार दूसरे विश्व युद्ध के समय के बम मिल चुके हैं। कुछ दिन पहले ही जर्मनी के डसलडॉर्फ शहर में 500 किलोग्राम का बम बरामद हुआ था। बम मिलने के बाद 13 हजार लोगों को अस्थायी रूप से स्कूलों में शिफ्ट किया गया था।

**यहां पहले भी मिल चुके हैं ऐसे बम**- इससे पहले पिछले महीने भी एक स्कूल के रेनोवेशन के वक्त तोपखाने के कुछ गोले मिले थे। वहीं पिछले साल पोलैंड की राजधानी वॉरसॉ में 500 किलो का बम मिला था, जिसके बाद 30 हजार लोगों को अस्थायी रूप से घर छोड़ना पड़ा था।

## जमीन के बाद अब समुद्री सुरक्षा भी होगी पुख्ता...

### तटीय सुरक्षा देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण - शाह

**कच्छ।** राजस्थान का जैसलमेर हो, या अरुणाचल प्रदेश या फिर गुजरात का कच्छ इलाका हमारे देश की सीमा पर चाहे जैसी भी परिस्थितियां हों, गृह मंत्रालय की हमेशा यही रणनीति रही है कि सरहदों पर सुरक्षा हमेश मजबूत रहे। इसी कड़ी में गृह मंत्रालय ने गुजरात के कच्छ में समुद्री सुरक्षा मजबूत करने का अचूक प्लान बनाया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने कच्छ जिले में संवेदनशील सर क्रीक और हरामी नाला का दौरा किया और यहां 257 करोड़ रुपये की लागत वाले 'मूरिंग प्लेस' (लंगरगाह) की नींव रखी। यह मूरिंग प्लेस 400 से अधिक जलीय वाहन और पाकिस्तान के साथ तटीय सीमा के पास सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा संचालित चौकियों की फ्लोटिंग बीओपी (बॉर्डर ऑउट पोस्ट्स) की सर्विस और रखरखाव में मदद करेगा।

**मूरिंग प्लेस की क्या-क्या खासियत**- कोटेश्वर में 60 एकड़ में फैले मूरिंग प्लेस के भूमि पूजन के बाद अमित शाह ने कहा, 'एक बार यह तैयार हो जाने के बाद, बीएसएफ की समुद्री टुकड़ी द्वारा उपयोग की जाने वाली नौकाओं को सीमा क्षेत्र में आसानी से बनाए रखा जा सकता है। आपके पास 400 से अधिक पानी के जहाज हैं और यह सुविधा उन्हें अच्छी



स्थिति में रखने में मदद करेगी।' इस लंगरगाह में प्रशासनिक भवन, ऑफिसर्स मेस, कैंटीन, परेड ग्राउंड, प्रशिक्षण केंद्र और सर क्रीक में बीएसएफ द्वारा संचालित वॉटरक्राफ्ट और फ्लोटिंग बीओपी के लिए एक वर्कशॉप शामिल होगी। प्रत्येक फ्लोटिंग बीओपी लगभग 30 कर्मियों और कई निगरानी उपकरण ले जा सकती है। गृह मंत्री ने यहां सर क्रीक एरिया का दौरा किया। इस दौरान इस पेट्रोलिंग के दौरान जवानों से भी बात हुई, जिसमें उन्होंने बताया कि 'अक्सर मछुआरे पाकिस्तान की तरफ से भारत में दाखिल होते हैं, उनपर हमेशा हमारी नजर रहती है।'

**तटीय सुरक्षा देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण**- अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ को उन क्षेत्रों में सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है, जहां तापमान शून्य से 43 डिग्री नीचे से 43 डिग्री सेल्सियस तक रहता है और वे सुंदरबन (पूर्व में) और हरामी नाला से सटे क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के विभाजन के बाद, बीएसएफ को पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगी देश की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई थी।उन्होंने कहा, 'तटीय सुरक्षा देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। गुजरात के तट पर कई महत्वपूर्ण संस्थान, परमाणु स्टेशन, मिसाइल प्रक्षेपण क्षेत्र, अनुसंधान केंद्र, उद्योग और बंदरगाह स्थित हैं। उनकी 365 दिन चौबीसों घंटे सुरक्षा करना महत्वपूर्ण है।'

## मोदी-जिनपिंग की मुलाकात से पहले एलएसी पर तनाव कम करने की कोशिश तेज

### आज होगी 19वें दौर की वार्ता

**नई दिल्ली।** चीन के साथ 14 अगस्त (सोमवार) को उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता के अगले चरण में पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले शेष स्थानों से सैनिकों को शीघ्र पीछे हटाने पर भारत जोर देने वाला है।

कोर कमांडर स्तर की 19वें दौर की वार्ता, क्षेत्र में तनाव घटाने के लिए हुई सैन्य स्तर की पिछली वार्ता के करीब चार महीने बाद हो रही है। सूत्रों ने बताया कि वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल टकराव वाले शेष स्थानों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने की मांग करने जा रहा है। पूर्वी लद्दाख में टकराव वाले कुछ खास स्थानों पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच तीन साल से अधिक समय से गतिरोध कायम है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक एवं सैन्य वार्ताओं के बाद कई इलाकों से सैनिकों को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सैन्य वार्ता के 18वें चरण में भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव बनाया था। यह वार्ता 23 अप्रैल को हुई थी।

**पीएम मोदी- जिनपिंग की होगी मुलाकात**- दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग आमने-सामने होंगे। ऐसे में दोनों नेताओं की इस मुलाकात से एक हफ्ते पहले भारत और चीन सीमा विवाद सुधारने की निरंतर कोशिशें तेज हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, अगले दौर की वार्ता सीमा पर भारत की ओर स्थित चुशुल-मोल्दो सीमा बैठक स्थल पर होने वाली है। वार्ता में लेह मुख्यालय वाली 14वीं कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली के भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने की संभावना है। वहीं,चीनी टीम का नेतृत्व दक्षिण शिंजियांग सैन्य जिले के कमांडर द्वारा किए जाने की उम्मीद है। पिछले महीने, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने पिछले साल त-20 के बाली शिखर सम्मेलन में एक रात्रिभोज के दौरान द्विपक्षीय संबंध स्थिर करने की जरूरत को रेखांकित किया था।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने पांच देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) के समूह ब्रिक्स की जोहानिसबर्ग में 24 जुलाई को हुई एक बैठक से इतर शीर्ष चीनी राजनयिक वांग यी से मुलाकात की थी।

बैठक पर अपने बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा था कि डोभाल ने यह अवगत कराया कि 2020 से भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति से सामरिक विश्वास का क्षरण हुआ है तथा संबंध कमजोर हुए हैं।

## ठाणे के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में 24 घंटे के अंदर 18 लोगों की मौत से आक्रोश

**नई दिल्ली।** ठाणे के कलवा में सरकार द्वारा संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज मेमोरियल अस्पताल में भर्ती 24 घंटे के अंदर 18 मरीजों की मौत हो गई। यह घटना 10 अगस्त को एक दिन के अंदर पांच मरीजों की मौत के बाद सार्वजनिक और राजनीतिक आक्रोश के रूप में सामने आई है।

प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चला है कि मरने वाले अधिकांश मरीज़ आईसीयू में भर्ती थे, अधिकारियों ने कहा कि वे मौतों के कारणों का विश्लेषण कर रहे हैं। ऐसा पता चला है कि कई मरीज़ बुजुर्ग हैं और उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

ज्ञात हो कि यह अस्पताल शहर का एकमात्र तृतीय स्तर का अस्पताल है और इसमें विशेष रूप से उपनगरों और यहां तक कि पड़ोसी जिलों से रोगियों की भारी भीड़ देखी जाती है।

सिविल अस्पताल के नवीनीकरण के कारण अस्थायी स्थानांतरण के कारण भी कई मरीजों को स्थानांतरित किया गया है, जिससे यहां भार बढ़ गया है। पूर्व महापौर और शिवसेना के नेता नरेश म्हस्के ने कहा कि उन्होंने मौतों के कारणों की जांच के लिए निगम से संपर्क किया है।

## भरोसे के सम्मेलन में बोले खड़गे

## कांग्रेस की सरकारों ने देश को आगे बढ़ाया

### जवाहर लाल नेहरू व सरदार पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया



### 467 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

**रायपुर, ( देशबन्धु )।** कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस की सरकारों ने देश को आगे बढ़ाने का काम किया। जांजगीर-चांपा जिले में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में खड़गे ने कहा, आजादी के बाद से हमने एम्स बनाया, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी खोली। बड़े बड़े कारखाने, टेक्सटाइल यूनिट बनाए, औद्योगिकरण को बढ़ावा दिया। देश को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा, पंडित जवाहर लाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पब्लिक सेक्टर को मजबूती देने का काम किया। किंतु आज स्थिति बदल रही है।

खड़गे ने आगे कहा, भांगड़ा नागल, हीराकुंड बांध से लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र हमारी सरकार ने बनाया है। छत्तीसगढ़ में भिलाई स्टील प्लांट की नीव हमारी सरकार ने रखी।

हमारी सरकार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम लाकर गरीब एवं आम जनता को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराया। पिछले 70 सालों में हमने जो शिक्षा की बुनियाद रखी उसी बुनियाद पर चलकर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने। छत्तीसगढ़ सरकार के भरोसे के सम्मलेन का जिक्र करते हुए खड़गे ने कहा, यह भरोसे का सम्मेलन इसलिए हो रहा है क्योंकि आपके मुख्यमंत्री और उनके नेतृत्व की सरकार ने आपसे जो वादा किया था उसे पूरा किया।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व की सरकार ने जो आपको भरोसा दिया उसे पूरा करके दिखाया। छत्तीसगढ़ सरकार निडर होकर गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लोगों का उत्थान करने के संकल्प को पूरा करने का कार्य कर रही है। इस दौरान मल्लिकार्जुन खड़गे ने 467 करोड़ की राशि के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

**42 लाख परिवारों को बिजली बिल हॉफ**

उन्हांने आगे कहा कि राज्य में गोबर खरीदा जा रहा है, 42 लाख परिवारों को बिजली बिल हाफ योजना का लाभ दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को आज एक नई पहचान मिली है। रामायण महोत्सव, राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव, युवा महोत्सव जैसे आयोजन कर रहे हैं। राज्य में खेती किसानी की तरफ लोग लौट रहे हैं। 12 लाख से बढ़कर अब 26 लाख किसान प्रदेश में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से जुड़े हैं। धान के साथ अन्य फसलों को भी योजना के दायरे में लाया गया है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, कोठी रोड, सिविल लाईन, सतना

PHONE No.07676-299470 E-mail:-dpepiusatna2@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-23/2023/ केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पीडब्ल्यूडी/2015 रीवा, दिनांक- 07.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी ) (रू.मे.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWPIU_297752_1 | शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझगवां जिला सतना में सी.एम. राईज स्कूल भवन का निर्माण कार्य सह जलप्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 2863.67 | 1431835.00 | 50000 | 18 माह | हां |
| 2 | 2023_PWPIU_297755_1 | शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर बाघेलान जिला सतना में सी.एम. राईज स्कूल भवन का निर्माण कार्य सह जलप्रदाय, सेनेटरी फिटिंग एवं विद्युतीकरण (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 2734.35 | 1367175.00 | 50000 | 18 माह | हां |
| 3 | 2023_PWPIU_297756_1 | कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग सतना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु सुपरविजन एवं क्वालिटी कंट्रोल कंसलटेंन्सी सेवाओं हेतु निविदा (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 134.09 | 134090.00 | 12500 | 24 माह | हां |
| 4 | 2023_PWPIU_297760_1 | कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग सतना के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु जोनल निविदा (प्रथम आमंत्रण) | सतना | 99.88 | 99880.00 | 10000 | 12 माह | हां |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/ कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 10.08.2023 समय 10.00 से दिनांक 25/08/2023 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेवसाईट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग सतना (म.प्र.)

G-18250/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)

website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in phone no. 07662-255200, Fax: 255380

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 12/ सा. / 2023-24 रीवा दिनांक 09.08.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा फार्म रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB_298068_1 | सतना | उपसंभाग मैहर अंतर्गत मां शारदा देवी जी रोपवे गेट से घंटाघर मैहर मार्ग लं. 4.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 2095.28 | 1047643/- | 50000/- |
| 2 | 2023_PWDRB_298070_1 | सतना | उपसंभाग सतना अंतर्गत सतना मैहर बायपास फोरलेन मार्ग (मैहर नागौद लिंक मार्ग तक) लं. 8.50 कि.मी का निर्माण एवं उन्नयन कार्य। | प्रथम | 24 माह वर्षाकाल सहित | 4919.29 | 2459645/- | 50000/- |
| 3 | 2023_PWDRB_298076_1 | शहडोल | उपसंभाग ब्यौहारी अन्तर्गत सपटा मेन रोड से जमुनि हिनौता पहुंच मार्ग लं. 3.40 कि.मी. एवं तेन्दुआ से सकन्दी मार्ग लं. 3.50 कि.मी. कुल लं. 6.90 कि.मी. का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 06 माह वर्षाकाल सहित | 527.47 | 527470/- | 20000/- |
| | | | | | | Total :- | 7542.04 | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डॉक्यूमेन्ट ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 17.08.2023 से अंतिम तिथि 04.09.2023 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-18279/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। मुख्य अभियंता, लो.नि.वि. रीवा परिक्षेत्र रीवा



**In The Court of XVI Additional District And Session Judge, District Court, Jabalpur**
presiding Officer:
अरूण प्रताप सिंह
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A /0000816/2022)
राजीव लोचन पाण्डेय......... वादी
Vs
राजेन्द्र ठाकुर (मृत)............प्रतिवादी
Process Id- /2023
पेशी दिनांक:-04/09/2023

प्रेषिती-
(1) मेवालाल पिता स्व. रतनलाल पता-पटेल नगर महाराजपुर जिला जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी राजीव लोचन पाण्डेय ने आपके विरूद्ध सिविल सूट ए दावा वास्ते घोषणा हेतु कीमती 10000000 रूपये दावा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु कीमत रूपए 2000 रूपए एवं दावा वास्ते कृषि भूमि के कब्जा वापसी हेतु लगान 20 गुना 400 रूपए कुल मूल्यांकन 10002400 रूपए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 03 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
**टिप्पणी**- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ दावा वास्ते घोषणा हेतु कीमती 10000000 रू. दावा वास्ते स्थायी निषेधाज्ञा हेतु कीमत रूपए 2000 रूपए एवं दावा वास्ते कृषि भूमि के कब्जा वापसी हेतु लगान 20 गुना 400 रूपए कुल मूल्यांकन 10002400 रूपए की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

( अरूण प्रताप सिंह )
जिला न्यायाधीश सोलहवें
र.नं. 948 जबलपुर ( म.प्र. )



## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनी भसीन पिता स्व. सुभाष भसीन के द्वारा मकान नं. 1645 एव 1646, पुराना नं. 871 एवं 872 जो कि वर्तमान में गिर चुका है ब्लॉक नं. 04, प्लाट नं. 22/28, रकवा 1199 वर्गफुट एवं प्लाट नं. 22/4/1 रकवा 882 वर्गफुट कुल रकवा 2081 वर्गफुट सिविल स्टेशन, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, तहसील व जिला जबलपुर स्थित संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध विक्रेता श्री सलीम अहमद खान पिता स्व. मुजतबा खान से क्रय करने का अनुबंध कर लिया है तथा श्री विनी भसीन के पक्ष में विक्रय पत्र का पंजीयन/निष्पादन होना शेष है। अतः जिस किसी भी वित्तीय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था या कोई व्यक्ति जो उक्त संपत्ति पर अपना दखल रखता हो या किसी भी तरह की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अन्दर निम्न पते पर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेजो सहित पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करें अन्यथा समय सीमा उपरांत श्री विनी भसीन द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा तथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति श्री विनी भसीन पर बंधनकारी/मान्य नहीं होगी।

महेन्द सपकाल, एडवोकेट
म.प्र. हाईकोर्ट, जबलपुर
31 भीम नगर ग्वारीघाट रोड
जबलपुर म.प्र.
मो.नं.- 9300405041, 9300037931


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**देश में खाली...** पारदर्शी और समबद्ध तरीके से पूरी हो। संसदीय समिति ने इस विषय पर सरकार के उत्तर को अस्वीकार करते हुए कहा, शिक्षा मंत्रालय को भर्ती प्रक्रिया तेज करने के लिए राज्यों के साथ बातचीत करनी चाहिए और नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न चरणों वाली समयबद्ध कार्य योजना तैयार करनी चाहिए।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह सिफारिश की थी कि स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परिकल्पित 30:1 छात्र-शिक्षक अनुपात के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों की रिक्तियों को समयबद्ध तरीके से भरने के उद्देश्य से भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के वास्ते राज्यों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

समिति ने यह भी कहा था कि कई राज्यों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है और यह बहुत लंबी है, इसलिए राज्य स्तर पर एक स्वायत्त भर्ती बोर्ड का गठन किया जाना चाहिए। वहीं, आठ अगस्त को संसद में पेश की गई रिपोर्ट में संसदीय समिति ने कहा कि उसका विचार है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को राज्य सरकारों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

**50 प्रतिशत....** प्रदेश की जनता 50 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार को सत्ता से हटाएगी। शनिवार को इंदौर के पुलिस आयुक्त के आधिकारिक ट्विटर खाते पर जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि भाजपा के विधि प्रकोष्ठ की स्थानीय इकाई के संयोजक नीमेष पाठक ने शिकायत की है कि ज्ञानेंद्र अवस्थी नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर कथित रूप से फर्जी पत्र वायरल किया है, जिसमें ठेकेदारों से 50 प्रतिशत कमीशन मांगे जाने की बात लिखी गई है।

# देश-प्रदेश

उवाच

**भारत-पाक के बीच ईमानदारी से बातचीत हो**



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं सांसद डॉ.फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान को सभी मुद्दों पर समाधान के लिए बातचीत शुरू करने में ईमानदारी का परिचय देना होगा। डॉ.अब्दुल्ला ने यहां यहां संवाददाताओं से भारत और पाकिस्तान के लिए सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि जब तक दोनों देश ईमानदारी नहीं दिखाते, तब तक जम्मू-कश्मीर में सीमा पर्यटन सब दिखावा है। आप देख रहे हैं कि वहां आतंकवाद है। गोलियां चलायी जा रही हैं तथा सैनिक और आम लोग अभी भी मारे जा रहे हैं।

## रेकी कर घरों में चोरी करने वाली गैंग के शातिर चोर पकड़े गये, वारदातों में महिला भी शामिल

### खमरिया समेत तिलवारा क्षेत्र में कई घरों के ताले तोड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के तिलवारा, खमरिया क्षेत्र के घरों में चोरी की वारदातें कर उत्पात मचाने वाली महिला व उसके दो साथियों को पुलिस ने आखिरकार पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों से करीब 5 लाख रुपए के जेवर बरामद किए हैं। पुलिस की इस कामयाबी हासिल करने के बाद घटना को साझा करने के लिये पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधीक्षक ने एक प्रेसवार्ता आयोजित की और तिलवारा व खमरिया क्षेत्र में चोरी का खुलासा किया। पत्रकारों से एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि पिछले दिनों खमरिया क्षेत्र के सोनपुर घाना, तिघरा स्थित घरों के ताले तोड़कर चोरी की वारदातें की गई। इसके अलावा तिलवारा क्षेत्र के दो घरों में भी चोरी की गई। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरु कर दी। इस दौरान महिला व दो शातिर बदमाशों का इन क्षेत्रों में घूमने की जानकारी मिली। जिसपर पुलिस ने तीनों को सरगर्मी से तलाश करते हुए हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की वारदातें करना स्वीकार लिया। पुलिस ने आरोपियों से सात चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए करीब पांच लाख रुपए के सोने व चांदी के जेवर बरामद किए है।

**खमरिया क्षेत्र में चोरी की वारदातें-**

पीएनबी ग्रीन सिटी सोनपुर रोड घाना खमरिया में मुन्नीबाई के घर का उस वक्त ताला तोड़कर चोरी की गई, जब वे अपने मायके सतना गई थी। जहां से सोने की 4 अंगूठी, 4 जोड़ी कान के टॉप्स, एक जोड़ी



कंगन, 1 चैन, 6 मोती, चांदी की 4 जोड़ी पायल, 8 जोड़ी बिछिया चोरी किए गए थे।

अनमोल रेसीडेंसी तिघरा- प्रभात कुमार राव 24 दिसम्बर 2022 को बच्चे की तबियत खराब होने के कारण पत्नी के साथ अस्पताल गए थे। इस दौरान घर का ताला तोड़कर चोरों ने ज्वेलरी बैग में रखे सोने चांदी के जेवर तथा 42 हजार चोरी कर लिए।

**गुरुनानक कॉलोनी घाना-**

घाना की गुरूनानक कॉलोनी निवासी दिनेश कुमार के घर से 50 हजार रुपए नगद, सोने की चैन, अंगूठी चोरी की गई। चोरी की वारात 12 अक्टूबर 2022 की देर रात हुई जब दिनेश कुमार नाइट ड्यूटी पर गए थे।

**काशी ग्रीन कॉलोनी पिपरिया-**

पिपरिया में ओएफके कर्मचारी नरेन्द्र मीणा के घर 19 सितम्बर 2022 को आलमारी के लॉकर से रखे सोने चांदी के जेवर, टाईटन कम्पनी की लेडिज घड़ी, 35 हजार रुपए नगद चोरी किए गए।

**ग्राम रिठौरी खमरिया में घटना-**

ग्राम रिठौरी निवासी रोशनी रजक के घर उस वक्त चोरी की वारदात की गई, जब वे घर से कुछ दूर जलगांव में डॉक्टर बल्लू के क्लिनिक गई थी। चोरों ने घर में रखी आलमारी से सोने का पांचाली, 3 लॉकेट, चांदी का एक करधन, 1 जोड़ी पायल, 3 कंगन, 1 खुसना व एक डोरा चोरी किया गया।

**अवनि बिहार कॉलोनी तिलवारा-**

इफ्का कंपनी में पदस्थ मैनेजर मुनी कुमार पटेल 27 मार्च 2023 को ट्रेनिंग के लिए मुम्बई गया। इस बीच पत्नी भी अपने मायके रीवा कॉलोनी रामपुर चली गई। घर का ताला तोड़कर चोरों ने आलमारी से सोने का एक हार, झुमकी, पेण्डल, बेल चूड़ी 4, मंगलसूत्र सात पत्ती वाला, चांदी की करधन, पाजेब चोरी कर लिए।

इसी तरह सतेन्द्र कुमार झारिया 9 दिसम्बर 2021 को ताला लगाकर निकले। इस दौरान ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोरों ने अलमारी मे रखे नगद 5 हजार रुपए नगद, सोने के कंगन, झुमकी, अंगूठी व

#### पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी

-अशोक उर्फ कटोरा पिता छोटेलाल चौधरी उम्र 45 वर्ष निवासी कुदवारी अमखेरा गोहलपुर।

-अशोक उर्फ कबाड़ी पिता सम्पतलाल चौधरी उम्र 52 वर्ष डॉ. बुधराजा क्लीनिक के पास झण्डा चौक घमापुर।

-माला पति सोनू उर्फ नागिन चौधरी उम्र 35 वर्ष हाउसिंग बोर्ड अधारताल स्थायी पता सिंधी कैंप बडी मदार टेकरी हनुमानताल ।

#### बरामद किए गए जेवर-

पुलिस ने आरोपियों से 6 तोला सोना, एक किलो चांदी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने खमरिया में पांच व तिलवारा में 2 चोरी की वारदातें की है। इसमें शातिर नकबजन अशोक कटोरा के खिलाफ खिलाफ शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चोरी के 50 मामले दर्ज हैं। आरोपी ने खमरिया, रांझी, गोरखपुर, माढ़ोताल, तिलवारा, गोराबाजार, संजीवनी नगर व हनुमानताल क्षेत्र में पूर्व में भी चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

## संत रविदास के सम्मान में संस्थाओं का किया जा रहा नामकरण

**सागर/भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री ने कहा कि बनारस में जहां संत रविदास की जन्म स्थली के सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया है, वहीं मध्यप्रदेश में भी इस दिशा में अच्छा कार्य हो रहा है।

भोपाल में ग्लोबल स्किल पार्क गोविंदपुरा का नामकरण संत रविदास जी के नाम पर किया गया है। सागर में संत रविदास जी के जीवन और शिक्षा को प्रदर्शित करने वाले संग्रहालय का निर्माण भी इस श्रंखला में महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश में रानी कमलापति के नाम पर रेलवे स्टेशन और टंट्या मामा के नाम पर पातालपानी रेल्वे स्टेशन का नामकरण किया गया। इसी तरह बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंच तीर्थों का विकास हो रहा है। संत रविदास सहित बलिदानियों और महात्माओं की शिक्षाएं इन स्थानों के माध्यम से समाज को एकजुट रखेंगी। सरकार ने ऐसे महापुरूषों के सम्मान का पूरा ध्यान रखा है।

**सागर के लाखा बंजारे का विशेष उल्लेख**-प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सागर की विशाल झील के निर्माता लाखा बंजारे के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस शहर की पहचान लाखा बंजारे द्वारा 400 एकड़ इलाके में निर्मित लाखा बंजारा झील से है। लाखा बंजारे ने पानी की अहमियत को समझा और झील का निर्माण करवाया। सरकार ने लाखा बंजारे की परम्परा को निभाते हुए आजादी के अमृत काल में हर जिले में 75 अमृत सरोवरों का निर्माण करवाकर उन्हें सामाजिक समरसता का केंद्र बनाया है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से घरों तक पाइप लाइन से पानी पहुंचाया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि आज सागर शहर समरसता का सागर बन गया है।

## मंदिरों में चोरी करने वाले 6 आरोपी पुलिस ने दबोचे



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने एक ऐसे चोर गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस अब चोर गिरोह के सदस्यों से शहर में हुई चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि बेलबाग के कदम तलैया, भानतलैया, गोराबाजार व घमापुर क्षेत्र स्थित मंदिर लोगों की आस्था का केन्द्र है। एक के बाद एक इन तीनों मंदिरों में चोरों ने ताले तोड़कर दान पेटियों से नगदी चोरी कर आरोपी भाग गए। पुलिस ने मामले में जांच करते हुए 6 युवकों को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ की तो सभी ने चोरी की वारदातें करना स्वीकार लिया। पुलिस ने बताया कि चोरों ने कदम तलैया शिव मंदिर, भानतलैया स्थित हनुमान मंदिर, घमापुर के शीतलामाई मंदिर व गोराबाजार स्थित हनुमान मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर नगदी रूपये चोरों ने पार कर दिये थे। पुलिस ने वारदातों का खुलासा करते हुए माल बरामद कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों में राकेश पिता रामविशाल बर्मन उम्र 25 वर्ष निवासी जीसीएफ स्टेट घमापुर, शेखर पिता संजय लोधी उम्र 19 वर्ष नारायण चौक घमापुर, राज पिता कमल बिरहा उम्र 19 वर्ष एपी कॉलोनी सिविल लाईन, विकास पिता श्याम श्रीवास उम्र 21 वर्ष जीसीएफ स्टेट घमापुर, करण पिता शक्ति बर्मन उम्र 19 वर्ष नवयुग कॉलेज के पास सिविल लाईन, शंकर पिता भूषण राजपूत उम्र 22 वर्ष निवासी सतपुला घमापुर को गिरफ्तार कर लिया है।

## पुलिस अधीक्षक ने किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक तुषारकांत विद्यार्थी ने शनिवार को पुलिस कंट्रोल रुम में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों का सम्मान किया। इस मौके पर एएसपी प्रियंका शुक्ला समर वर्मा, कमल मौर्य, प्रदीप कुमार शेंडे तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन उपस्थित थे।

एसपी टीके विद्यार्थी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल व भारत सरकार गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के तहत स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके परिवारजनों के लिये सम्मान समारोह आयोजित किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है।

जिसके परिपालन में शनिवार शाम 5 बजे पुलिस कन्ट्रोलरूम में स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ आजादी का अमृत महोत्सव के





अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय कल्लूलाल सेन की धर्मपत्नि श्रीमति गिरजा बाई सेन निवासी दक्षिण मिलौनीगंज, स्वर्गीय सम्भाजी सेलुकर की धर्मपत्नि श्रीमति पुष्पा बाई निवासी रामनगर रामपुर, स्वर्गीय रतनलाल सोनी की धर्मपत्नि श्रीमति रामकली सोनी निवासी उपरैनगंज तथा स्वर्गीय श्रीराम यादव के पुत्र अनिल यादव निवासी बापू नगर रांझी को श्रीफल-फूल माला भेंट कर सम्मानित किया गया।

## शराब तस्करी करते तीन धराये, देशी एवं कच्ची शराब

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस ने ग्वारीघाट, मदन महल व ओमती थाना क्षेत्र में तीन शराब तस्करों को दबोचा है। जिसने ऑटो व एक्सिस वाहन तथा देशी व कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में ग्वारीघाट थाना प्रभारी नेहरू खण्डाते ने बताया कि शनिवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भटौली निवासी एक अधेड़ अपने घर के आंगन में 15 लीटर वाले 4 डिब्बों अधिक मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये लाकर रखा है। पुलिस ने तत्काल उसके घर में दबिश दी व उसे पकड़ा लिया। पूछताछ में अधेड़ ने अपना नाम हिम्मत बर्मन उम 62 वर्ष निवासी ग्राम भटौली बताया। जो चार डिब्बों में 60 लीटर कच्ची शराब रखे मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुये कच्ची शराब जप्त कर उसके खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

**ऑटो में शराब तस्करी करने वाल पकड़ा गया**-इसी प्रकार ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि शास्त्रीब्रिज तरफ से एक ऑटो क्रमांक एमपी 20 आर ए 0891 में एक युवक भारी मात्रा में देशी शराब लोड कर जबलपुर अस्पताल रोड तरफ जा रहा था। जिसे न्यू इंडिया इंशोरेंस कम्पनी के सामने भवंरताल गार्डन में वाहन चैकिंग के दौरान शास्त्रीब्रिज रोड पर रोका गया। पूछताछ में ऑटो चालक ने अपना नाम सदानिभी साहू उम्र 34 वर्ष निवासी हनुमान मंदिर के पास राजीवनगर चेरीताल थाना कोतवाली बताया। जिसकी तलाशी ली गई तो वह ऑटो में यात्रिओं के बैठने वाले स्थान पर प्लास्टिक की 3 बोरियों में 290 पाव देशी शराब रखे मिला। आरोपी से पूछताछ करने पर उक्त शराब पैसे कमाने के लिये एक अंजान व्यक्ति ने कहा कि आगा चौक पर एक फटी हुयी पीले रंग की शर्ट पहने एक लड़का तीन बोरियां लिये खड़ा होगा तुम्हें वह तीन बोरियां ले जाकर माण्डवा बस्ती रामपुर रोड पर एक नारंगी शर्ट पहने लड़का खड़ा होगा को तीनों बोरियां देनी है, इसलिये वह आगा चौक से माण्डवा बस्ती रामपुर की तरफ गलियों से होते हुये जा रहा था। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक के कब्जे से उक्त शराब व ऑटो जप्त कर लिया है।

**चूहे की गाड़ी में शराब मिली**- इसी तारतम्य में मदनमहल थाना प्रभारी ओ.पी. तिवारी ने बताया कि एक युवक काले रंग की बिना नम्बर की एक्सिस में बोरी रखकर अवैध रूप से शराब लेकर लिंक रोड तरफसे बस स्टेण्ड तरफ जाने वाला है। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। वाजपेयी के बाड़ा में गेट नम्बर 4 के तरफ से काले रंग की एक्सिस आते दिखी।

जिसे रोककर पुलिस ने चालक से पूछताछ की। जिसने अपना नाम मोनू उर्फ चूहा अंसारी उम्र 23 वर्ष निवासी नसीमाबाद चारखम्बा हनुमानताल बताया। जिसकी एक्सिस में रखी बोरी को चैक करने पर 300 पाव देशी शराब होना पायी गयी। पुलिस ने शराब लोड एक्सिस जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## एड. निशिकांत चौधरी विश्व शिक्षा सम्मेलन में सम्मानित

**जबलपुर,देशबन्धु।** राजस्थान प्रदेश के जयपुर नगर में 10,11,12 अगस्त को आयोजित तीन दिवसीय विश्व शिक्षा सम्मेलन के उदघाटन सत्र में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी, राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फाउण्डेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी को सम्मेलन मार्गदर्शक एवं विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय बौद्धिक प्रमुख स्वातरंजन, राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति एवं उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी, स्वच्छता अभियान भारत के राष्ट्रीय ब्रांड एम्बेसडर तथा यूनाइटेड नेशन के सलाहकार प्रो. डी शर्मा प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ नेहा शर्मा, निदेशक आरोग्य यूके



प्रो. डॉ मदम थंगवेलू वैज्ञानिक केम्ब्रिज विश्वविद्यालय, डॉ गोविंद शरण नेपाल, डॉ रमेश पाटनी, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी डॉ कैलाश माहेश्वरी सऊदी इलेक्ट्रानिक विश्वविद्यालय सऊदी अरेबिया, डॉ वेंकट जोशी आयुर्वेद एकेडमी यूके डॉ माधव तुरमेला, लंदन डॉ केवल नाइक मॉरिशस आदि राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय विभूतियों की विशेष उपस्थिति में शाल श्रीफल सम्मानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## जेडीए में भ्रष्टाचार के खिलाफ ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर,देशबन्धु।** विगत डेढ़ माह से दलाली एवं भ्रष्टाचार के विरूद्ध शहर जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री मनोज नामदेव, के नेतृत्व में एवं कांग्रेसजनों की उपस्थिति में श्रीमतीप्रभा सिंह ठाकुर, महेश मिश्रा, शिव कुमार सोनी, विष्णु विनोदिया, राजेश गौतम, प्रवेन्द्र चौहान, चमन पासी, कृष्ण चंद्र शर्मा, पीयुष सोन, शिशांत सिंह ठाकुर, राजीव तिवारी, असलम मंसूरी, प्रिंस सलूजा, सुनीत निगम, मनोजनोतनानी, नरेशसोनकर, लखन चौबे, विश्वनाथ सोनी, पूनमचंद्र सोनकर, कृष्णा गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों की उपस्थित में कांग्रेस जनों ने जो मुहिम छेड़ी उसके तहत 11 अगस्त को जबलपुर विकास प्राधिकरण में नाए पदस्थ सीईओ दीपक वैद्य जी को बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने हाथों मेंतिरंगा झंडा, लेकर ज्ञापन सौंपा।

## पैसों के विवाद पर हत्या करने वाले दो को आजीवन कारावास

### एससीएसटी की विशेष अदालत ने तीन-तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला के इंद्रा पिपरिया ग्राम में पैसों के विवाद पर एक युवक की हत्या करने वाले दो लोगों को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एससीएसटी के विशेष न्यायधीश गिरीश दीक्षित की अदालत ने हत्यारे संदीप बाजपेयी व विनोद बेन पर तीन-तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया कि गया कि मृतक भरतलाल भूमिया के भतीजे संतोष का आरोपी विनोद बेन से पैसो का विवाद था। जिस पर विनोद अपने साथी संदीप के साथ मिलकर भरतलाल के पास पहुंचा। दोनों विनोद को ग्राम इंद्रा पिपरिया के सूनसान क्षेत्र में ले गये। जहां पर सिर में पत्थर पटक कर विनोद की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपियों ने मृतक की मोटर साइकिल ले जाकर जंगल में फेंक दी। बरेला पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुश्री नविता पिल्ले ने पक्ष रखा।





### रेलवे कर्मी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या करने वाले को उम्रकैद

#### अदालत ने आरोपी पर तीन हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला अदालत ने ऑन ड्यूटी रेलवे कर्मी की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या व दूसरे कर्मी पर जानलेवा हमला करने वाले दोषी करार दिया है। एडीजे राजेश कुमार तिवारी की अदालत ने आरोपी नमन चौधरी को उम्रकैद की सजा से दंडित किया है। अदालत ने नमन पर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 23 अगस्त 2020 को खिरहनी रेलवे ट्रैक पर निरंजन राम व विनोद यादव पेट्रोलिंग ड्यूटी कर रहे थे। शाम 7.30 बजे दोनों जमतरा स्टेशन पहुंचे और कुर्सी पर बैठकर मोबाईल पर टिकिट देखने लगे। उसी दौरान आरोपी नमन चौधरी हाथ में कुल्हाड़ी लेकर आया और सामने वाली बेंच में बैठ गया। जब निरंजन और विनोद मोबाईल पर व्यस्त थे तो उसी समय नमन ने विनोद की गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। निरंजन ने बीच बचाव किया तो उस पर भ्ज्ञी कुल्हाड़ी से हमला किया। उक्त मामले में विनोद यादव की मौत हो गई। बरेला पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमलता दहल व सुश्री रानी जैन ने पैरवी की।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

#### पाक्सो की अदालत ने दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना क्षेत्र में एक नाबालिग को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर शरीरिक शोषण करने वाले आरोपी अभिषेक महोबिया को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो की विशेष अदालत ने अभिषेक महोबिया को 20 साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता ने 7 अप्रैल 2022 को बरेला थाने में आरोपी अभिषेक के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें बताया गया था कि आरोपी से उसकी जान पहचान थी। अभिषेक महोबिया ने उसे शादी का झांसा देते हुए शरीरिक संबंध बनाये। इतना ही नहीं पहले अभिषेक शादी के लिये तैयार था। जिस पर वह अभिषेक के साथ उसके घर पर चार माह तक रहीं, जहां पर अभिषेक उसके साथ गलत काम करता रहा। उसके बाद शादी से इंकार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने दुराचार व पाक्सो सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई पश्चात् अदालत ने अभिषेक महोबिया को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी स्मृतिलता बरकड़े ने पक्ष रखा।

### फर्जी डिग्री व पंजीयन का मामला कोर्ट पहुंचा

#### वेतन वसूली, पंजीयन निरस्तगी की चाही गई राहत

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट में जनहित याचिका व अधीनस्थ न्यायालय में परिवाद के जरिए फर्जी डिग्री व पंजीयन के आधार पर आयुष चिकित्सक नियुक्ति मामले में डा. शुभम अवस्थी के विरुद्ध कार्रवाई की राहत चाही गई है। हाईकोर्ट में जनहित याचिका विनय जी डेविड व प्रशांत वैश्य की ओर से दायर की गई है।

जिसमें वेतन वसूली व पंजीयन निरस्तगी की मांग की गई है। मामले में आरोप है कि डॉ. शुभम अवस्थी ने कोविड-19 के काल में विक्टोरिया अस्पताल में नियुक्ति पाने के लिए आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री प्रस्तुत की थी।

यही नहीं मध्य प्रदेश आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति व प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड भोपाल में आफ लाइन पंजीयन मोड़ से पंजीयन क्रमांक 56970 प्राप्त किया। जबकि जांच किए जाने पर यह तथ्य सामने आया कि यह पंजीयन क्रमांक वास्तव में डॉ. इरम जहां मंसूरी का नाम रजिस्टर में दर्ज है। इस तरह साफ है कि फर्जीवाड़ा करके नियुक्ति हासिल की गई है। मामले की सुनवाई 14 अगस्त को निर्धारित है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता परितोष गुप्ता व अंशुल तिवारी पैरवी कर रहे हैं। वहीं शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बारी द्वारा जेएमएफसी कोर्ट में आपराधिक परिवाद दायर किया गया है। जिसमें अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने की राहत चाही गई है।

## शिवसेना ने भाजपा नेता चिकित्सा प्रकोष्ठ महानगर की फर्जी डिग्री का लेकर ज्ञापन सौंपा

**जबलपुर,देशबन्धु।** शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे प्रतिनिधि मंडल द्वारा एक ज्ञापन संभागीय कमिश्नर के नाम उपायुक्त दिव्या अवस्थी को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि कोविड 19 केकाल में विक्टोरिया अस्पताल में आयुष चिकित्सा की नियुक्ति पाने के लिए भाजपा चिक्सिा प्रकोष्ठ जबलपुर के महानगर सह संयोजक शुभम अवस्थी ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से आयुर्वेद स्नातक की कूटरचित डिग्री बनाकर पेश की थी उस डिग्री में अवस्थी ने यह झूठ भी छलपूर्वक अंकित किया था कि उसने शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय जबलपुर से पढ़कर यह डिग्री प्राप्त की थी। जिसको लेकर पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों को भी ज्ञापन दिए जा चुके हैं परंतु कोई कार्यवाही नहीं की गई यदि शीघ्र कार्यवाही कर इन्हें बर्खास्त कर कानूनी कार्यवाही नही की जाती है तो शिवसेना आंदोलन के लिए बाध्य होगी इस दौरान शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बारी, जिला उपाध्यक्ष गजानंद गुप्ता, भवानी शंकर सतनामी, सुधीर ताम्रकार, मुकेश सराठे, सेलू पटेल विकास सराठे, राकेश कटिया आदि शिवसैनिक उपस्थित थे।

जबलपुर, सोमवार 14 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## संसद पर मोदी का एकाधिकार

हाल की अनेक सियासी घटनाओं ने इस खतरे के साफ संकेत दे दिये हैं कि देश की संसद पर सत्ता का लगभग एकाधिकार हो गया है। बहुमत के बल पर संविधान में सरकार बनाने के तो प्रावधान पर हैं लेकिन उसके शब्दों व भावना में कभी भी सर्वोच्च विधायिका पर सत्तारुढ़ दल का एकाधिकार संविधान निर्माताओं व देश के राजनैतिक पुरखों ने सोचा तक नहीं था। दुखद तो यह है कि ऐसा देश की आजादी के हीरक जयंती वर्ष के तत्काल बाद किया गया जिसे 'अमृतकाल' कहकर खूब प्रचारित और महिमामंडित किया गया। यह भी सर्वाधिक त्रासदीपूर्ण है कि ऐसा देश के मुखिया यानी प्रधानमंत्री के हाथों हो रहा है जिसका कर्तव्य संसद की उपयोगिता और प्रासंगिकता को बनाये रखना है। वैसे तो मोदी अपने पहले कार्यकाल के प्रारम्भ (2014) से ही सिर्फ संसद ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण व्यवस्था पर एकछत्र राज करने के उपाय करते आये हैं, लेकिन 2019 में विशाल बहुमत पाने के बाद वे पूर्णत: अनियंत्रित हो गये हैं। मंगलवार को पड़ रहे 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उनके कामों की समीक्षा करना इसलिये बेहद प्रासंगिक व आवश्यक बन पड़ता है।

यूं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकतंत्र विरोधी कामों की लम्बी फेहरिस्त है और उन पर हमेशा से चर्चा होती भी रही है पर इसी शुक्रवार को समाप्त हुए संसद के मानसून सत्र के दौरान उनके द्वारा अपनाया गया व्यवहार सिर्फ असंसदीय ही नहीं था बल्कि अलोकतांत्रिक भी रहा। पिछले कुछ समय से उनके कामों की देश-विदेश में हो रही आलोचनाओं और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों की होती लामबन्दी से बौखलाये मोदी के तेवर प्रतिपक्ष के प्रति अत्यंत अपमानजनक और गरिमाहीन होते जा रहे हैं। संसद से चुन-चुनकर मुखर विपक्षी सदस्यों को निकाल बाहर करना, सवालों के जवाबों से कन्नी काटना, व्यवस्था में मनचाहा बदलाव आदि हाल के ऐसे मामले हैं जो देशवासियों की नागरिक आजादी के लिये बड़े खतरे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ़ देश भर में आवाज़ उठनी आवश्यक है।

जिस मणिपुर की हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न पर पूरा देश हिल उठा है, उसे लेकर मोदी और उनकी सरकार ने जैसा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार दिखाया है, वह अपने आप में बेहद शर्मनाक है। पहले तो संसद में इस पर चर्चा कराने के लिये सरकार तैयार ही नहीं थी। बड़ी मुश्किल से इस पर अविश्वास प्रस्ताव के तहत तीन दिवसीय चर्चा हुई तो मोदी स्वस्थ संसदीय परम्परा को धता बताकर पूरी बहस के दौरान आये ही नहीं। वे वैसे भी संसद में कम ही आते हैं। आये भी उन्होंने ऐसे जवाब नहीं दिये जिनमें विपक्ष के सवालों के तथ्यपरक स्पष्टीकरण हों। उत्तर की बजाय अपने सहयोगियों से नारेबाजी कराई तथा विपक्ष को कोसते रहे। अधिक आपत्तिजनक यह है कि मणिपुर की चर्चा से भागने वाले मोदी मध्यप्रदेश की एक सभा में कहते फिर रहे थे कि सत्ता दल गम्भीर चर्चा करना चाहता था परन्तु विपक्ष भाग (बॉयकॉट) गया। सवाल यह है कि अगर सत्ता दल चर्चा करना ही चाहता था तो उसे किसने रोका था? मोदी तो सदन के बाहर पहले भी चर्चा कर सकते थे। मोदी ने स्वयं क्यों नहीं सवा दो घंटे का उपयोग ठोस जवाब के लिये किया। जो बिंदुवार प्रश्न कांग्रेस के गौरव गोगोई ने रखे थे वे उनका सिलसिलेवार जवाब देते। मोदी ने केवल दो-ढाई मिनट इस विषय को दिये और भावनात्मक बातें ही कीं। उन्होंने कहा कि 'मणिपुर में शांति का सूर्य निकलेगा', पर यह नहीं बताया कि वह कैसे निकलेगा तथा उसमें सरकार की भूमिका क्या रहेगी। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि अमित शाह और मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह की दंगों को रोकने में क्या भूमिका रही।

मोदी दरअसल संसद पर ही नहीं वरन एक तरह से समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली पर ही अपना एकाधिकार कायम कर रहे हैं। बगैर चर्चा के थोक में कानून बदले जा रहे हैं। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये बनने वाली समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को बाहर कर दिया गया है। अब प्रधानमंत्री तथा विपक्ष के नेता के अलावा उनके द्वारा नामांकित एक कैबिनेट मंत्री कमेटी के सदस्य होंगे। अपने एकाधिकार के बारे में मोदी कितने आश्वस्त हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मध्यप्रदेश के एक मंदिर का शिलान्यास करते वक्त उन्होंने कह दिया है कि 'इसका लोकार्पण भी मैं ही करूंगा।' क्या मोदी जी को बतौर तीसरी बार पीएम का चेहरा उनकी पार्टी ने मान लिया है? क्या वे इस कदर शक्तिशाली हो गये हैं कि खुद के बारे में भी सब कुछ तय कर रहे हैं? ये भी सवाल हैं।

मणिपुर के अलावा नूंह (मेवात) में हुई हिंसा और जयपुर-मुंबई ट्रेन का वह हादसा जिसमें एक व्यक्ति द्वारा खास सम्प्रदाय के तीन लोगों की हत्या करना यह बतलाता है कि उनका विधायिका पर ही नहीं, कार्यपालिका पर भी ऐसा मजबूत नियंत्रण है कि प्रशासन सरकार को बचाने के लिये या तो मौन है अथवा तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने, अपारदर्शिता और गैर जिम्मेदारी का प्रदर्शन कर रहा है। संसद में कही जाने योग्य बातों को सदन के बाहर और बाहर कही जाने वाली बातों को सदन के भीतर कहते-बोलते मोदी ने संसद को अपनी सुविधा और मूड का मंच बना लिया है। हाल के मामलों में उनके जवाब अपरिपक्वता की निशानी तो हैं ही, वे पद की गरिमा भी गिरा चुके हैं। उनकी नज़रों में संसद का अर्थ सिर्फ शक्तियां पाना और राज करना है।

## नेहरू ने बिना शिकायत शून्य से भारत को शिखर तक पहुंचाया

देश का सबसे बड़ा दिन 15 अगस्त। हर साल कई तरह से याद किया जाता है। नास्टेलजिया (पुरानी अच्छी यादें) होता है। स्कूल के वह दिन सुबह बहुत जल्दी मुंह अंधेरे निकलकर प्रभात फेरी। पूरे गांव, कस्बे या स्कूल के आसपास, शहर का गांधी, नेहरू, सुभाषचन्द्र बोस, भगतसिंह के जिन्दाबाद नारे लगाते हुए, देशभक्ति के गीत गाते हुए चक्कर और फिर बच्चों का सबसे पसंदीदा प्रोग्राम बूंदी के लड्डू मिलना।

वह दिन भी खत्म हुए। मगर अभी भी उत्साह पैदा कर देते हैं। तैयारियां केवल बच्चों की नहीं होती थीं, मां-बाप भी खुश होकर इंतजाम करते थे। सबसे मुश्किल काम होता था। सफेद टेनिस शू (कैनवास) की पालिश करके उसे सुखाना। गीली चॉक या वह सफेद रंग की टिकिया पालिश से जूते गीले हो जाते थे। और अगस्त का महीना बरसात का जूते सूखने का नाम नहीं लेते थे। और कभी किसी साल उस दिन से पहले नए सफेद कैनवास शू मिल जाते थे तो कहना ही क्या! लगता था सबसे अलग आप ही हैं।

मगर यह सब भावनात्मक यादें हैं। अच्छी हैं। और बिला नागा हर साल आती हैं। रील सी पूरे दिमाग में घूम जाती है। लेकिन आजादी एक अलग ठोस तत्व है। जिस पर सोचना और बात करना अब लगातार कम होता जा रहा है। 76 साल हो रहे हैं। बहुत बड़ा अरसा। सच है बहुत काम हुआ है। आज की सरकार माने या न माने देश इन 76 सालों में बहुत आगे बढ़ा है। यह प्रगति इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि शून्य से शुरू हुई थी।

अभी भी वे लोग हैं जो 1947 में किशोर हो रहे थे। उन्हें यादें हैं कि कितने कम स्कूल थे। अस्पताल थे। नौकरियां तो बहुत लिमिटेड हुआ करती थीं। मगर नेहरू ने वाकई चमत्कार किया। नकारात्मक बातें करने के बदले जैसा आज की सरकार करती है देश को बनाने में लग गए। कभी नहीं कहा कि अंग्रेजों ने क्या छोड़ा। जैसा आज हर बात में कहा जाता है कि सत्तर सालों में क्या हुआ वैसा कभी नहीं कहा कि पहले क्या हुआ।

सही है अगर वही करते रहते तो उन्हें भी बिना एम्स बनाए झूठ बोलना पड़ता कि दिल्ली में बना दिया। कह दिया कि दरभंगा में बना दिया। लाख बिहार सरकार कहती रहे, दरभंगा की जनता कहती रहे कि नहीं है यहां एम्स, मगर क्या फर्क पड़ता है। कह दिया। और भक्त लोग मान गए। कईयों ने तो आंकड़े भी दे दिए कि इतने लोग इलाज करवा कर ठीक होकर आ भी गए।

नेहरू ने काम किया। आज बातें की जा रही हैं। महाराष्ट्र की कलावती के लिए कह दिया कि राहुल ने कुछ नहीं किया। भक्त मान गए। कांग्रेस कहती रहे। खुद कलावती कहती रहे कि राहुल ने पूरी मदद की। मगर मीडिया लिख चुका कि भाजपा सरकार ने की थी।

पहले पत्रकार फैक्ट फाइंडिंग करते थे। दरभंगा जाकर वहां से लिखते थे कि नहीं है एम्स। कलावती से मिलकर लिखते थे कि उसकी मदद भाजपा सरकार ने नहीं राहुल ने की है। मगर आज जो सरकार कह दे वही सही। नाले के गैस से चाय बनना आविष्कार है। रडार बादलों में काम नहीं करता नया तथ्य है। कबीर, गुरु नानक और गोरखनाथ का समकालीन होना नया इतिहास है। और भारत 1947 में नहीं 2014 में आजाद हुआ नई खोज है। ऐसी बहुत सारी बातें होंगी। खुद को महान साबित करने के लिए ऐसी काल्पनिक बातों की कोई सीमा नहीं है। कभी मनोवैज्ञानिक इस पर लिखेंगे। आज तो किसी की हिम्मत नहीं है।

मगर नेहरू इन चक्करों में नहीं पड़े। उन्होंने देश की प्राथमिकताएं तय कीं और उनमें लग गए। आराम हराम है का नारा नेहरू ने ही दिया था। 16 घंटे काम वे ही करते थे। और झूठ देश को कितना नुकसान पहुंचा सकता है। अंदर से खोखला कर सकता है वे जानते थे इसीलिए अफवाहें देश की सबसे बड़ी दुश्मन हैं का आह्वान किया था।



शकील अख्तर

> आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

नेहरू भी चाहते तो झूठ और अफवाहों के जरिए अपनी सरकार चला सकते थे। आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने का बड़ा आभा मंडल उनके पास था। विपक्ष कहीं था ही नहीं। संघ (जिसकी राजनीतिक शाखा आज भाजपा है) आज जो नेहरू की सबसे ज्यादा आलोचना करता है, उस समय आजादी के आंदोलन में शामिल नहीं होने के कारण जनता में बहिष्कृत था। नेहरू के पास सिर्फ चुनाव का ही नहीं आजादी के आंदोलन से निकला एक बड़ा जन समर्थन था। जैसी चाहे कहानियां बना सकते थे। मगर उन्होंने देश का ठोस निर्माण करने का फैसला किया।

कुछ आंकड़े देखना चाहिए। पूरे तो अगर लिखने लगें तो एक लेख में क्या समाएंगे, पूरी किताब बन जाएंगी। मगर आज 15 अगस्त, 2023 को 76 साल में देश ने कितनी प्रगति की यह समझने के लिए एक आंकड़ा। शिक्षा का। शिक्षा ही है और आधुनिक शिक्षा जो किसी भी देश और समाज को बनाती है। तो आजादी के समय देश में साक्षरता केवल 12 प्रतिशत थी। और महिलाओं की तो केवल 9 प्रतिशत। मतलब 1947 में आजादी के समय 11 में से केवल एक महिला साक्षर थी।

तो आप समझ सकते हैं कि नेहरू ने किस तरह जीरो से शुरूआत की। अगर वे भी बातें बनाते रहते तो देश की साक्षरता दर आज 12 प्रतिशत से 82 प्रतिशत नहीं होती। महिला साक्षरता 9 प्रतिशत से 77 प्रतिशत तक नहीं पहुंचती। सबसे बड़ा काम था लोगों को पढ़ाना लिखाना। स्कूल थे नहीं। बहुत सारे लेखकों ने, अन्य लोगों ने लिखा है कि कैसे वे मीलों दूर पढ़ने जाया करते थे। उस समय पूरे देश में करीब एक लाख ही स्कूल थे। जिनमें से भी अधिकांश शहरों में। गांवों में तो स्कूल थे ही नहीं। नेहरू ने सबसे ज्यादा ध्यान इस पर दिया। स्कूल खोलने से लेकर टीचर ट्रेनिंग तक पर। केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं थी अच्छी शिक्षा भी जरूरी थी। और ऐसे ही उच्च शिक्षा भी।

नेहरू इसका महत्व कितना समझते थे यह इसी से समझ सकते हैं कि विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (यूजीसी) 1949 में ही बना दिया था। आजादी के समय देश में केवल 27 ही विश्वविद्यालय थे। नेहरू, गांधी, सुभाष चन्द्र बोस सबको पढ़ने के लिए विदेश जाना पड़ता था। और आज विदेशों में हर बड़े विश्वविद्यालय में भारतीय पढ़ा रहे हैं। पढ़े-लिखे लोगों के खिलाफ भाजपा इसीलिए है कि दुनिया भारत को इन पढ़े- लिखे लोगों के द्वारा ही जानती है। मनमोहन सिंह की बहुत आलोचना की जाती है।

मगर कैम्ब्रिज में, जिसके बारे में बताने की जरूरत नहीं कि कितनी प्रतिष्ठित अन्तरराष्ट्रीय यूनिवर्सिटी हैं मनमोहन सिंह के नाम पर ही फेलोशिप दी जाती है। इसी तरह किसी भी देश के बनने के लिए दूसरा जो सबसे बड़ा आधार होता है वह है स्वास्थ्य। आज भारत की जीवन दर 70 वर्ष है। मतलब हर व्यक्ति औसतन 70 साल तक जीता है। मगर आजादी के समय यह क्या थी? केवल 32 साल। इसे बढ़ाने के लिए देश में स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा विकसित किया गया। बहुत विस्तृत बात है। मगर संक्षेप में उस समय केवल 28 मेडिकल कालेज थे और आज करीब 612। तभी असली एम्स नेहरू ने 1961 में ही बना दिया था।

भारत ने बड़ी प्रगति की है। 76 साल में क्या हुआ या 2014 से पहले भारत में जन्म लेना शर्म की बात थी कहना आसान है मगर देश को बनाने का जो बीड़ा नेहरू ने उठाया था उसमें बाद के भी सभी प्रधानमंत्रियों ने अपनी-अपनी समझ के हिसाब से हाथ बंटाया। कम ज्यादा, सकारात्मक, नकारात्मक फैसला इतिहास करेगा।

इतिहास भक्तों के हिसाब से, गोदी मीडिया के हिसाब से व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी के हिसाब से नहीं लिखा जाएगा। वह तो ऐसा ही होता है जो तथ्य और सत्य पर आधारित होता है जिसमें से अभी यह बहुत थोड़ा सा हिस्सा निकालकर हमने आपको बताया।

## महाराजा का दरबार नहीं, 140 करोड़ लोगों की आवाज है संसद

संसद वह सर्वोच्च संस्था है जो देश के 140 करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व करती है। इसका काम ये सुनिश्चित करना है कि देश संविधान के मुताबिक चले। देश और जनता के हित को सुरक्षित रखने के लिए संसद संविधान बदलने से लेकर हर तरह के फैसले ले सकती है। मौजूदा संसद सत्र खत्म होने के साथ यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि क्या हमारी संसद ने देश की ज्वलंत समस्याओं को हल करने की पहल की? इसका जवाब बहुत निराशाजनक है।

चार महीने से जल रहे मणिपुर का मंजर, भयावह है। प्रधानमंत्री समेत केंद्र सरकार ने इसमें अब तक कोई हस्तक्षेप नहीं किया है। हत्या, बलात्कार, आगजनी और सामुदायिक विभाजन ने मणिपुर को लगभग चीरकर रख दिया है। संसद में विपक्ष ने प्रधानमंत्री से सदन में मणिपुर पर बयान की मांग की लेकिन इस मांग को ठुकरा दिया गया। मजबूरन विपक्ष को अविश्वास प्रस्ताव पेश करना पड़ा। प्रधानमंत्री को संसद में बयान देने आना पड़ा, लेकिन मणिपुर के लोगों को उन्होंने निराश किया। दो घंटे के भाषण में उन्होंने सबसे अंत में मणिपुर का जिक्र किया, जिसमें भी ठोस कुछ नहीं था। इस सारी कार्रवाई से मणिपुर की जनता को क्या मिला?



संदीप सिंह

> आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया।

संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो मणिपुर की समस्या दो दिन में हल हो सकती है। संसद चाहे तो विभिन्न राज्यों में फैले सांप्रदायिक तनाव को तुरंत रोका जा सकता था। प्रधानमंत्री चाह लें तो दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार तुरंत रोका जा सकता है। संसद चाह ले और प्रधानमंत्री चाह लें तो महंगाई कम हो सकती है। प्रधानमंत्री चाह लें तो बेरोजगारी दूर हो सकती थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

मणिपुर तीन महीने तक जलता रहा। राज्य की भाजपा सरकार इसे रोकने में नाकाम रही। केंद्र सरकार मौन। हिंसा और बर्बादी के बीच प्रधानमंत्री की चुप्पी से उकताकर मणिपुर की सभी पार्टियों के नेता प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली आए थे। प्रधानमंत्री ने उन्हें मिलने का वक्त नहीं दिया और विदेश यात्रा पर चले गए। जब प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये संसद में आकर बोलने के लिए मजबूर किया गया तब भी वे दायें-बायें की बातें करते रहे, हंसी-मजाक-तंज करते रहे, इतिहास बांचते रहे और झूठ बोलते रहे।

क्या देश के 140 करोड़ लोग संसद से इतनी भी उम्मीद नहीं रख सकते कि जिस समय वे कोई अभूतपूर्व संकट झेल रहे हों तो संसद उसमें सकारात्मक हस्तक्षेप करे? भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि संसद किसी महाराजा का दरबार नहीं है। यह 140 करोड़ लोगों की प्रतिनिधि संस्था है जिसके पास सर्वोच्च शक्ति है और जनकल्याण के लिए फैसला लेने की ताकत है। लेकिन भाजपा सरकार ने संसद में मौजूद इस 140 करोड़ लोगों की सारी शक्ति को एक व्यक्ति के चरणों में डाल दिया है। 'जो तुमको हो पसन्द हो वही बात कहेंगे' अब संसद का तराना है। अन्यथा विपक्षी सांसदों को आवाज उठाने के जुर्म में निष्कासित कर दिया जाता है। मौजूदा सत्र के दौरान विपक्ष के कई सांसदों को अनुचित ढंग से निष्कासित कर दिया गया।

आज संसद में खुलेआम सत्तापक्ष और विपक्ष में भेदभाव किया जाता है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने 37 मिनट का भाषण दिया लेकिन संसद टीवी के कैमरे ने उन्हें सिर्फ 14 मिनट 37 सेकेंड दिखाया, बाकी टाइम कैमरा लोकसभा अध्यक्ष को दिखाता रहा। इसके उलट, नरेंद्र मोदी या अमित शाह के भाषण के दौरान संसद टीवी ने ऐसा नहीं किया। विपक्षी नेता लगातार इस तरह के भेदभाव की शिकायतें लोकसभा अध्यक्ष से करते रहे हैं लेकिन यह बंद नहीं हो रहा है।

फरवरी में जब राहुल गांधी ने संसद में अडाणी और मोदी सरकार की साठगांठ से चल रहे भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया तो उनके खिलाफ एक बंद पड़े केस को खोल दिया गया और मात्र दो सुनवाई में दो साल की सजा दे दी गई। इस सजा के बाद लोकसभा की भूमिका बेहद चौंकाने वाली रही। सजा सुनाने के 24 घंटे के अंदर ही लोकसभा सचिवालय ने इसे आधार बनाकर राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द कर दी, जबकि खुद कोर्ट ने राहुल गांधी को अपील करने के लिए 30 दिन का वक्त दिया था। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुच्छेद-103 के अनुसार, किसी संसद सदस्य की सदस्यता पर सवाल उठने की स्थिति में यह मामला राष्ट्रपति को भेजा जाता है। राष्ट्रपति चुनाव आयोग की राय लेकर फैसला करते हैं। राहुल गांधी के मामले में लोकसभा सचिवालय ने ऐसा फैसला लिया जिसका उसे अधिकार ही नहीं है। भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ।

ओम बिरला से पहले भाजपा सरकार ने सुमित्रा महाजन को लोकसभा अध्यक्ष बनाया था जो कि नरेंद्र मोदी के भाषण पर मेज थपथपाने लगती थीं। मंत्रियों के फंसने पर अपनी ओर से राय देने लगती थीं। वे इतना खुलकर पक्षपात करती थीं कि मीडिया में खबरें छपीं कि लोकसभा अध्यक्ष के रूप में सुमित्रा महाजन का व्यवहार भाजपा कार्यकर्ता की तरह है।

जीवी मावलंकर देश की पहली लोकसभा के अध्यक्ष थे। एक बार प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बोलने के लिए खड़े हुए तो जीवी मावलंकर ने उन्हें टोक दिया क्योंकि यह नियम के विरुद्ध था। उनके टोकने पर नेहरू ने शालीनता से सिर झुकाया और बिना बोले ही बैठ गए। एक और घटना है जब पंडित नेहरू लोकसभा में एक अध्यादेश लाना चाहते थे। इस पर मावलंकर ने कहा, 'यह काम करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। सरकार को अपवाद की स्थिति में ही अध्यादेश का सहारा लेना चाहिए। यह तभी किया जाना चाहिए, जब ऐसा करना बहुत जरूरी हो।' पंडित नेहरू ने हमेशा लोकसभा अध्यक्ष के आदेश का सम्मान किया। इसका मतलब यह था कि संसद प्रधानमंत्री से बड़ी है। लेकिन आज लोकसभा अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता और एक व्यक्ति के गुणगान के लिए काम करते दिखते हैं।

पंडित नेहरू कहते थे, 'अध्यक्ष सदन की गरिमा तथा उसकी स्वतंत्रता का प्रतिनिधित्व करता है और चूंकि सदन राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए अध्यक्ष एक प्रकार से राष्ट्र की स्वतंत्रता और स्वाधीनता का प्रतीक होता है।' आज हमारे लोकसभा अध्यक्ष और सत्ता में बैठी भाजपा मिलकर विपक्ष के साथ भेदभाव करके उस गौरवशाली संसदीय परंपरा को अपमानित करते हैं जिसकी शुरुआत पंडित नेहरू, सरदार पटेल, डॉ अंबेडकर और जीवी मावलंकर जैसे महापुरुषों ने की थी।

(लेखक कांग्रेस से हैं और जेएनयू छात्र संघ के अध्यक्ष रहे चुके हैं।)

## गुरवाणी विचार

### जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह

इह जगि मीत न देखियो कोई
सगल जगत अपनै सुखि लागिए।
दुख में संग न होई (रहाओ)
दारा मीत पूत संबंधी सगरे धन सिउ लागे।।
जब ही निरधन देखिये नर कउ संग छाडि सभ भागे।
कहौ कहाधिआ मन बउरे कउ इनसिउ नेहु लगइस।
दीना नाथ सकल मैं भजन जस ताको बिसराइए।
सुआन पूछ जिओ भयो न सूधो बहुत जतन मैं कीनो।।
नानक लाज बिरद की राखौ नाम तुहारो लीनो।।

गुरुवाणी की यह पंक्तियां राग सोरठि से ली गई है जो गुरुग्रंथ साहिब के 633 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा नौंवे नानक गुरु तेगबहादुर समझा रहे हैं कि इस संसार में कोई किसी का हितैषी नहीं है। सारा संसार अपने ही सुखों के साधन जुटाने में लगा है। दुख में कोई किसी का साथ नहीं देता। केवल हर इंसान का प्रभु परमात्मा है जो आखिरी सांस तक हमारे साथ है इसलिए गुरुवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि उस प्रभु परमात्मा की सिमरन बंदगी करते रहो क्योंकि वही हमारा सच्चा दोस्त है-

सृजन सेई नालि मैं चलदियां नालि चलनि।
जिथे लेखा मंगिये तिथे खड़े दिसनि।।

हम जिन्हें अपना मित्र समझते हैं जैसे अपनी पत्नी और सगे संबंधी सब मतलब के दोस्त हैं। जब तक पैसा है तभी तक वे सभी दोस्त हैं, निर्धन हो जाने पर कोई भी साथ नहीं देता सब छोड़ छाड़ के भाग जाते हैं। अगर बहुत ही सच्चे साथी होंगे तभी तक साथ देंगे जब तक शरीर है। जब शरीर ने साथ छोड़ा ज्यादा से ज्यादा शमशान भूमि तक साथ देंगे। आगे कोई साथ जाने वाला नहीं है साथ में वही हमारे जाएगा जो हमने प्रभु सिमरन कर संचित किया होगा। वही प्रभु परमात्मा ही सच्चा साथी होगा जो हमें आखिरी दम तक साथ देगा। अपने सच्चे दरबार में भी ले जाकर स्थान देगा। जहां फिर हमें सदा आनंद ही आनंद की प्राप्ति होगी।

इसलिए समझा रहे हैं कि ऐ मेरे भूले हुए मन क्यों सांसारिक विषय विकारों में फंसा हुआ है प्रभु परमात्मा जो तेरा सही मायने में मित्र है जिसने अंत तक तेरा साथ देना है उसी की सिमरन भक्ति में मन लगाने पर हम इस संसार में आकर उस प्रभु परमात्मा को बिसार बैठे हैं। इसलिए दुख पाते रहते हैं। तभी तो गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है-

जो सुख को चाहे सदा शरण राम की लेह।

हमें प्रभु सिमरन भक्ति करते रहना है और सच्चा धन एकत्र करना है जो हमेशा हमारे साथ जाएगा। धन दौलत तो हमारे साथ जाने वाला नहीं है। यह सब हमारे लिए ऐशोआराम का साधन इकत्र कर सकती है पर अंत समय में हमारे किसी भी काम में आने वाला नहीं है भले ही इसे संचित करने में हर प्रकार के उपाय करते रहते हैं। जब कुछ धन संचित हो जाता है तब और चाहिए और चाहिए इस तरह कितना भी हमारे पास धन हो जाए तृष्णा कभी खत्म नहीं होती।

विपत्ति आ जाए तो धन हमारी कोई मदद नहीं कर पाता। सिकंदर ने पूरे विश्व पर विजय प्राप्त कर ली पर अंत समय में उसने कहा जब मेरा जनाजा निकाला जाए तो मेरे दोनों हाथ और दोनों पैर कफन से बाहर रखें ताकि लोगों को पता हो कि विश्व विजेता सिकंदर भी नंगे पांव और खाली हाथ जा रहा है। इसलिए हमें सच्चा धन प्राप्त करने के लिए सिमरन भक्ति करना है जिसे ना कोई चोरी कर सकता है न ही कोई हमसे छीन सकता है-

साचा एह हरि धन अगनी तस करै पाणिये।
जमदूते किसे का गवाइया न जाई।।
हरि धन कउ उचका नेड़ि न आवई
जम जागति डंड न लगाई।।

इसलिए गुरवाणी में हमें बार-बार समझाया गया है- हरि धन सांचीअै भाई जि हलति पलति हरि होइ सखाई।।

गुरदेव फरमा रहे हैं कि जिस तरह कुत्ते की पूंछ को कितने ही जतन कर लिया जाए सीधा नहीं किया जा सकता। इसलिए परमात्मा के सिमरन में जो लापरवाह होते हैं। परमात्मा सिमरन से बेमुख होते हैं वे समझाने पर भी नहीं समझते वे भी सब संसार में आकर खाओ-पीयो और मौज मस्ती में लगे रहते हैं जो अंत समय में उनके काम नहीं आ सकती। तब वे बहुत पछताते हैं।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### वे आ रहे हैं दूध पिलाने, सावधान रहें!

हरिशंकर परसाई जी ने लिखा है -'साल-भर सांप दिखे तो उसे भगाते हैं। मारते हैं। मगर नागपंचमी को सांप की तलाश होती है, दूध पिलाने और पूजा करने के लिए। सांप की तरह ही शिक्षक दिवस पर रिटायर्ड शिक्षक की तलाश होती है, सम्मान करने के लिए।' बहरहाल यह बात आज की राजनीति पर बिल्कुल फिट बैठती है पिछले दिनों साहिब जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बड़े जोशखरोश के साथ कहा कि वे रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को रक्षा सूत्र बांधें यानि उनकी रक्षा का वचन दें। उन्हें इस अवसर पर चढ़ावा बतौर कुछ देना तो ज़रूरी होता है वह दिए बिना रक्षा-बंधन अधूरा होगा।

आप जानते हैं इस इंवेंट को भाजपा ने प्रदेश की 74 विधानसभा सीटों को ध्यान में रखकर यह डिजाइन बनाया है। इनमें 35 सिम अनुसूचित जाति के लिए हैं बाकी 19 सिम सामान्य है लेकिन इस पर दलित वाटर निर्णायक भूमिका में है और जिस गांव बड़तूमा को चुना, वह इन अनुसूचित जातियों के रहवास के बीच में, लगभग पड़ता है। संत रविदास तो संत कबीर के समकालीन व गुरूभाई माने जाते हैं। स्वयं कबीरदास जी ने 'संतन में रविदास' कहकर इन्हें मान्यता दी है। राजस्थान की कृष्णभक्त कवयित्री मीराबाई उनकी शिष्या थीं।

वहीं चित्तौड़ में संत रविदास की छतरी बनी हुई है। बनारस में उनके नाम का एक मंदिर और मठ भी है। काशी में जन्मे और वहीं अपनी देह समाप्त की। अपने दोहों और पदों के माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को दूर कर सामाजिक एकता पर उन्होंने बल दिया और मानवतावादी मूल्यों की नींव रखी- मूर्ति पूजा तीर्थयात्रा जैसे दिखाओ में उनका बिल्कुल विश्वास नहीं था। वह व्यक्ति की आंतरिक भावनाओं और आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। उनका हाथ में निवेदन निभाओ और सहज भक्ति पाठक के हृदय को उद्वेलित करते हैं कबीर की तरह रैदास के बहुत से पद सिखों के पवित्र ग्रंथ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में मौजूद हैं विशेष बात यह कि संत रविदास देशभर में जाने जाते हैं। पंजाब में उन्हें रविदास, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान में रैदास। गुजरात, महाराष्ट्र में रोहिदास। बंगाल में रूईदास के नाम से जाना जाता है। विशेष बात ये कि कुछ क्षेत्रों में उनकी चमार जाति को रैदास नाम से भी जानते हैं। उन्होंने लिखा है - पराधीनता पाप है, जान लेहु रे मीत। रैदास दास पराधीन सौं, कौन करैहै प्रीत॥

तुलसीदास भी यही बात दूसरे अंदाज़ में कहते हैं- पराधीन सपनेहुं सुख नाहीं। अफसोसनाक यह कि कि 15वीं शताब्दी में कही गई इन शिक्षाओं का खासा कोई असर दिखता नहीं। भीमराव अम्बेडकर ने शिक्षा को मंदिर से ज्यादा अहमियत दी। हालात आज तक नहीं बदले। संत रविदास के मंदिर बनाने के पीछे इन्हें भक्ति पथ दिखाकर संतुष्ट करने का जो उपक्रम किया जा रहा है उसे समझना ज़रूरी है। यह दूध पिलाने से कमतर नहीं है।

इसी कड़ी में साहिब जी ने लाखा बंजारा का नाम लिया जिन्होंने सागर में विशाल तालाब का निर्माण किया। वे आज याद आए जब वह तालाब एक छोटे ताल में बदल गया। जो कभी सागर हुआ करता था जिसके कारण शहर का नाम सागर हुआ। यह भी एक विशेष जनजाति को उपकृत करने के इरादे से।

देश ही नहीं प्रदेश में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति आज सरकार की कितनी अधिक उपेक्षा झेल रही है वह किसी से छिपा नहीं है। सीधी का पेशाब कांड माथे पर कलंक है। दलित दूल्हा आज भी घोड़ी नहीं चढ़ सकता। इन सभी अत्याचार मामले में प्रदेश अव्वल है। महिला उत्पीड़न भी कम नहीं। इसलिए तरह-तरह के लोक-लुभावन कार्यक्रम लेकर वे आ रहे हैं। सावधान रहें। चार साल जिसके साथ अनुचित और अमानवीय व्यवहार हो उसकी इस तरह खुशामद करना ठीक वैसा ही है जैसा हरिशंकर परसाई ने बताने की कोशिश की है। यकीन है आदिवासी व्यक्ति की पूजा हो, रैदास की पूजा हो या रक्षा-बंधन के पावन पर्व पर मुस्लिम बहनों को राखी बांधना, लाड़ली बहनों को गिफ्ट देना छलावा है इसे समझें और समझदारी से काम लें।

**सुसंस्कृति परिहार**

# 200 से अधिक दुकानों के अतिक्रमण हटाये गये





## दोबारा अतिक्रमण करने पर लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी

### सुपरमार्केट से लेकर लार्डगंज थाने से कमानिया गेट, मच्छरहाई चौक से होते हुए लार्डगंज मार्केट से तुलाराम चौक तक चला अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में त्यौहारो के पहले मुख्य मार्केट की सड़कों पर जमे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने का काम नगर निगम प्रशासन ने किया है ताकि लोगों को बाजार में परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यवाही में व्यापारियों का सहयोग मिला है। जो अच्छी बात है।

दोपहर को नगर निगम के अतिक्रमण विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। यह कार्रवाई 16 व्यापारी संघों की मांग के बाद की गई। इन व्यापारी संघों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू से मिलकर उन्हें ज्ञापन सोपा था और मांग की थी कि शहर के अंदर यातायात इतना कठिन हो गया है कि ना आम नागरिकों से चलते फिरते बन रहा ना हम व्यापारियों को व्यापार करने में आसानी है। उनकी इस मांग को महापौर जगत बहादुर अन्न ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल ही एक टीम गठित करने को कहा था। इस गठित टीम हुई टीम ने मौके पर जाकर हर एक बिंदु पर विशेष नजर रखी और महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को हर एक पहलू से अवगत कराया। जिसके बाद महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने अतिक्रमण विभाग के अधिकारियों से बात करते हुए तत्काल ही अतिक्रमण हटाने के लिए कहा। महापौर अन्नू ने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देश देते हुए कहा कि रास्ते में जो भी अतिक्रमण आए उसको तत्काल हटाए इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। जिससे व्यापारियों को व्यापार करने में कोई कठिनाई ना हो और आम नागरिकों को भी चलने फिरने में कोई परेशानी ना हो। नगर निगम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए सुपरमार्केट से लेकर लार्डगंज थाने से कमानिया गेट मच्छरहाई चौक से होते हुए लार्डगंज मार्केट से तुलाराम चौक तक सड़क मार्ग के किनारे यातायात में बाधित अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई जिसमें लगभग 200 से अधिक दुकानों के अतिक्रमण हटाये गये और कुछ सामान जप्त किया गया महापौर ने व्यपरियों को हिदायत दी कि दोबारा अतिक्रमण करने पर लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। अब यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही में पुलिस प्रशासन से सीएसपी कोतवाली थाना प्रभारी लाडगंज एवं मदन महल तथा नगर निगम से अतिक्रमण विभाग की समस्त टीम उपस्थित रही।

# हाई कोर्ट आएंगे तीन नए न्यायाधीश, 36 हो जाएगी जजों की संख्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** देश के अलग-अलग हाई कोर्ट से तीन न्यायाधीश स्थानांतरित होकर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट आएंगे। विगत दिवस सुप्रीम कोर्ट कालेजियम ने देश के अलग-अलग हाई कोर्ट से 23 जजों के ट्रांसफर की सिफारिश की है। इनमें से आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के जज दुप्पाला वेंकट रमना, इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस राजेन्द्र कुमार चतुर्थ और पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस राज मोहन सिंह का स्थानांतरण मप्र हाईकोर्ट में करने की अनुशंसा की गई है। शीघ्र ही राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अधिसूचना जारी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मप्र हाई कोर्ट में कुल 53 स्वीकृत पद हैं। वर्तमान में 33 न्यायाधीश कार्यरत हैं, जबकि 20 पद खाली हैं। तीन नए जज आने के बाद कार्यरत जजों की संख्या बढ़कर 36 हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि मप्र हाई कोर्ट में 53 जजों के पद स्वीकृत किए गए थे जो कि प्रदेश की



आबादी बढने् के साथ-साथ अब इनकी संख्या 63 हो गई हैं। अब तक सभी पद नहीं भरे जाने से हाई कोर्ट में भी लंबित प्रकरणों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है। विगत वर्ष तक लगभग चार लाख से अधिक लंबित प्रकरणों की संख्या पहुंच गई थी। इससे लंबित मामलों का निराकरण समय पर नहीं हो पाता है।

## केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते का आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का सोमवार 14 अगस्त को दोपहर 3.30 बजे मण्डला जिले के खिन्हात रिपटा से कार द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री कुलस्ते शाम 4 बजे जबलपुर से वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।




## रोटरी क्लब ऑफ जबालीपुरम को मिला एक्सीलेंट अवार्ड

**जबलपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के भिलाई में रोटरी डिस्ट्रिक्ट अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। 2022-23 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शशांक रस्तोगी जी एवं टीम द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा के रोटरी क्लब ने हिस्सा लिया था।

जिसमें रोटरी क्लब ऑफ जबालीपुरम को एक्सीलेंट अवार्ड दिया गया। साथ ही व्यक्तिगत चार अवार्ड भी जबालीपुरम को मिले। जिसमें सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवार्ड रोटे. अंकुर माहेश्वरी और जबालीपुरम सर्वश्रेष्ठ सचिव का अवार्ड गिरिष खंडेलवाल को मिला। जबालीपुरम को रोटरी क्लब के अवार्ड समारोह में पाँच अवार्ड मिलने पर रोटरी क्लब ऑफ जबालीपुरम के वर्तमान अध्यक्ष रोटे. शोभित वर्मा, उपाध्यक्ष रोटे. मितेश दागा, सचिव अनिमेश दास, कोषाध्यक्ष प्रसून मिश्रा, पास्ट प्रेस्डिेंटस रोटे. उत्तम माहेश्वरी, रोटे. के.के. दुबे, रोटे. प्रियांनकुश जैन, रोटे. वैभव शुक्ला, रोटे. कौशिक सरकार, रोटे. हर्ष रॉय सहित पूरी क्लब के सभी सदस्यों ने बधाई और शुभकामनायें दी है। गौरतलब हो कि रोटरी क्लब ऑफ जबालीपुरम और इससे जुड़ी संगठन सामाजिक सेवा के साथ ही रचनात्मक, खेल कूद और पर्यावरण क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है।

## वीयू- कुलपति ने की कुलाधिपति से सौजन्य भेंट



**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति प्रो सीता प्रसाद तिवारी ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगूभाई पटेल से सौजन्य मुलाकात की, भेंट के दौरान उन्होंने अपनी 1 अगस्त से 7 अगस्त 2023 नोवोसिबिरस्क स्टेट एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय रशिया की यात्रा के दौरान दोनों विश्वविद्यालय के समझौते के उद्देश्य साझा किया।

जिसमें बताया कि दोनों जगह के छात्र तथा वैज्ञानिक विभिन्न जैवप्रौद्योगिकी, मेडिसन सर्जरी आदि में चल रही शोध और उन्नत तकनीक को साझा करेंगे तथा ज्ञान अर्जुन हेतु स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम भी किया जावेगा।

जिसके अंतर्गत पैंतालीस दिन 2-3 स्नातकोत्तर व डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के छात्र तथा इकतालीस दिन के लिए 1-2 शिक्षक , शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति हेतु भेजे जाएंगे। साथ ही दोनों विश्वविद्यालय के छात्र तथा शिक्षक के द्वारा किए गए शोध कार्य को उच्च गुणवत्ता वाले जनरल में प्रकाशित करने हेतु निर्णय लिए गए।

अंग्रेजी भाषा में ऑनलाइन लेक्चर की भी सुविधा दोनों यूनिवर्सिटी में शोध हेतु तथा शिक्षण हेतु दिए जाएंगे। उक्त यात्रा के दौरान कुलपति ने रसिया की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में चल रही विभिन्न गतिविधियों को देखा तथा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र तथा वैज्ञानिकों की शैक्षणिक, शोध आदि के लिए कार्य की संभावनाओं को संज्ञान में लिया।

# सिहोरा में आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सांसद



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व भाजपा द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा कार्यक्रम के अवसर पर सांसद राकेश सिंह सिहोरा विधानसभा की तिरंगा यात्रा में शामिल हुए इस दौरान साँसद श्री सिंह ने सिहोरा विधानसभा की 23 ग्राम पंचायतों का दौरा कर लगभग 50 लाख के विकास कार्यो की घोषणा की।

सांसद ने जबलपुर संसदीय क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र दौरा कार्यक्रम के तहत सिहोरा विधानसभा के रजगंवा, बुधारी, मड़ाबंजर, गिदुरहा, सिंघुली, बुडरा, सैलबरा, छअँगवा, खिरहनी कला, देवरी लमतरा, कुमही सतधारा, कचनारी, खबरा, ढकरवाह, कुशयारी, देवरी नवीन, मकुरा, बुधुआ, भाटादौन अमगंवा, केवलारी, मढ़ा परसवारा, परड़िया कला का दौरा किया और पंचायत में सीसी रोड, रंगमंच निर्माण हेतु साँसद निधि से लगभग 50 लाख के कार्यो की घोषणा की।

इस अवसर पर सिहोरा विधायक नंदनी मरावी, ग्रामीण जिलाध्यक्ष रानू तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े, राजेश दाहिया, राजकुमार पटेल, राजा मोर, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, पुष्पराज बघेल, अनुपम सराफ, मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, अंकित तिवारी, संजीव पाठक, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, अनिल चौधरी, दीना पटेल, राजेन्द्र पटेल, श्याम जी तिवारी, रूपम दुबे, नरेंद्र गर्ग, धनजंय परोहा, राजेन्द्र गर्ग, शरद यादव आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वहीं राकेश सिंह सोमवार 14 अगस्त को प्रातः 10: 30 बजे पनागर विधानसभा के खजरी ग्राम से दौरा प्रारम्भ करेंगे।



## स्वाधीनता दिवस पर निकलेगी ओंकार तिरंगा यात्रा आज

**जबलपुर, देशबन्धु** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पर ओंकार महाराज की गद्दी, छोटे फुहारा से एक विशाल तिरंगा यात्रा क्षेत्रीय युवाओं द्वारा निकाली जाएगी। इसी परिपेक्ष में एक बैठक का आयोजन आलोक ओंकार तिवारी के नेतृत्व में महाराज की गद्दी में हुआ, जिसमें निर्णय लिया गया कि विशाल वाहन तिरंगा यात्रा का आयोजन महाराज की गद्दी से सुबह 11: 00 बजे मुख्य मार्ग छोटा फुहारा, अंधेर देव, तुलाराम चौक से होते हुए नोदरब्रिज, नगर निगम चौक, मालवीय चौक, शहीद स्मारक रानीताल से मेहता पेट्रोल पंप, एमआर 4, दीनदयाल चौक होते हुए दमोह नाका में संपन्न होगी। बैठक में अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी, एडवोकेट आशीष त्रिवेदी, एडवोकेट शुभम मिश्रा, लालू ताम्रकार, मयूर ताम्रकार, आस्तिक तिवारी, आयुष तिवारी, राहुल गोयल, हर्ष तिवारी, अभिषेक पांडे, हर्षित तिवारी, महेश खमरिया, जीडी बैरागी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## संपूर्ण पमरे में चल रहा हर घर तिरंगा रेलकर्मियों में भारी उत्साह

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत की स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ भारत के स्वर्णिम इतिहास का जश्न एवं राष्ट्रीय त्योहार को मनाने के लिए, आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी श्रृंखला में 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है।

रेल परिसरों में सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। साथ ही रेलगाड़ियों के इंजनों पर, बुकिंग कार्यालयों, आरक्षण कार्यालयों, प्लेटफार्म, तथा अन्य रेल परिसर में स्टीकर लगाए जा रहे हैं। हर घर तिरंगा अभियान के तहत 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक पश्चिम मध्य रेलवे में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने घरों / कार्यालय परिसर, डिपो , वर्कशॉप आदि जगहों पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा।

## आबकारी विभाग ने निकाली तिरंगा यात्रा




**जबलपुर, देशबन्धु।** आजादी के अमृत महोत्सव में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा आबकारी कंट्रोलरूम से रैली निकाल कर रसल चौक तक निकाली। शहर के आम नागरिकों को 5000 तिरंगा झंडो का वितरण किया गया तथा सभी को 76 वां स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान कंट्रोलरूम प्रभारी जी.एल.मरावी , सहायक जिला आबकारी अधिकारी भारती गौड़ , आबकारी उपनिरीक्षक रवींद्र जैन, रविशंकर मरावी, आशीष जैन, स्वेता सिंह तिवारी , आबकारी मुख्यआरक्षक , आरक्षक , एव होमगार्ड के जवान उपस्थित रहे।

## रक्त वीरों को तिरंगा और प्रमाण पत्र भेंट किया सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** थैलेसीमिया के मरीजों को जीवन के लिए हर समय रक्त की आवश्यकता होती है। जो एक स्वस्थ मनुष्य ही दे सकता है रेडक्रास सोसायटी जबलपुर जीवदया परिवार और पार्षद प्रतिभा भापकर के संयोजन में आजादी के अमृत महोत्सव पर रक्त दान शिविर का आयोजन कान्यकुब्ज सभा भवन परिजात बिल्डिंग सरस्वती कॉलोनी चेरीताल में किया गया। सभी रक्त वीरों को तिरंगा और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। रक्त दान शिविर में श्याम लाल मतानी, श्रीमती प्रतिभा विध्येश भापकर, प्रकाश भाई, विशाल, गोलू , डा अमृता जैन, डा अमित पांडेय, सागर सहित जीव दया परिवार का सहयोग रहा।

## भारतीय सेना को जानिए कार्यक्रम कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय सेना संपूर्ण राष्ट्र के लिए सबसे ऊपर है, या यू कहे कि हमारा गर्व, हमारा स्वाभिमान और हमारी आत्मा पर लिखी इबारत है। भारतीय सेना को हमें नजदीक से जानना आवश्यक है। इसीलिए स्वतंत्रता दिवस के गौरवशाली दिन इस कार्यक्रम को रखा गया है।

पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जबलपुर को खूबसूरत और विकसित जबलपुर का संकल्प लेकर काम कर रही संस्था हमारा जबलपुर एवं नगर निगम जबलपुर द्वारा संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट जनरल एम.के. दास भारतीय के शौर्य उसकी कुशलता और क्षमताओं से परिचित कराने के लिए विभिन्न युद्धों में घटित पराक्रमो की घटनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे। कार्यक्रम में 11 वीर नारियों का सम्मान होगा एवं आर्मी बैंड की प्रस्तुति भी रहेगी। कार्यक्रम सायं काल 6 बजे से मानस भवन में प्रारंभ होगा। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम आजादी के लिए लड़े वीरों का पुण्य स्मरण करेंगे। पत्रकार वार्ता में कैलाश गुप्ता, जगत बहादुर सिंह अन्नू, राजेश धीरावानी उपस्थित थे।

# प्रियंका गांधी और कमलनाथ के खिलाफ एफआईआर को लेकर कांग्रेसियों में उबाल



**जबलपुर, देशबन्धु।**

भाजपा ने प्रदेश में पार्टी नेता प्रियंका गांधी और कमलनाथ , अरूण यादव के खिलाफ 41 जिलों में एफआईआर कराई हे जिसे लेकर कांग्रेसी गुस्से में हैं। सभी ने एक सुर में सत्ता दल पर हमला करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार में पचास प्रतिशता कमीशनबाजी हावी है, जिससे हर वर्ग परेशान हैं। इसी से डर कर इस तरह की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है जिससे कांग्रेस डरने वाले नही हैं।

कांग्रेस नेताओं ने जारी बयान में कहा है कि प्रदेश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार में घोटाला , महाकाल लोक के निर्माण में भी जिस तरह घोटाला किया गया, वह वहां वहां हवा चलने से गिरी सप्त ऋषियों की मूर्तियां अपने आप बयान करती हैं। जरा सी बाढ़ में कारम डैम का बह जाना बताता है कि प्रदेश में ठेकेदारी में कितना कमीशन चल रहा है।

शिवराज जी ने 18 साल के कार्यकाल में उन्होंने घोटाले करने का कीर्तिमान बना दिया है। नदी में घोटाला, पहाड़ में घोटाला, स्कूल में घोटाला, शिक्षा में घोटाला, भोजन में घोटाला, भजन में घोटाला, अस्पताल में घोटाला इलाज में घोटाल, रेमडेसीविर इंजेक्शन में घोटाला, कोरोना की मृत्यु छुपाने में घोटाला, पुलिस भर्ती में घोटाला, पटवारी भर्ती में घोटाला, नर्सिंग कॉलेज में घोटाला, आयुष्यमान योजना में घोटाले, शिवराज सिंह चौहान ने घोटाले की झड़ी लगा दी है। भोपाल के आरटीओ को इसलिए हटाया गया क्योंकि आरटीओ दफ्तर में होने वाले लेनदेन की चिट्ठी एक प्रतिष्ठित अखबार ने प्रकाशित कर दी थी। आखिर प्रदेश में इतने ज्यादा घोटाले क्यों हो रहे हैं।

इस बारे में नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, मनोज सेठ, टीकाराम कोष्टा, कमलेश यादव, जतिन राज आदि ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि प्रदेश में 50 प्रतिशत कमिशन राज की शिवराज सरकार को बेनकाब करने पर भाजपा ने कांग्रेस नेताओं पर पूरे प्रदेश में मुकदमा दर्ज किया है। कांग्रेस चोरी और सीना जोरी की इस कार्यवाही का विरोध और घोर निंदा करती हैं। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता संकल्प लेता है कि कमलनाथ के नेतृत्व में इस कमीशन राज की शिवराज सरकार को उखाड़ फेंकेगा और प्रदेश को कमीशन राज और घोटालों से मुक्ति दिलाएगा।

प्रदेश की सरकार के 50 प्रतिशत के कमीशन राज को उजागर करने वाले पेटी कांट्रेक्टर के प्रति साधुवाद है, जिन्होंने अपनी पीड़ा को मीडिया के माध्यम से प्रेषिता किया है। इसके लिये मीडिया के लोग भी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार के इस मामले को उजागर करने में अपनी सामाजिक जवाबादारी निभाई है। इससे सभी का भला होगा।

कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि आने वाले दिनों में भाजपा की इस तरह की कार्यवाही का हर कांग्रेस जमकर विरोध करेगा और गांधी वादी तरीके से जेल भरो आंदोलन, प्रदर्शन और अन्य तरह के विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है जिसका जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

## 22वीं राष्ट्रीय जूनियर वुशू प्रतियोगिता का हुआ समापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश वूशु संघ की सचिव एवम भारतीय वूशु दल की प्रशिक्षक विश्वद्यमित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता द्वारा दी जानकारी अनुसार पटना बिहार मे भारतीय वूशु संघ के द्वारा 6 से 11 अगस्त तक आयोजित की गई जूनियर राष्टीय वूशु प्रतियोगिता का समापन कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री, जितेंद्र कुमार राय, अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हरा, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण और निदेशक सह सचिव पंकज राय, भारतीय वूशु संघ के सी ई ओ सुहैल अहमद के द्वारा किया गया।



प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगण ने सारिका गुप्ता द्वारा अंतराष्ट्रीय एवम राष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित प्रदर्शित वूशु प्रदर्शन को बहुत सराहा साथ ही वूशु खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने हेतु मुख्य अतिथि द्वारा आश्वस्त किया गया ।

प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष डीजीपी एन के त्रिपाठी, सचिव सारिका गुप्ता, सहसचिव रजनीश सक्सेना , कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीवास्तव , कार्यकरिणी सदस्य माया रजक, शैलेंद्र शर्मा, हेड जज विकास चतुर्वेदी, नेशनल वूशु रेफरी इरफान खान पन्ना, सपना श्रीवास्तव ने सभी खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई दी ।

## भाजपा निकालेगी विभाजन विभीषिका पर मौन जुलूस आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल 14 अगस्त को शाम 6 बजे सिविक सेंटर से गोलबाजार तक विभाजन विभीषिका पर मौन जुलूस निकाला जाएगा।

भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया कि मौन जुलूस सिविक सेंटर से शाम 6 बजे प्रारंभ होकर गोलबाजार में समाप्त होगा। मौन जुलूस में सांसद राकेश सिंह सहित समस्त जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर प्रदर्शनी का अनावरण आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के तहत सोमवार 14 अगस्त को सम्पूर्ण देश में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के तौर पर याद किया जा रहा है।

इस अवसर पर रेलवे स्टेशन पर प्रातः 10.00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में आमन्त्रित स्वतंत्रता सेनानियों के कर कमलों द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की प्रदर्शनी का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति, मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, प्रदीप कुमार, सीनियर डीसीएम विश्व रंजन, सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनसामान्य उपस्थित रहेंगे।

इसके अतिरिक्त जबलपुर मण्डल के जबलपुर सहित कटनी, सतना, रीवा, दमोह, सागर, नरसिंहपुर स्टेशनों पर भी चित्र प्रर्दशनी द्वारा विभाजन की विभीषिका को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से विभाजन के समय लोगों के पलायन को दर्शाया गया है। प्रदर्शित चित्रों के माध्यम से वर्तमान पीढ़ी को विभाजन के दौरान लोगों द्वारा झेली गयीं कठिनाइयों को स्मरण कराने हेतु यह प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से भारत का विभाजन किसी भी विभीषिका से कम नहीं है, से जुड़े यथासंभव प्रकरणों का प्रदर्शन किया गया है। इस संबंध में रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों तथा लोगों से अधिक से अधिक संख्या में इस प्रदर्शनी के अवलोकन करने हेतु उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है ।

## वृंदावन की झटा देखने को मिलेगी संस्कारधानी में




**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज के सानिध्य में श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में आगामी 7 सितम्बर को निकाली जाने वाली 43 वीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा की भव्य तैयारियों के संबंध में श्रीराम मंदिर के पुजारी पं. रामकुशल पांडे जी के सानिध्य एवं यशस्वी अध्यक्ष गुलशन मखीजा जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर की विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों ने शोभायात्रा को भव्य स्वरूप* प्रदान किये जाने हेतु अपने सुझाव एवं विचार रखे ।

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, गुलशन मखीजा,शरद काबरा, एड प्रवेश खेड़ा, गुलशन राय चक्रवर्ती, रामजी अग्रवाल ने नगर की समस्त धार्मिक, सामाजिक,सांस्कृतिक संगठनों से सम्पर्क कर शोभायात्रा में सम्मिलित होने व सहयोग करने पर बल दिया ।

डॉ वाणी आहलूवालिया,लकी भाटिया विष्णु पटेल,एड.के के बस्सी,डॉ. संजय चौधुरी ने जगह जगह पर स्वागत द्वार, स्वागत मंच, वंदनवार ,झंडे आदि से शोभायात्रा मार्ग को सजाने एवं बच्चों को बालकृष्ण की वेशभूषा में सम्मिलित करने की बात कही। अंजू भार्गव, नीता चावला, प्रतिभा भापकर,गीता पांडे ने मातृशक्ति के साथ शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर भागीदारी तथा अधिक से अधिक परिचितों को लाने की बात कही। महासभा के मीडिया प्रभारी विधयेश भापकर,मनोज नारंग, के साथ साथ मनोज शर्मा, विनोद आनंद, नंदन दुबे,राहुल सहगल ने घर घर जाकर निमंत्रण देकर शोभायात्रा में लोगों से सम्मिलित होने का आग्रह करने हेतु अपने सुझाव एवं विचार रखे । पं. रामकुशल पांडे एवं गिरीश द्विवेदी (मुन्ना) महाराज ने कहा कि हम समस्त विप्र वन्धुओं के साथ पारंपरिक परिधान में मंत्रोच्चार करते हुए शोभायात्रा की अगुवाई करेगें। बैठक में श्याम साहनी, गुलशन मखीजा, शरद काबरा ,लकी भाटिया, प्रवेश खेड़ा, विष्णु पटेल, पार्षद प्रतिभा भापकर, अंजू भार्गव, सुनीता चावला, डा वाणी अहुलवलिया,मनोज नारंग, राम जी अग्रवाल,सुभाषचंद्र खत्री, योगेश कुमार अवरोल, केवल कृष्ण अरोरा, पवन मरवाहा,नरेंद्र खुराना,गुरदास मल शर्मा , विवेक शर्मा, राकेश कौशल, अनिल चंडोक, अभिषेक सेठी,संजय बर्मन, विशाल पंड्या,आदि की सराहनीय उपस्थिति रही ।

## उमराह यात्री हुए मुंबई रवाना



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर से उमराह के यात्रियो का जत्था डुमना विमानतल से मुंबई के लिये रवाना हुआ। इसके पहले परिजनों और शुभचिंतकों ने यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का स्वागत किया गया। अलमदीना टूर्स के संचालक हाजी मुख्ताक के नेतृत्व में यात्री पंद्रह दिन बाद यात्रा पर रहेंगे। उमराह जाने वालों में जमशेद अंसारी, शेखा उजमेरी, मोहम्मद जुल्फेकार, मोहम्मद रियाज, आशिक अहमद, मोहम्मद अब्बास शामिल हैं। हाजी फराज, राजी अमर आलम, हाजी सलीमुद्दीन, हाजी अशफाक, साबू भाई आदि मौजूद थे।

## श्री गुप्तेश्वर महादेव का दर्पण से श्रृंगार




**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के उपलिंग ,स्वयंभू सिद्धपीठ भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव जी का आज संध्या आरती में दर्पण से श्रृंगार किया गया. श्री गुप्तेश्वर पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी मुकुंद दास जी महाराज के सानिध्य में अधिक मास की एकादशी पर गुप्तेश्वर महादेव का दर्पण से श्रृंगारित किया गया। पूजन अर्चन आरती में सुभाष रावत , वसंत मिश्रा, कमलेश जायसवाल, शयन आरती मंडल के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



## बाल्मिकी समाज के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** बाल्मिकी समाज के नये पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदर रामलीला मैदान में हुये कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मिकी, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, सौरभ नाटी शर्मा ने बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम में उमाशंकर करोसिया, बलराम बाल्मिकी, गोविंद डागौर, नीरज तोमर, छन्नू डागौर, रविकांत, अनिल, अरविंद चौहान, अभिषेक मरोठिया रीतेश मोर्य, जगन्नाथ करोसिया, चंद्रप्रकाश, ललित, योगेश डागौर, जितेद्र गुहेरा देवकरण, अजीत रूसा, अभिषेक पौरिया आदि शामिल थे।

## सांसारिक सुखों की प्राप्ति के लिए आवश्यक है शिवाराधना : स्वामी अशोकानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** सांसारिक जीवन के हर क्षण का निर्धारण भोलेनाथ करते हैं, जीवन में आने वाली व्याधियो को शिव पल भर में हर लेते हैं। गंगा भगवान श्री हरि विष्णु के चरणों से प्रवाहित होकर प्रचंडता से धराधाम में आने के पूर्व सारे संसार को तारने के लिए भगवान शिव ने शीश पर धारण की। ब्रम्हांड की हर बड़ी कठिनाईयों को शिव ने धारण कर उन्हें मोक्षदायिनी बना दिया, इसलिए हर जीव को अपने अपने सांसारिक सुखों की प्राप्ति के लिए निरंतर शिवाराधना करनी चाहिए, उक्त उद्गार स्वामी अशोकानंद महाराज ने हिन्दू श्रावण पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर नर्मदा मैया की गोद में भक्ति धाम ग्वारीघाट में व्यासपीठ से श्रीशिव महापुराण के पंचम दिवस कहे ।

वेदांत शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक प्रतिदिन सायं 3 बजे से शिव महापुराण की कथाओं का श्रवण करायेगे। महाराज जी के सानिध्य में वैदिक आचार्यों के व्दारा शिवार्चन, वैदिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया है।

देव आवाहन, नवग्रह, षोणश मातृका कलश स्थापना धार्मिक वैदिक अनुष्ठानों में पूजन अर्चन पंडित वेदांत शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, विजय पंजवानी, पप्पू लालवानी , रमेश मंगतानी,उमेश पारवानी, आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी, जगदीश दीवान, अभिषेक पाण्डेय, सहित भाक्तिधाम सेवा समिति ने की।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने मनाई वीर दुर्गादास राठौर की जयंती

**जबलपुर, देशबन्धु।** भाजपा पिछड़ा वर्ग ने राठौर समाज के संत वीर दुर्गादास राठौर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष संजय सिह यादव ने कहा कि देश के इतिहास में उनका नाम सदैव याद रखेगा। इस अवसर पर दशरथ पटेल, राम पटेल, जय यादव, अक्षय सेन, विनय चौकसे, नितिन जायसवाल, राहुल यादव, अनिल वर्मा, अमित सोनी, राहुल सिग, आदि शामिल थे।

## जड़ी बूटियों की हवन सामग्री का निशुल्क वितरण हुआ



**जबलपुर, देशबन्धु।** सावन माह में प्रत्येक रविवार को बड़े फुहारा स्थित खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान में 60 से अधिक जड़ी बूटियों से तैयार की गई हवन सामग्री का निशुल्क वितरण किया जा रहा है नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया हवन सामग्री सावन माह के हर रविवार को सुबह 9ः00 बजे से रात्रि 9ः00 बजे तक वितरित की जा रही है पुरुषोत्तम महीने पड़ने के कारण सावन माह में 8 रविवार पढ़ रहे हैं यह 6 वा रविवार है अभी दो रविवार और बचे हैं जिसमें भी वितरित की जाएगी इस अवसर पर एडवोकेट सचिन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## बोल बम के नारे लगाते हुए निकली कांवड़ यात्रा



**जबलपुर, देशबन्धु।** मां नर्मदा जी गौरी घाट से गुप्तेश्वर महादेव जी मंदिर तक कांवड़ में नर्मदा जल लेकर भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया। इस अवसर पर आचार्य संजय शास्त्री ने बताया कि हिंदू धर्म की मान्यता के मुताबिक चतुर्मास में पड़ने वाले श्रावण के महीने में कांवड़ यात्रा का बड़ा महत्व है। माना जाता है कि शिव को आसानी से प्रसन्न किया जा सकता है. उन्हें केवल एक लोटा जल चढ़ा कर प्रसन्न किया जा सकता है, वहीं यह भी मान्यता है कि शिव बहुत जल्दी क्रोधित भी होते हैं। कांवड़ यात्रा शिवो भूत्वा शिवम जयेत यानी शिव की पूजा शिव बन कर करो को चरितार्थ करती है, यह समता और भाईचारे की यात्रा भी है, सावन जप, तप और व्रत का महीना है, शिवलिंग के जलाभिषेक के दौरान भक्त पंचाक्षर, महामृत्युंजय आदि मंत्रों का जप भी करते हैं। इस अवसर पर शांति पटेल (माताजी) अजय पटेल अरुण , सुशील पटेल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों की उपस्थिति रही।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 14 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी। नक्षत्र-पुनर्वसु।**

मेष -आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आपको आज नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी। कोई नया काम भी शुरू कर पाएंगे। आज आपके विचार जल्दी-जल्दी बदलेंगे। इससे किसी तरह का कन्फ्यूजन आपको हो सकता है।

वृषभ -हाथ में आया हुआ अवसर कन्फ्यूजन के कारण आज आप गंवा सकते हैं और उसका लाभ नहीं ले पाएंगे। आज बहुत से विचार आपको परेशान करेंगे। जल्दबाजी में आपका काम बिगड़ सकता है।

मिथुन -आज के दिन की शुरुआत में मन प्रफुल्लित और चित्त स्वस्थ होगा। आज मित्र या परिवार के सदस्यों के साथ भोजन का आनंद उठा सकते हैं। सुंदर वस्त्र धारण करेंगे। आर्थिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है।

कर्क -आज आप मानसिक अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। किसी एक निश्चय पर आप नहीं पहुंच पाएंगे। असमंजस के कारण मानसिक कष्ट होगा। संबंधियों के साथ अनबन हो सकती है। पारिवारिक कामों के पीछे खर्च होगा।

सिंह -आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। फिर भी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण सामने आया हुआ अवसर गंवा देंगे। आपका मन कहीं खोया रहेगा। नए काम की शुरुआत आज ना करें।

कन्या -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी हैं। नए काम का आयोजन सफल होगा। व्यापार करने वालों तथा नौकरीपेशा लोगों के लिए लाभ का दिन है। पदोन्नति की संभावना है। अधिकारी से लाभ होगा।

तुला -आज आप बौद्धिक तथा लेखन के कामों में सक्रिय रहेंगे। नए काम की शुरुआत के लिए दिन अच्छा है। लंबे प्रवास या धार्मिक स्थल की मुलाकात करने का प्रसंग बनेगा। नौकरी में लाभ का अवसर मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन सावधानी से बिताने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम का आरंभ न करें एवं क्रोध पर संयम रखें। किसी भी तरह के गलत काम से दूर ही रहें, अन्यथा आगे बड़ा नुकसान हो सकता है।

धनु -आज आपका दिन सुखपूर्वक एवं आनंद से गुजरने वाला है। आज आप मनोरंजक दुनिया में व्यस्त रहने वाले हैं। पार्टी, पिकनिक, यात्रा, स्वादिष्ट भोजन और शॉपिंग आज के दिन का हिस्सा रहेंगे। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा।

मकर -व्यापार- धंधे के विकास और आर्थिक आयोजन के लिए आज अनुकूल दिन है। वसूली या पैसे की लेन-देन में सफलता मिलेगी। आयात-निर्यात में लाभ होगा। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। आर्थिक लाभ हो सकता है।

कुंभ -मानसिक अशांति और उद्वेग भरा दिन है। तेजी से बदलते विचारों के कारण अनिर्णायकता रहेगी, इसलिए ठोस निर्णय नहीं ले सकेंगे। संतान की चिंता आपको परेशानी में डाल सकती है।

मीन -आपको आज के दिन सावधानी रखने की सलाह दी जाती है। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद पैदा होगा। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मानसिक उद्वेग के साथ ही धन और मानहानि होगी।

## भजन शिरोमणि शिब्बू दादा स्मृति भजनांजली, संगीत है मन की शांति



**जबलपुर, देशबन्धु।** भजन शिरोमणि पंडित शिव प्रसाद शुक्ल शिब्बूदादा और उनके शिष्यों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नगर को गौरवान्वित किया है।

संगीत उनके लिए आराधना जैसा था, संगीत को ही वह मन और जीवन की शांति का पर्याय मानते थे। तदाशय के उद्गार भजन शिरोमणि शिब्बू दादा स्मृति भजनांजली, भावांजलि एवं पुष्पांजलि समारोह में अतिथियों ने व्यक्त किए। शिब्बूदादा स्मृति समिति एवं पाथेय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में अध्यक्षता का दायित्व निर्वहन किया डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी पूर्व निदेशक कालिदास अकादमी ने।

मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार सुमित्र वरिष्ठ पत्रकार थे। विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिह अन्नू, आचार्य भगवत दुबे, मोहन शशि, डॉ.हरिशंकर दुबे एवं जादूगर निगम थे। रवि शंकर श्रीवास्तव के संयोजन एवं राजेश पाठक प्रवीण तथा माधुरी मिश्रा के संचालन में मुंबई के प्रतिष्टित युवा कलाकार सतीश समर्पित गोलानी एवं नवनीत बैरागी के साथ वरिष्ठ कलाकार कुलजीत सिंह सेंगर, दिलीप कोरी, भारती रुसिया, मनीष अग्रवाल, प्रकाश तिवारी, मिठाई लाल चक्रवती, रवि शुक्ला,नंदकुमार जैन एवं रवि शंकर श्रीवास्तव ने शिब्बू दादा के द्वारा रचित भजनों को प्रस्तुत किया। वाद्ययंत्र पर सुभाष दीक्षित,सुरेश पाठक,परशुराम पटेल,रमेश मिश्रा,चंद्रभान, श्रीराम एवं किशोर राव ने संगत की।

प्रारंभ में इन्दु तिवारी,साधना विनोद शुक्ला, नीता निशिकांत, अर्चना संजय तिवारी, शानू प्रशांत दुबे, सीमासंजय दुबे ने दीप प्रज्वलित करते हुएकार्यक्रम का शुभारंभ किया।

भव्य आयोजन में मोती शिवहरे के निर्देशन में युवा कलाकारों ने वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कला, साहित्य, संस्कृति,समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़े संजीव तिवारी मेजर, कैलाश पटेरिया,डॉ.विजय तिवारी किसलय, प्रदीप साहू आदि को सम्मानित किया गया। डॉ. श्रीमती सरोज शुक्ला ने शिब्बू दादा के सम्मान में सम्मानपत्र का वाचन किया ।



## बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन के नये पदाधिकारी निर्वाचित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में आयोजित होगा प्रांतीय सम्मेलन इस आशय की जानकारी विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में दी गई। चुनाव अधिकारी पी के वैश्य की अध्यक्षता विद्युत मंडल अभियंता संघ के कार्यालय में मीटिंग हुई। बैठक में पिछली कार्यवाही और निर्णय का अनुमोदन किया गया। बैठक में नये पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी का चुनाव किया गया। पेंशनर्स एसोसिएशन के नये निर्वाचित अध्यक्ष के के अग्रवाल, उपाध्यक्ष राकेश पाठक, सचिव विनोद विरथरे,सह सचिव कमल कांत गुप्ता, कोषाध्यक्ष के वी महाजन, कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र महाजन, आर एस परिहार को शपथ दिलाई गई। बैठक में नवनियुक्त अध्यक्ष के के अग्रवाल ने पेंशनर्स की महत्वपूर्ण समस्याओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। मीटिंग में पी के वैश्य, वी के अग्रवाल,एस के यादव,पी एस यादव, आंनद तिवारी,पी के चतुर्वेदी ,आई के अग्रवाल,पी के लहरिया, वी के उपाध्याय,एस के, शर्मा,राकेश पाठक,आर एस परिहार,महाजन सहित बड़ी संख्या सदस्य गण उपस्थित थे।

## आजादी के अमृत महोत्सव में किचन शेड बदहाल

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय शालाओं में वर्षों पुराने अनेक किचन शेडों का अब तक पुनरउद्धार नहीं हुआ। जर्जर छोटे कमरों में जिसकी छत का प्लास्टर गिरा हुआ है, दीवारों में सीलन है, किसी भी दिन ये किचन शेड धाराशाई हो जायेंगे। हालात बद से बदतर हैं, फर्श में शीलन है। इनका कोई धनी धोरी नहीं है। तस्वीरें वास्तविकता बयां कर रही है। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के अनुसार वर्षा में स्व- सहायता समूह के रसोईयों को छात्र-छात्राओं का मध्यान्ह भोजन (मिड -डे मील) बनाते समय खतरा बना रहता है। प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के ठाकुर, भास्कर गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, आकाश भील,सतीश खरे,आदेश विश्वकर्मा, महेश प्रसाद मेहरा, विष्णु झारिया, जी आर झारिया, भोजराज विश्वकर्मा, नितिन तिवारी, धर्मेंद्र परिहार,अफ़रोज़ खान, रवि केवट,सुरेंद्र परसते, दुर्गेश खातरकर, ॠषि पाठक, इत्यादि ने शासन- प्रशासन से मांग की है, कि अतिशीघ्र समस्त ग्रामीण क्षेत्रों की शासकीय शालाओं में मध्यान्ह भोजन हेतु व्यवस्थित रूप से किचन शेडों का निर्माण किया जावे ताकि रसोईयों को असुविधा न हो एवं नन्हें मुन्ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके।



## सोमबाईअहिरवार का निधन



**जबलपुर, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार सुनील अहिरवार राजेंद्र अहिरवार विष्णु अहिरवार की माता जी एवं जगन्नाथ अहिरवार की पत्नी श्रीमती सोमबाई अहिरवार का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास महाराजपुर से महाराजपुर श्मशान घाट में संपन्न हुई।

अंतिम यात्रा में समाज एवं राजनीतिक दल की नेताओं ने माता जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की।

## निधन

### ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती कमला देवी सेन-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री मलखान सिंह सेन की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी सेन (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विट्ठल सिंह-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री विट्ठल सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री होरी लाल चौधरी-** रविदास नगर गली नं. 5 पोलीपाथर निवासी श्री होरी लाल चौधरी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल चौधरी-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री छोटे लाल चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नेबंद देवी सावलानी-** नेपियर टाउन मानकुंवर बाई कॉलेज के पास निवासी श्री पारूमल सावलानी की धर्मपत्नी श्रीमती नेबंद देवी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामानंद श्रीवास-** सेठ गोविंददास वार्ड छोटी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री रामानंद श्रीवास (102) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मूलचंद-** मंडला रोड बिलहरी निवासी श्री मूलचंद (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम किशोर श्रीवास-** गली नं. 4 बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री राम किशोर श्रीवास (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम दास-** समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल रोड निवासी श्री श्याम दास (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सचिन उरई-** हनुमानताल थाने के पीछे निवासी श्री रविशंकर उरई के पुत्र श्री सचिन उरई (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भास्कर बड़ालकर-** अतुल परिसर शाहीनाका गढ़ा निवासी श्री भास्कर बड़ालकर (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# कटंगी जबलपुर रोड पर ट्रक की टक्कर से पिकअप के परखच्चे उड़े, चालक की मौत



**जबलपुर, देशबन्धु।** कटंगी थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पौड़ी कटंगी में तेज गति से आ रहे ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से पिकअप के परखच्चे उड़ गए, वहीं चालक वाहन के अंदर ही फंसा रह गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

हादसे की खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से पिकअप चालक को बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार कटंगी से ट्रक चालक जबलपुर के लिए रवाना हुआ। जब वह ग्राम पौड़ी से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान सामने से आए पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए, वहीं चालक अभिषेक कुमार उम्र 23 वर्ष निवासी बरबटी की वाहन के अंदर फंसने से मौके पर ही मौत हो गई। राह चलते लोगों ने देखा तो पहुंच गए, जिन्होंने देखा कि चालक बुरी तरह फंसा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को निकलवाया। मौके से फरार ट्रक चालक की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। घटना के बाद जबलपुर-दमोह रोड पर जाम के हालात निर्मित हो गए थे, पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरु हो सकी।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह में होने वाली अंतिम रिहर्सल परेड का एसपी ने किया निरीक्षण



**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह में होने वाली मार्च पास्ट, परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रविवार को अंतिम रिहर्सल की गई। अंतिम रिहर्सल परेड का सुबह पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखड़े, शेर सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, जिला पंचायत जयति सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दक्षिण कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उत्तर प्रदीप सेंडे की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया।

## "आजादी के अमृत महोत्सव" और "हर घर तिरंगा" अभियान के तहत पुलिस ने निकाली पैदल यात्रा

### हर घर तिरंगा फहराने व लगाने के लिये दिया संदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मनाये जा रहे ''आजादी के अमृत महोत्सव'' एवं 'हर घर तिरंगा' अभियान के प्रति जन-जागरूकता जगाने और पूरे हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाने के उद्देश्य से लोगों को 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी के नेतृत्व में ए.डी.एम. शेर सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती पंकज मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक लाईन देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम की उपस्थिति में पुलिस लाईन परेड ग्राउंड से घंटाघर तक ''तिरंगा यात्रा'' रैली निकाली जाकर घर-दुकान-प्रतिष्ठान में तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया।

''तिरंगा यात्रा'' रैली में रक्षित निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, सूबेदार ललित धुर्वे, सूबेदार ममता तिवारी, प्रतिभा सिंह, रोमा तेकाम, सहायक उप निरीक्षक अवतार सिह बिस्ट, सहित लगभग 400 की संख्या में जिला पुलिस बल, एस.ए.एफ होमगार्ड, वन विभाग, एन.सी.सी एवं स्काउट एण्ड गाईड के छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।

## तीन दिन सर्चिंग के बावजूद नहीं मिला भाजपा नेत्री सना खान का शव, एसडीआरएफ की टीम हटी



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र के नागपुर की भाजपा नेत्री सना खान की जबलपुर में उसके पति द्वारा हत्या के बाद लाश हिरन नदी में फेंके जाने की बात पता चलते ही पुलिस तीन से मृतिका लाश खोजने में लगी रही। लेकिन लाश का पता नहीं चल सका। अब पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को वापस बुला लिया है। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि भाजपा नेत्री सना खान का शव खोज पाना मुश्किल होते जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य ने बताया कि नागपुर निवासी सना खान (35) भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की सक्रिय मेंबर थीं। उसने लगभग 6 माह पूर्व जबलपुर गोराबाजार निवासी ढाबा संचालक अमित उर्फ पप्पू साहू से कोर्ट मैरिज की थी। वह 1 अगस्त को अपने पति से मिलने जबलपुर आई थी। परिजनों से बात करने पर उसने जबलपुर में होना बताया था। उसका मोबाइल 2 अगस्त को बंद हो गया था। फोन बंद होने पर परिजनों द्वारा उसके लापता होने की रिपोर्ट मानकापुर थाने में दर्ज करवाई गई थी। जिसके बाद से नागपुर पुलिस जबलपुर आयी और स्थानीय पुलिस की सहायता से इस मामले कार्रवाई की। सना ने जबलपुर के गोराबाजार क्षेत्र के अमित नामक युवक से शादी की थी।

सना की हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को गोराबाजार क्षेत्र से अमित को पकड़ा था। पूछताछ के दौरान उसने बताया था कि सना से रुपये उधार लेकर व्यापार में लगाए थे। सना दो अगस्त को रुपये के लेन-देन पर विवाद करते हुए अशब्दों का उपयोग करने लगी। आक्रोश में आकर उसने सना की डंडा से हमला कर हत्या कर दी और लाश को ले जाकर मानेगांव स्थित पुल से हिरण नदी में फेंक दिया था। इस काम में उसके कर्मचारी जिनेन्द्र ने उसका सहयोग किया था। शनिवार को महाराष्ट्र पुलिस आरोपी पति अमित तथा उसके सहयोगी को लेकर नागपुर चली गई थी। तीन दिन की सर्चिंग के बाद भी शव बारमद नहीं हो सका। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को हटाते हुए सर्चिंग कार्य बंद कर दिया गया है।







## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर भीड़ वाले स्थानों की सघन चैकिंग

**जबलपुर, देशबन्धु।** आजादी का अमृत महोत्सव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर्व को ध्यान मे रखते हुये सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ करने के उद्देश्य से संदिग्ध गतिविधियों की रोकथाम एवं पतासाजी के लिये बी.डी.डी.एस. टीम को भीड़ वाले स्थान, बाजार, धार्मिक स्थल, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, महत्वपूर्ण संस्थान, तथा शासकीय कार्यालयों की चैकिंग के लिये आदेशित किया गया है।

बी.डी.डी.एस. टीम द्वारा स्नेफर डॉग के साथ उच्च न्यायालय परिसर, पुलिस परेड ग्राउंड, शासकीय कार्यालय, एवं भीड़ वाले स्थान मॉल, सिविक सैंटर, गोरखपुर मार्केट, सदर मार्केट, उमाघाट, रेल्वे स्टेशन, दीनदयाल बस स्टैण्ड, चौपाटी में चैकिंग की गयी है।

इसके साथ ही शहर एवं देहात के सभी थाना प्रभारियों के द्वारा थाना क्षेत्र के होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय, रैन बसेरा, डेरे, एवं किरायेदारों की चैकिंग की जा रही है। यह कार्यवाही निरंतर 15 अगस्त तक जारी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक ने शहर वासियों से अपील की है कि यदि कोई भी संदिग्ध वस्तु आपको नजर आती है तो उससे दूर रहें एवं इसकी सूचना तत्काल कन्ट्रोलरूम के दूरभाष क्रमांक 0761-2676100, 2676102 एवं डायल 100 पर दें।

## मप्र तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष रविकरण साहू का नगर आगमन आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र शासन द्वारा मप्र तेल घानी बोर्ड के अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने के बाद रविकरण साहू का आज सोमवाई 14 अगस्त को दोपहर 1 बजे सड़क मार्ग से नगर आगमन होगा। उसके उपरांत स्वागत रैली निकाली जाएगी।

श्री साहू का नगर आगमन दोपहर 1 बजे पाटन बाइपास पर होगा जहां साहू समाज, भाजपा जबलपुर एवं सामजिक संगठनों द्वारा उनकी भव्य अगवानी की जाएगी उसके उपरांत स्वागत रैली प्रारम्भ होगी जो चुंगी चौकी, आईटीआई, दीनदयाल चौक, दमोहनाका, मिलोनिगंज, कोतवाली, बड़ा फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक होते हए शहीद स्मारक गोलबाजार में समाप्त होगी।

## विकासखण्ड खेल प्रभारी को संसाधन मुहैया करायी जाए

### क्रीड़ा प्रभारी के पास संसाधनों का अभाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि अभी हाल ही में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के द्वारा जिले में विकासखण्ड स्तर पर खेल प्रभारियों को नियुक्त किया गया है, परंतु उन्हें किसी भी प्रकार से खेल संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए। जिससे उन्हें अपने कार्यों को पूर्ण रूप से संचालित करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

जबकि विकास खण्ड खेल प्रभारियों को एक अलग से क्रीड़ा कक्ष दिया जाना चाहिए जिसमें कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं एक ऑपरेटर की व्यवस्था हो जिससे किसी भी खेल के बच्चों को रजिस्ट्रेशन/पंजियन कराने में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी।

संघ ने आगे बताया कि आज के समय में सभी कार्य ऑनलाईन हो रहे हैं, ऐसे मे न तो उनके पास कम्प्यूटर है और न ही कार्य करने के लिये कोई कम्प्यूटर ऑपरेटर है। ऐसे में ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन कराने एवं उसे फॉर्वट करने में कठनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे खेल प्रभारियों में रोष व्याप्त है।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, दिनेश गौंड़, राकेश श्रीवास, सुधीर अवधिया, हेमन्त ठाकरे, रऊफ खान, एनोस विक्टर, धनराज पिल्ले, विनोद सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा, गुडविन चार्ल्स उमेष सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, ओमप्रकाश झारिया, राजेश सहारिया, गोपीशाह, रामकुमार कतिया, विजय झारिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप अन्थोनी, सुधीर पावेल, राजेन्द्र सिंह, रामदयाल उईके, अफरोज खान, देवेन्द्र पटेल, मनीष झारिया, रवि जैन, नेत राम, नीरज मरावी, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील स्टीफन, विनय रामजे, प्रदीप पटेल, रामकुमार कतिया, सरीफ अहमद अंसारी, आशीष कोरी, मनीष मिश्रा, संतोष चैरसिया, एस.बी.रजक, सुखराम विष्वकर्मा आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि विकासखण्ड खेल प्रभारियों को संसाधन उपलब्ध कराए जाए।

## पमरे ने जुलाई माह में लगभग 675 कोचों/वैगनों का ओवरहॉलिंग किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा कोचों और वैगनों का रूटीन ओवर हॉलिंग करके अधिक से अधिक पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न किया जाता है।

पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जुलाई माह में सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (सीआरडब्लूएस)/भोपाल एवं वैगन मरम्मत कारखाना (डब्लूआरएस)/कोटा दोनों कारखानों में कुल 673 कोचों/वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग आउटटर्न किया। जिसमें भोपाल कारखाना ने 122 कोचों का अनुरक्षण किया तथा कोटा वर्कशॉप ने 551 वैगनों की मरम्मत की है। इस प्रकार के जुलाई माह में भी लक्ष्य से अधिक कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया गया। पिरियोडिक ओवर हॉलिंग (पीओएच) के दौरान वैगनों में मुख्य निम्न कार्य किये जाते हैं। वैगनों के नीचे ट्रॉली, बोगी के सभी पार्ट्स की मरम्मत की जाती है, जो सरंक्षा की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। वैगन के बॉडी और ब्रेक गियर की भी मरम्मत की जाती है, जिससे परिचालन में सरंक्षा सुनिश्चित की जा सके। एयर ब्रेक सिस्टम के सभी पार्ट एवं वैगनों के दोनों ओर के सेंटर बफ़र की मरम्मत की जाती है जिससे सरंक्षा में बढ़ोत्तरी होती है। व्हील और एक्सल की मरम्मत एवं रखरखाव किया जाता है, जिससे सुरक्षा में इजाफा होता है।




## सर्व ईसाई महासभा ने निकाली विशाल तिरंगा रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावनाओं को व्यक्त करने रविवार की दोपहर सर्व ईसाई महासभा द्वारा शहर के हृदय स्थल सिविक सेंटर से विशाल रैली का आयोजन किया गया। ईसाई समाज के धर्मगुरु बिशप जेराल्ड अल्मीडा एवं बिशप पीटर जॉनसन के नेतृत्व में सिविक सेंटर स्थित इंदिरा गांधी पार्क से निकाली गई यह रैली नगर निगम, तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, करमचंद चौक, जयंती कॉम्प्लेक्स से नौदरा ब्रिज राजीव गांधी चौक होते हुये वापस सिविक सेंटर पहुंची। रैली में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं विनय सक्सेना, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, धीरज पटेरिया तथा ईसाई समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों सहित सभी समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुये।

## कुश्ती के खिलाड़ियों का सम्मान



**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं नेताजी सुभाष क्लब के संयुक्त तत्वाधान में स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग पावर लिफ्टिंग एवं पंजा कुश्ती के राष्ट्रीय खिलाड़ियों का मधुशाला रेस्टारेंट में हर्षोल्लास के साथ इन खिलाड़ियों का सम्मान किया राहुल होलानी विनय डेरिया शीतल जाट विजेन्द्र जाट अरमान शिखा जाट सुनीता जाट अंसारी अब्दुल मजिद मोहम्मद इमरान स्वंय जैन मैथ्यू जोसेफ और मुख्य रूप से प्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के संस्थापक सतीश यादव जिला स्ट्रैंथ लिफ्टिंगएसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वम सिंह राठौड़ सचिव हर्ष गोस्वामी कोच गुरू चरण श्रीवास्तव मोहम्मद नईमश्रजल सिंह अविष्कार स्वामी रिनी यादव सिंधु बधेल एवं मध्यप्रदेश स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन की महासचिव सावित्री यादव उपस्थित रही।



## हिंदू जागरण रैली निकाली गई

**जबलपुर, देशबन्धु।** युवा छात्र वाहिनी संगठन एवं सभी मित्रों व सनातनी धर्म प्रेमी के साथ मिलकर हिंदू जागरण रैली के रूप में सनातनी धर्म यात्रा निकाली। संगठन के सदस्यों ने बताया कि हम सभी सनातनी प्रेमियों के साथ हैं। भगवा को प्रतीक बनाकर सभी हिंदूवादी संगठन एवं सनातनी धर्म प्रेमी जन एकत्र कर हिंदू जन यात्रा तथा सनातन के दायित्वों का पालन करने एवं एक जुट होकर समाज के हित के लिए सभी जनो को जागरूक करने के लिये भगवा यात्रा का आवाहन किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संचालक युवा छात्र वाहिनी संघटन महानगर अध्यक्ष हर्ष पटेल युवा समाज सेवी अंतरिक्ष वर्मन, दुर्गेश पटेल, बलराम पटेल आदि मौजूद रहे।

## भारत को अखंड बनाने मशाल यात्रा निकाली

**जबलपुर, देशबन्धु।** हिन्दू सेवा परिषद् के तत्वाधान में रविवार को अखंड भारत संकल्प दिवस की पूर्व संध्या पर भारत माता चौक में संस्कारधानी के संतों के सानिध्य में मुख्य अतिथि काजल हिंदुस्तानी की उपस्थिति में भारत माता पूजन किया गया। जिसके पश्चात विशाल मशाल यात्रा प्रारंभ की गई, जो कि विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए सिद्ध पीठ काली माई मंदिर पहुंची। यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर प्रांगण में ही हिन्दू धर्म सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि काजल हिंदुस्तानी, डॉ स्वामी मुकुंद दास, आचार्य धीरेंद्र पांडे, संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, उमेश रजक, विनोद यादव मंचासीन थे।

कार्यक्रम में भारत माता की जय की जय कारे लगाए गए। युवा में बहुत सारी ऊर्जा रही। जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अशोक रोहाणी, कमलेश अग्रवाल, रिंकू विज, धीरज पटेरिया, अभिलाष पांडे उपस्थित थे।



इस संपूर्ण कार्यक्रम में हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, उमेश रजक, गौरव साहू, कार्तिक श्रीवास, हर्ष पत्थर रोहित गुप्ता, धीरज ज्ञानचंदानी, नितिन सोनपाली एवं अन्य हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

## रेल सलाहकार सदस्य के निवास पहुंचे शिल्पी मंडल के अध्यक्ष



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के शिल्पी मंडल के अध्यक्ष नंदकिशोर वर्मा (कैबिनेट मंत्री दर्जा) अल्प प्रवास पर विदिशा पहुँचे। जहां रेल सलाहकार समिति के सदस्य कमलेश सेन के निवास पर उनका भव्य स्वागत हुआ। नवनियुक्त अध्यक्ष के नगर आगमन पर सेन समाज के बंधुओं ने मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए उनका फूल माला एवं अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर ऑल इंडिया सेन जी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सेन ने सामाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रहास सेन गंजबासौदा, काशीराम सेन,किशन लाल सेन बीना,डॉ सत्यनारायण सेन सागर,कुलदीप सेन रजवास, रामबाबू सेन,रितेश सेन,मनीष सेन, रामबाबू सराठे,दीपक सेन ,अरविंद सेन,बलराम सेन, पप्पू सेन,दीपक सेन शासकीय अधिवक्ता एवं परिजन किशोरी लाल सेन,दुर्गा प्रसाद सेन कल्याण सेन,सुखलाल सेन,सोनू सेन,बृजेश सेन,रामबाबू सेन नवीन सेन,जसवंत सिंह दशरथ सेन अहमदपुर भैया लाल सेन,आशीष सेन एवं भारी संख्या में सेन समाज की बंधु उपस्थित रहे।

# घर से बड़ी मात्रा में लकड़ियां जब्त, रात में करते थे तस्करी



**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले के बेहरई क्षेत्र के जंगल मे वन विभाग के कर्मचारी रात्रि में गश्ती कर रहे थे। जहां उन्हें बाइक पर लकड़ी ले जाते लोग दिखाई दिए। इनका पीछे करने पर वे लकड़ी छोड़कर भाग गए।सिवनी के परियोजना परिक्षेत्र बेहरई अंतर्गत अंतरी बीट प्रभारी विनियेन्द्र मर्सकोले वन रक्षक अपने सहकर्मी के साथ रात्रि में वन गश्ती कर रहे थे। जहां ग्राम गांगपुर एवं अंतरी के बीच लोगों को अवैध रूप से वनोपज बाइक से परिवहन करते देखा। आरोपियों के पीछा करने पर आरोपी से 10 नग 0.036 घनमीटर सागौन चिरान मिली। लकड़ी जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

परिक्षेत्र बेहरई के अंतर्गत प्रभारी उप संभागीय प्रबंधक अनिल क्षत्रिय ने वन अमले, थाना बरघाट के स्टाफ व उडनदस्ता वन विभाग के साथ दबिश दी। ग्राम लालपुर में अवैध वनोपज की तलाशी ली। लालपुर निवासी मानसिंह गौतम, दुर्गाप्रसाद गौतम, दिनेश बिसेन, विजय बघेल के घर से सागौन चिरान जब्त की। वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में अनिल क्षत्रिय प्रभारी उप संभागीय प्रबंधक पीयूस गौतम, वन परिक्षेत्र अधिकारी बरघाट एवं उनके सहकर्मी महेश उईके, उपवन क्षेत्रपाल, हेमचंद इनवाती वनपाल, भानुप्रताप राठौर, पवन मर्सकोले, अभिषेक शर्मा, गायत्री उईके, राजेश पन्द्रे, के. के. चौरसिया वन रक्षक मुख्य वन संरक्षक कार्यालय से उडनदस्ता प्रभारी अमित मिश्रा, विवेक मिश्रा, भुपेन्द्र ठाकुर, सुमन इनवाती, मुकेश तिवारी वन रक्षक, थाना बरघाट से पुलिस बल प्रेमशंकर मिश्रा, दुर्योधन पटले, एवं परियोजना परिक्षेत्र बेहरई के निगम कर्मचारी एवं अधिकारी संजय जम्भारे परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी बेहरई. ए.के पन्द्रे, गणेश मानेश्वर, विनियेन्द्र मर्सकोले, चैनसिंह उईके, प्यारेलाल मसराम वन रक्षक, निधि धुर्वे क्षेत्ररक्षक एवं सतीश पांडे शामिल रहे।

# भैया हमारी भी सुनो, हमारे परिवार की ओर भी देखो

## स्व सहायता समूह की बहनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष से लगाई गुहार

**कुंडम/बघराजी, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम पंचायत फिफरी स्कूल में सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली कुंडम ब्लॉक की महिला स्व सहायता समूह की बहनों नेजिला पंचायत अध्यक्ष संतोष वरकड़े को अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की गई कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने रसोइयों को कम से कम 7000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाए, जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। वर्तमान में उन्हें मात्र 2000 मासिक मानदेय दिया जा रहा है। रोजगार गारंटी की मजदूरी भी उन्हें नहीं मिल पा रही। प्राइमरी शाला में कम से कम 10 एवं माध्यमिक शाला में कम से कम 12 प्रति बच्चे के हिसाब से दाल, सब्जी, तेल, मिर्च, मसाला ईंधन का भुगतान किया जाए।

राशन दुकानों से गेहूं-चावल ए ग्रेड का साफ सुथरा राशन दिलाया जाए, वर्तमान समय में अधिक कचरे वाला घटिया राशन दिया जाता है। स्कूल में दर्ज संख्या के



हिसाब से समूह को पैसा दिया जाए, 100 छात्रों के बीच कम से कम 3 रसोइयों की नियुक्ति की जाए और उन्हें छात्रों की संख्या कम होने पर निकाला ना जाए, ऐसी अपनी अनेक मांगों को लेकर आज कुंडम तहसील ब्लॉक की महिला स्व सहायता समूह की बहनों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सोनी के सहयोग से जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकड़े को ज्ञापन सौंपा।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी बहनों को आश्वस्त किया में आपकी समस्याओं को अच्छी तरह से समझता हूं। इन समस्याओं को जिला योजना समिति में रखूंगा माननीय मुख्यमंत्री से आपकी यह सभी समस्याएं अति शीघ्र समस्याओं को हल कराने सभी को आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि सब का मानदेय बढ़ गया है अब आपकी बारी है अतिथि फिर आप का मानदेय भी बढ़ाया जाएगा। इसके लिए चाहे मुझे भोपाल यह दिल्ली कहीं भी जाना पड़े में आपकी लड़ाई लड़ लूंगा और आपकी पूरी मदद करूंगा। सभी बहनों ने ताली बजाकर जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत किया इस अवसर पर तिलसनी उपसरपंच संजय यादव कपिल मार्को विनोद मार्को राहुल सतीश मार्को सरजू कुंजाम देवराज ठाकुर संदीप एवं महिला स्व सहायता समूह समूह की मूला बाई अनीता चित्र बर्मन निधि राजकुमारी बर्मन उर्मिला विश्वकर्मा, लक्ष्मी पटेल, मीरा कुशवाहा, राधा साहू, पार्वती यादव, सुनीता ललिता यादव, जानकीबाई, उषा भाई सावित्री, ज्योति बर्मन, सुमन, ममता सिंह नर्मद वर्मा, संगीता सिंह, द्रोपती बाई, लाली बाई सहित सैकड़ों की तादाद में महिला स्व सहायता समूह की बहनों ने जिला पंचायत अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। सभी ने उम्मीद जताई है कि अब हमारी भी सुनवाई होगी हमारी भी समस्याओं का हाल होगा इतनी महंगाई के समय में हम कैसे अपना परिवार चलाते हैं हमें 70 दिन की मजदूरी भी नहीं पड़ती वर्षों से इस उम्मीद में काम कर रहे हैं कि शायद आज नहीं तो कल कोई हमारी भी सुनेगा जिला पंचायत अध्यक्ष से मिलकर सभी बहने बहुत खुश और संतुष्ट नजर आई।

## सार-समाचार



### घुटना में विकास कार्यों का भूमिपूजन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** विकास पर्वअभियान में ग्राम पंचायत घुटना में लोकार्पण एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ 5 लाख का सीसी रोड आदिवासी मोहल्ले से हनुमान मंदिर तक 5 लाख से मेन रोड से विनोद यादव के घर तरफ 2 लाख से रंगमंच भटिया मोहल्ला में लोकार्पण 2 लाख से रंगमंच बड़ा देव स्थान पर 2 लाख रंगमंच खेर माता मंदिर में भूमि पूजन संपन्न हुआ, कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक नंदनी मरावी पुष्पराज बघेल, सरपंच एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष के के दुबे मंडल अध्यक्ष दिलीप पटेल जनपद सदस्य चतुर बाई उप सरपंच जागेश्वर साहू, बद्री प्रसाद दुबे प्रकाश दुबे, रामकिशोर दुबे, विनोद यादव,रामविशाल,अनंत नोगरिया,अनिल चौधरी, विजय साहू, बिहारी कोल, बाला साहू सचिव चंद्रभान बर्मन, बसंत कोल, संदीप कोल संजय दुबे, दिनेश दुबे, पंच उषा बाई,अंजलि रीना, रेखा बाई के साथ समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे

### मुकेश तिवारी संगठन मंत्री गोसलपुर उप ब्लॉक नियुक्त

**गोसलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी के निर्देशानुसार राजीव सिंह उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा मुकेश तिवारी जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर के विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के अन्तर्गत गोसलपुर उप ब्लाक का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। आशा व्यक्त की गई है कि सोनिया जी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भावनानुसार ब्लाक स्तर पर पार्टी की मजबूती के लिए सक्रियता से कार्य करेंगे ।

### ट्रक में अवैध परिवहन कर रहे 34 मवेशी बरामद

#### बंडोल पुलिस की कार्रवाई, नागपुर की तरफ ले जा रहे थे आरोपी



**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले में मवेशियों के अवैध परिवहन हो रहा रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए जिलेभर के थाना क्षेत्रों में रात्रि के समय गश्ती की जा रही है। सिवनी जिले के बंडोल पुलिस ने देर रात अलोनिया के पुराने टोल प्लाजा के समीप 34 मवेशियों को जब्त किया है। इन्हें नागपुर की तरफ ले जाया जा रहा था।बंडोल पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग मवेशियों के अवैध परिवहन कर रहे हैं। जहां सूचना के आधार पर पुलिस बल ने अवैध परिवहन कर रहे हैं। मवेशियों से भरा ट्रक क्रमांक एमपी 28 ॥0181 का पीछा किया। जहां ट्रक ड्राइवर ने ट्रक खड़ा कर के भाग गया। इसमें 34 गाय-बैल बरामद किए। थाना प्रभारी ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। मवेशियों को सुरक्षित गोशाला भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बंडोल थाना प्रभारी राजेश दुबे के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक अमर उइके, राजेश सरयाम, सुधीर डेहरिया, प्रदीप चौधरी, दीपेश रघुवंशी ने कार्रवाई की है।

### घर के अंदर से सोने का बिस्किट बरामद

**रीवा, देशबन्धु।** 'पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन पर थाना प्रभारी अमहिया अरविंद सिंह राठौड़ ने घर के अंदर से सोने का बिस्किट का टुकड़ा चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मीडिया को जानकारी देते हुए अमहिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि फरियादी अनिल कुमार गुप्ता पिता महेश प्रसाद गुप्ता उम्र 52 वर्ष निवासी एस एम एस टावर शिल्पी प्लाजा कोठी रोड थाना अमहिया के द्वारा रिपोर्ट की गई थी घर में इनवर्टर लगाने आए व्यक्तियों द्वारा घर के अंदर कमरे में रखे सोने का बिस्कुट का टुकड़ा करीबन 30 ग्राम एवं नगदी 14000 कुल मशरुका लगभग 200000 चोरी हो गया है रिपोर्ट पर थाना अमहिया में अपराध क्रमांक 343/2023 धारा 380 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दौरान विवेचना में लिया।

# श्रीमद्भागवत पुराण की कलश शोभायात्रा निकली

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** बुढ़ानसागर के तट पर गांधीग्राम के बड़े हनुमान मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभ आयोजन किया गया है ।इस उपलक्ष्य में कथाव्यास कटाव धाम वाले संत सिया बल्लभ दास वेदांती महाराज के सानिध्य में श्रीमद् भागवत पुराण एवं कलश शोभायात्रा का नगर भ्रमण हुआ।

श्रीमद्भागवत पुराण को यजमानो द्वारा शिरोधार्य कर गाजे बाजे व महिलाओं,कन्याओं के सैकड़ों ज्योति कलशो के साथ हनुमान पताका लिए हुए शोभायात्रा क्रमशः रामजानकी मन्दिर मानस भवन, सांई मंदिर, बड़ी मढ़िया नौदेवी मंदिर पहुंची,खेरमाई मन्दिर , भैरव घर माता मंदिर ,बरमबाबा होते हुए बड़े हनुमान मंदिर बुढ़ान सागर पहुंची।यहां परविद्वान पुरोहितों ने देवी देवताओं का पूजन अर्चन किया गया यहां से होती हुई नगर के मुख्य मार्गों में होते हुए आयोजन स्थल बड़े हनुमान मंदिर पहुंची।

पुराण बैठकी पूजन उपरान्त माहात्म्य पर बोलते हुए कथा व्यास सिया बल्लभ दास वेदांती महाराज ने कहा कि ज्ञान का पुंज है श्रीमद भागवत कथा।जिस प्रकार से सूर्य सम्पूर्ण सृष्टि में अंधकार का नाश कर प्रकाश का प्रादुर्भाव करता है उसी प्रकार श्रीमद्भागवत महापुराण मनुष्य के मन में व्याप्त अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश करता है। भागवत सप्ताह एक अनुष्ठान है। ईश्वर की अनुकम्पा होने पर ही सत्संग का लाभ मिलता है। प्रवचनकर्ता कथा व्यास वेदांती महाराज ने प्रथम दिवस भागवत कथा के अवसर पर ग्राम के कई श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित हुए। कथा के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोचार के साथ गणेश वंदना , बड़े अनगढ़ हनुमान जी व भागवत पुराण पूजन किया गया।

**भागवत कथा श्रवण से मिलती है मुक्ति**-कथा वाचक वेदांती जी ने कहा कि कलयुग के प्रभाव के कारण आसुरी वृती के लोग ज्यादा है जो दूसरों को सुखी देखकर दुखी होते हैं। उन्होंने उपस्थित धर्म प्रेमी सज्जनों से कहा कि कथा सुनने में शर्म नहीं करनी चाहिए। कथा से जीवन और मृत्यु दोनों ही सुधर जाते हैं।शोभा यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल,सरपंच राधा विवेक चौरसिया, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता राजेश त्रिपाठी, नथ्थूलाल चौरसिया, मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा, मुकेश असाटी, भूपत चौरसिया, नर्मद चौरसिया, नरेंद्र त्रिपाठी, राम निरंजन दुबे छोटेलाल साहू, नरेन्द्र त्रिपाठी , विशाल चौरसिया, रवि चौरसिया, शेरु चौरसिया, गुलाब चौरसिया भक्तों में यजमान ने श्रीमद् भागवत पुराण की आरती की।

# बरेला व्यापारी संघ का शपथ ग्रहण आयोजित

**बरेला, देशबन्धु।** बरेला व्यापारी संघ के द्विवर्षीय चुनाव एवं कार्यकारणी का गठन होने के पश्चात आज परमहंस दादा ठनठन पाल महराज मंदिर से पूजन करके नव निर्वाचित अध्यक्ष आशीष जैन,बाबी, उपाध्यक्ष एड.मुकेश साहू, योगेश दुबे,मुखिलेश जैन, दिनेश सोनी, महासचिव अमिताभ नामदेव,सह सचिव अजय पटेल गोलू कोषाध्यक्ष विशाल सोनी, सह




कोषाध्यक्ष रजनीश जैन, संगठन मंत्री प्रहलाद चोकसे, इंद्रजीत सिंह पटेल संजू, प्रचार मंत्री समर सिंह पटेल, सचिन अग्रवाल, संरक्षक मंडल, आमंत्रित अतिथियों के साथ नगर भ्रमण करते हुए सामुदायिक भवन पहुंचे। मां सरस्वती जी की स्तुति कर मुख्य अतिथि श्री जी पी चौरसिया प्राचार्य बंनी लाल पाठक शा.महाविघालय , सभा अध्यक्ष गोपाल केशरवानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों के स्वागत उपरांत,नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सर्वप्रथम शपथ दिलाई गई। वक्ताओं में नगर निरीक्षक जितेन्द्र पाठकार, मोनेश साहू, संरक्षक सुभाष चौरसिया, अध्यक्ष आशीष जैन ने अपने विचार व्यक्त किए और संगठन को मजबूत करने सुझाव दिए।इस अवसर पर विमल जैन,सतीश साहू, जहीर अहमद, श्रीकांत उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष सतेन्द्र गर्ग, दिनेश पटेल, राजेश सोनी, राकेश जैन,नरेश पटेल, महेश मानव,रीतेश श्रीवास, सरपंच आशीष शुक्ला सहित पार्षदगण, समस्त सम्माननीय व्यापारीगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन संरक्षक अरविन्द तिवारी ने एवं आभार व्यक्त कोषाध्यक्ष विशाल सोनी ने किया।

# आधी रात दबिश देकर अवैध कोयला किया बरामद

**शहडोल, देशबन्धु।** कोयलांचल नगरी धनपुरी की पुलिस ने बीती रात दबिश देकर एक ठीहे से भारी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है जबकि उसके अन्य साथियों की तलाश पुलिस कर रही है।धनपुरी पुलिस को बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि मोहम्मद जाकिर, इताबुल रहमान एवं राजा लकड़ा अमलाई ओसीएम से कोयला चोरी कर बिक्री करने के उद्देश्य से शंकर सिंह की बाड़ी ग्राम सिलपरी में रखे हुए हैं। मुखबिर की सूचना बिल्कुल पुख्ता थी, इसलिए धनपुरी थाना प्रभारी संजय जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर के बताए स्थान पर अर्धरात्रि घेराबंदी कर दबिश दी।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहांएक व्यक्ति मिला जबकि अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पुलिस ने जब उक्त व्यक्ति से पूछताछ की तो उसने अपना नाम इताबुल रहमान उम्र 47 वर्ष निवासी कच्छी मोहल्ला बताया। पुलिस ने यहां से करीब 15 टन कोयला एवं एक मोटर सायकिल को जप्त कर लिया। उक्त सभी आरोपियों के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

इस महत्वपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी संजय जायसवाल के नेतृत्व में सउनि भूपेन्द्र कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र सिंह, आरक्षक अमित सिंह, राजेन्द्र शर्मा एवं वीरेन्द्र मौर्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पाटन-पौड़ी मार्ग पर आए दिन फंस रहे भारी वाहन




**पाटन, देशबन्धु।** पाटन चौराहे से कटंगी पौड़ी मार्ग जिसकी दूरी लगभग 20 किलो मीटर है यह सिंगल मार्ग है और वाहनों की क्रॉसिंग के लिए साइड पट्टी नही बनाई गई है जिसके कारण वाहन क्रॉसिंग करते समय सड़क किनारे मिट्टी में धस जाते है।

मीडिया से चर्चा के दौरान रोहित पटेल,राकेश दुबे,पवन बर्मन ने बताया कि यह पाटन कटंगी सिंगल लाइन मार्ग है जब सामने वाले वाहन को साईड देना हो या पीछे वाले वाहन को साइड देना हो तब ऐसी स्थिति में हैवी वाहनों को साइड देना बड़ा मुश्किल हो जाता है क्योंकि सड़क की पट्टी उतारने पर वाहन मिट्टी,कीचड़ में फस जाते है। बरसात के मौसम में हैवी वाहन चालकों को बड़ी मुश्किल हो जाती है। जब उक्त सड़क की शिकायत लोक निर्माण विभाग से की गई है लेकिन विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं जिसके कारण यह समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। पाटन-पौड़ी मार्ग की साइड फिलिंग नहीं होने से ट्रक,बस फोर व्हीलर वाहन मिट्टी में फस रहे है। क्रॉसिंग के दौरान एक 10 चक्का हैवी ट्रक सड़क की साईड पट्टी में धस गया था जिसके कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। और पाटन-कटंगी मार्ग कुछ समय के लिए बंद हो गया था जाम लगने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा था ट्रक फसने से करीब 3 घंटे यह मार्ग अवरूद्ध रहा,जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग पाटन के बड़े बाबू गोविंद सिंह से बात की गई तो उनके द्वारा इस संबंध में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया गया। जब उच्च अधिकारी अपर्णा त्रिपाठी अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग का मोबाइल नंबर बताने के लिए कहा तो उनके द्वारा मो न देने में असमर्थता जाहिर की है।

# धान का वजन बढ़ाने बोरियों में कंकड-पत्थर मिलाने वाले दो इनामी आरोपी गिरफ्तार

## थाना सिंहपुर पुलिस को अब भी दो आरोपियों की तलाश

**सतना, देशबन्धु।** अवैध तरीके से लाभ कमाने के लालच में धान की बोरियों का वजन बढ़ाने के लिए कंकड़- पत्थर मिलाने वाले दो इनामी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धोखाधड़ी कर शासन को 63,03,600 रुपए का चूना लगाने वाले इसी मामले में अब सिंहपुर थाना पुलिस को एक महिला समेत दो आरोपियों की तलाश कर रही है। पकड़े गए आरोपियों को रविवार को कार्रवाही क बाद अदालत में पेश कर दिया गया।

यह है मामला

फरियादी केएस भदौरिया सहायक आपूर्ति अधिकारी ने 22 जनवरी 2023 को रिपोर्ट लिखाई थी कि सुषमा लोनिया पति जगदीश लोनिया, योगेश पाण्डेय




पिता बृजगोपाल पाण्डेय, विनीत पाण्डेय पिता मुचकुंद पाण्डेय सभी निवासी ग्राम बंडी तहसील नागौद एवं सतीश गौतम पिता रमेश गौतम निवासी ग्राम शिवराजपुर ने 17 दिसंबर 2022 से 16 जनवरी 2023 के बीच वैष्णों देवी स्व सहायता समूह संचालित कर धान उपार्जन केन्द्र शिवराजपुर से अवैधानिक लाभार्जन के उद्देश्य से अमानक, कंकड-पत्थर, मिट्टी, रेत युक्त धान क्रय किया है। धान की बोरियों में धान की मानक वजन 40 किलो प्रति बोरी नहीं भरकर उससे काफी कम मात्रा में अमानक काली, बदरंग धान भरकर बोरियों का वजन बढ़ाने के उद्देश्य से 15,450 बोरी धान में लगभग आधे कंकड-पत्थर, मिट्टी, रेत मिलाकर आरोपियों ने आपराधिक षडयंत्र किया। जिससे शासन को करीब 63,03,600 रुपए की क्षति हुई है।

**पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी**

पुलिस ने विवेचना में अपराध सिद्ध पाए जाने पर 13 अगस्त को आरोपी सतीश कुमार गौतम पिता रमेश कुमार गौतम निवासी शिवराजपुर को शिवराजपुर से एवं आरोपी योगेश पाण्डेय पिता बृजगोपाल पाण्डेय निवासी बंडी थाना सिंहपुर को ग्राम बंडी से गिरफ्तार कर लिया। अदालत में पेश करने के बाद यह दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए। आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक शैलेन्द्र पटेल थाना प्रभारी सिंहपुर, एएसआइ दीपक कुमार, एएसआइ देवेन्द्र मिश्रा, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, शोभित सिंह, उप निरीक्षक साइबर सेल अजीत सिंह की अहम भूमिका रही।

# एटीएम बदलकर धोखाधड़ी, बैंक खाता से 2 लाख 27 हजार रुपए निकालने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** फरियादी खुमान प्रसाद प्रजापति पिता स्व. श्री बारेलाल प्रजापति उम्र 57 वर्ष निवासी इन्द्रपुरी कॉलोनी पन्ना द्वारा थाना कोतवाली पन्ना में रिपोर्ट की गई कि दिनांक 21/07/23 को मैं अपनी बैंक पासबुक में इन्ट्री करवाकर घर आया और पासबुक अपने बेटे को दिखाई तो पता चला कि मेरे बैंक खाता से अलग-अलग दिनांक को कुल 02 लाख 27 हजार 523 रूपये आहरित हुये हैं । इसके बाद जब मैनें ए.टी.एम. कार्ड निकालकर अपने बेटे को दिखाया तो उस कार्ड में शिव शक्ति बेल्डिंग वर्क्स लिखा था तब जाकर मुझे याद आया कि पूर्व में दिनांक 28/03/23 को ए.टी.एम. बूथ में मेरे साथ घुसे 02 अज्ञात लोगो द्वारा बातो में उलझाकर धोखाधड़ी पूर्वक मेरा ए.टी.एम. कार्ड बदल लिया गया है । ए.टी.एम. कार्ड बदलकर उक्त व्यक्तियों द्वारा धोखाधड़ी पूर्वक मेरे बैंक खाता में जमा 02 लाख 27 हजार 523 रूपये की राशि आहरित कर ली गई है । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पन्ना में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 531/23 धारा 379, 420, 34 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।



**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**- थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना उनि अनफासुल हसन द्वारा घटना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया।

## रूस ने क्रीमिया पर यूक्रेन के ड्रोन हमलों को किया विफल

**मॉस्को।** रूस ने क्रीमिया पर बीती रात यूक्रेन के हवाई हमलों को विफल करते हुए उसके 20 ड्रोनों को मार गिराया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार सुबह बताया कि कल रात में यूक्रेन द्वारा क्रीमिया प्रायद्वीप के क्षेत्र में बीस मानवरहित हवाई वाहनों (ड्रोनों) से किये आतंकवादी हमले के प्रयास को विफल कर दिया गया। मंत्रालय ने बताया कि चौदह यूक्रेनी ड्रोन रूस की वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा नष्ट कर दिए गए, जबकि अन्य छह यूएवी को इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के जरिए निष्क्रिय किया गया। उन्होंने बताया कि हमले से जानमाल की क्षति नहीं हुई है।

# अमेरिका में जंगल की आग में 89 लोगों की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य हवाई में माउई के जंगलों में लगी आग में कम से कम 89 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अमेरिका के एक सदी के इतिहास में यह जंगल में आग लगने की सबसे घातक घटना है। इससे पहले उत्तरी कैलिफोर्निया में बट काउंटी के जंगलों में 2018 में लगी आग में 85 लोगों की मौत हुई थी। इस घटना को कैम्प फायर नाम से जाना जाता है।

इससे पूर्व 1918 में मिनेसोटा के कार्लटन काउंटी के वनों में लगी आग में हजारों घर जल कर राख हो गए थे और सैंकड़ों लोगों की जान गई थी। इसे क्लोक्रेट फायर के तौर पर जाना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी माउई के कानापाली में शुक्रवार शाम को आग भड़क गई थी लेकिन अधिकारियों ने इसे बुझाने में कामयाबी हासिल की।



अमेरिकी की एजेंसियों के मुताबिक 2100 एकड़ का इलाका पूरी तरह साफ हो गया है और कम से कम 5.5 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। सरकार ने यह भी कहा है कि अभी मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है क्योंकि लगातार शव बरामद किए जा रहे हैं। जिन लोगों के घर और परिवार तबाह हो गए हैं सरकार का फोकस उनके रहने और खाने का इंतजाम करने और परिवारवालों से मिलाने पर है.

प्रांत के अटॉर्नी जनरल एनी लोपेज ने कहा कि तेज हवाओं की वजह से आग तेजी से फैल गई। यह अमेरिका के इतिहास की में सबसे खतरनाक प्राकृतिक आपदा है।

इससे पहले 1960 की सुनामी में 61 लोगों की जान गई थी। प्रशासन ने लोगों को माउई लौटने की इजाजत दे दी है। बता दें कि मंगलवार को सबसे पहले आग की जानकारी मिली थी। अब एजेंसियों का कहना है कि आग पर काबू पा लिया गया है।

## आज का इतिहास

1862– बंबई उच्च न्यायालय की स्थापना।
1908– इंग्लैंड के फोकेस्टोन में पहली सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन।
1917– चीन ने जर्मनी और आस्ट्रिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1924– प्रसिद्ध लेखक एवं पत्रकार कुलदीप नैयर का जन्म।
1938– बीबीसी की पहली फीचर फिल्म (स्टूडेंट ऑफ प्राग) टेलिविजन पर प्रसारित।
1945– जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों के सामने आत्मसमर्पण किया
1947– भारत का विभाजन, पाकिस्तान पृथक राष्ट्र बना।
1968– मोरारजी देसाई पाकिस्तान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान निशान–ए–पाकिस्तान से सम्मानित।
1971– बहरीन को 110 वर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली।
1975– पाकिस्तानी सेना ने राष्ट्रपति मुजीब उर–रहमान का तख्तापलट किया।
2001– मेसेडोनिया सरकार तथा अल्बानियाई विद्रोहियों में समझौता, आयरिश रिपब्लिकन आर्मी द्वारा निशस्त्रीकरण से इन्कार।

## मोदी ने सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रसिद्ध परमाणु भौतिक विज्ञानी विकास सिन्हा के निधन पर शोक व्यक्त किया है और कहा है कि वह वैज्ञानिक के निधन से दुखी हैं। वर्ष 2001 में पद्म श्री और 2010 में पद्म भूषण से सम्मानित, परमाणु भौतिक विज्ञानी और साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स व वेरिएबल एनर्जी साइक्लोट्रॉन सेंटर के पूर्व निदेशक विकास सिन्हा का गत शुक्रवार को निधन हो गया।

वह 78 वर्ष के थे। मोदी ने कहा कि विकास सिन्हा को विज्ञान, विशेषकर परमाणु भौतिकी और उच्च ऊर्जा भौतिकी के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए याद किया जाएगा।

## बारामूला में तीन मादक पदार्थ तस्करों गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने शनिवार को तीन सर्वाधिक वांछित कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम के तहत हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि समाज में मादक पदार्थ के खतरों को समाप्त करने के लिए तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए बारामूला पुलिस ने तीन मोस्ट वांटेड और कुख्यात मादक पदार्थ तस्करों को हिरासत में लिया है।

## जज ने सुनवाई से पहले ट्रम्प को भड़काऊ टिप्पणी करने पर चेताया

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिका के एक संघीय न्यायाधीश ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भड़काऊ बयान देने के खिलाफ चेतावनी दी है, जो 2020 के चुनाव के परिणाम को पलटने की साजिश के लिए चल रहे मुकदमे पर प्रभाव डाल सकता है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन डी.सी. में शुक्रवार को 90 मिनट की सुनवाई में, अमेरिकी जिला न्यायाधीश तान्या चुक्तान ने कहा कि एक आपराधिक प्रतिवादी के रूप में ट्रम्प के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, लेकिन स्वतंत्र भाषण का उनका अधिकार असीमित नहीं है। उन्होंने कहा, इस जैसे आपराधिक मामले में, प्रतिवादी की स्वतंत्र अभिव्यक्ति नियमों के अधीन है। वह एक आपराधिक प्रतिवादी हैं। उन पर दूसरे प्रतिवादी की तरह प्रतिबंध होंगे। तथ्य यह है कि प्रतिवादी एक राजनीतिक अभियान में लगा हुआ है, उसे किसी आपराधिक मामले में किसी भी प्रतिवादी की तुलना में अधिक या कम छूट की अनुमति नहीं दी जाएगी। न्यायाधीश तान्या चुक्तन ने इस वादे के साथ सुनवाई बंद कर दी कि मामला आपराधिक न्याय प्रणाली में किसी भी सामान्य कार्यवाही की तरह आगे बढ़ेगा, लेकिन चेतावनी दी कि एक पक्ष द्वारा भड़काऊ बयान देना अनुचित है। उन्होंने कहा, यह इस देश में न्यायिक प्रक्रिया का एक प्रमुख सिद्धांत है, उन्होंने उदाहरण का हवाला देते हुए कहा, कानूनी मुकदमे चुनाव की तरह नहीं हैं, जिन्हें मीटिंग हॉल, रेडियो और समाचार पत्र के उपयोग के माध्यम से जीता जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प सार्वजनिक रूप से जो खुलासा कर सकते हैं, वह उनकी कानूनी टीम और संघीय अभियोजकों के बीच लड़ी जा रही लड़ाइयों में से एक है। पूर्व वयस्क फिल्म अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को कथित गुप्त धन भुगतान के बारे में पूर्व राष्ट्रपति पर पहले से ही मुकदमा चल रहा है। वह दस्तावेजों के कथित दुरुपयोग से संबंधित मामले में भी आरोपी हैं।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में चीनी इंजीनियरों के काफिले पर आतंकी हमला, दो हमलावर ढेर

### आतंकी हमलों में अब तक 9 चीनियों समेत 13 की हो चुकी मौत

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रविवार को चीनी इंजीनियरों के एक काफिले पर सशस्त्र विद्रोहियों ने हमला कर दिया। द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बंदरगाह शहर ग्वादर में विस्फोटों और गोलियों की आवाज सुनी जा सकती है। दो से तीन घंटे तक गोलीबारी जारी रही। पुलिस के साथ काउंटर अटैक में दो हमलावर ढेर हो चुके हैं।

यह आतंकी हमला पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर के फकीर कॉलोनी के पास हुआ। सरकारी अधिकारियों ने भी ग्वादर में चीनी इंजीनियरों पर हमले की पुष्टि की है। बलूचिस्तान पोस्ट ने एक मीडिया विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि चीनी इंजीनियरों के काफिले पर हमला सुबह करीब 9:30 बजे हुआ और लगभग दो घंटे से भीषण गोलीबारी जारी रही। समाचार लिखे जाने तक किसी भी आतंकी समूह ने घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार,



अधिकारियों ने शहर को हाई अलर्ट पर रखा है और कथित तौर पर प्रवेश और निकास पर प्रतिबंध लगा दिया है।

पुलिस के साथ काउंटर अटैक में दो हमलावर ढेर हो चुके हैं। गौरतलब है कि पिछले साल मई में कराची विश्वविद्यालय में चीन निर्मित कन्फ्यूशियस संस्थान के कर्मचारियों को ले जा रही एक मिनीबस पर एक बुर्का पहने बलूच महिला आत्मघाती हमलावर ने हमले में तीन चीनी नागरिकों (शिक्षकों) सहित चार लोगों की हत्या कर दी थी। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हमले की जिम्मेदारी ली थी, जो पिछले साल पाकिस्तान में काम कर रहे सदाबहार सहयोगी चीन के नागरिकों के खिलाफ पहला बड़ा हमला था।

जुलाई 2021 में, उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान में इंजीनियरों को ले जा रही एक बस पर बमबारी की गई। जिसमें नौ चीनी श्रमिकों सहित तेरह लोगों की मौत हो गई थी। दबाव में आकर पाकिस्तान ने मारे गए चीनी श्रमिकों के परिवारों को लाखों का मुआवजा दिया। चीन ने हमले की जांच के लिए अपनी टीम भी भेजी थी।

अप्रैल 2021 में, क्वेटा में चीनी राजदूत की मेजबानी कर रहे एक लक्जरी होटल में आत्मघाती बम हमले में चार लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। राजदूत को कोई चोट नहीं आई। इससे पहले 2020 में बलूच अलगाववादियों ने पाकिस्तान के स्टॉक एक्सचेंज पर हमला किया था जहां चीनियों का बड़ा निवेश है। इसके बाद 2018 में कराची में चीनी वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ।

## सुडोकू 6286

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 9 | | | | | 3 |
| | 2 | | | 6 | 3 | 7 | | |
| | | | | 4 | | | | 5 |
| | | 4 | 1 | | | 6 | | 2 |
| | | | | | | | | |
| 7 | | 9 | | | 6 | 3 | | |
| 4 | | | | 5 | | | | |
| | | 6 | 3 | 9 | | | 2 | |
| 3 | | | | | 7 | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## कनाडा के एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़, खालिस्तानी उग्रवादियों की करतूत

**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों ने एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की है और भारतीय समुदाय के बीच डर पैदा करने के लिए कनाडा–संयुक्त राज्य अमेरिका की सीमा पर फ्रेजर नदी के दक्षिण में स्थित सरे शहर के एक मंदिर के मुख्य द्वार पर पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर में हरदीप निज्जर की हत्या पर जनमत संग्रह कराने की बात कही गई है। द आस्ट्रेलिया टुडे ने खालिस्तानियों की करतूत का एक वीडियो भी ट्वीट किया है, जिसमें दो नकाबपोश खालिस्तान समर्थकों को मंदिर के प्रवेश द्वार पर पोस्टर चिपकाते हुए देखा जा सकता है।

पोस्टर पर लिखा गया है कि 18 जून को हुई हत्याकांड में भारत की भूमिका की जांच पर खालिस्तान समर्थक जनमत संग्रह कराने जा रहे हैं। पोस्टर पर जतिंदर हरदीप सिंह निज्जर की तस्वीर लगाकर उसे शहीद बताया गया है।

18 जून को कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसे भारत सरकार ने डेजिग्नेटेड आतंकी घोषित किया था। हाल ही में भारत सरकार ने 41 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें हरदीप निज्जर का भी नाम शामिल था।

सरे शहर में ही निज्जर को गोली मारी गई थी। वह कनाडा के सिख संगठन सिख फॉर जस्टिस से जुड़ा हुआ था। निज्जर पंजाब के जालंधर जिले का रहने वाला था। वह पिछले कई सालों से कनाडा में रह रहा था और खालिस्तान आंदोलन को हवा दे रहा था।

## गद्दार नहीं हूं, नसरुल्लाह के साथ आऊंगी भारत वापस पाक में सफाई देती घूम रही अंजू

**इस्लामाबाद।** राजस्थान के अलवर से पाकिस्तान गई अंजू के वीडियो अकसर सामने आते रहते हैं। हालांकि अब उसके सुर बदलने लगे हैं। बीते दिनों उन्होंने कहा था कि वह भारत लौटना चाहती हैं। परिवार की बेइज्जती को लेकर भी दुख जताया था। अब एक और वीडियो सामने आया है जिसमें अंजू नसरुल्लाह के साथ दिखाई दे रही हैं। अंजू इस वीडियो में सफाई देती हैं और कहती हैं कि वह गद्दार नहीं हैं।

कोई उनका दुश्मन नहीं है। वह भारत आने की बात दोहराती हैं और कहती हैं कि अकेले भी और नसरुल्लाह के साथ भी वह कुछ महीने में भारत आएंगी। अंजू इस वीडियो में लाल सूट में नजर आईं। साथ ही उनके तथाकथित पति और फेसबुक फ्रेंड नसरुल्लाह भी बैठे थे। अंजू ने कहा, उन्हें यही लग रहा है कि मैं यहां आकर यहां की तारीफ करती हूं। ऐसा नहीं है। जो है वो बता रही हूं। इंडिया भी खूबसूरत है। सारी एक जमीन है ये। वो भी अपनी जगह बहुत खूबसूरत है। मैं इंडिया भी साथ जाऊंगी।

अकेले भी जाऊंगी और साथ में भी जाऊंगी। मीडिया में मेरे बारे में निगेटिव बताया जाता है। लेकिन मैंने ना अपने देश से गद्दारी की है ना अपने बच्चों से की है। बस यही मेरा मेसेज है कि मेरे लिए थोड़ा सा पॉजिटिव सोचें, निगेटिव नहीं। मैं दुश्मन नहीं हूं किसी की। अंजू ने पहले भी कहा था कि पाकिस्तान जाना उनका निजी फैसला था। उन्होंने कहा कि वह अपने बच्चों से मिलना चाहती हैं और भारत को मिस करती हैं।

## वर्ग पहेली 6286

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**
१. ... के कारण, के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपा कर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य, काव्य अभिनय
२२. दुर्बल, कमजोर
२३. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:–**
१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना (मुहावरा)
३. अभिनेता (उर्दू)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. नामुकम्मल, अपूर्ण
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार का ज्योतिष
२२. होंठ

## वर्ग पहेली–6285

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | वा | ■ | १० रा | जी | व | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | र्द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्ज | ■ |
| २१ आ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हां | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**तैयारी** *सबसे पुरानी पार्टी का मुख्य आधार बनने को तैयार कर्नाटक*

# लोकसभा चुनाव से पहले बनेगा इंडिया गठबंधन की प्रेरक शक्ति

**बेंगलुरु, (एजेंसियां)। कर्नाटक आगामी संसदीय चुनावों में भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) के लिए ऊर्जा का स्रोत बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रचंड बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी को सत्ता में चुनने के बाद राज्य अब सबसे पुरानी पार्टी का मुख्य आधार बन गया है। अपनी गारंटी योजनाओं के कार्यान्वयन और अल्पसंख्यक।**

हिंदूलिदा और दलित (अहिंदा) ब्लॉक के मतदाताओं के ध्रुवीकरण तथा प्रभावशाली लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों के बीच संतुलन बनाने में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सफलता से राज्य में कांग्रेस लगातार मजबूत होती जा रही है। गारंटी योजनाओं से जनता खुश है। कांग्रेस सरकार ने पूरे प्रदेश में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा योजना लागू की है। अगस्त से करोड़ों परिवारों को 200 यूनिट तक मुफ्त



■ राज्य में बीस से अधिक सीटों पर जीत को लेकर पार्टी आश्वस्त

बिजली योजना के तहत पहले ही शून्य बिजली बिल मिल चुका है। मुफ्त 10 किलोग्राम चावल वितरण की योजना भी लागू की गई है और अब सरकार गृह लक्ष्मी योजना शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसके तहत बीपीएल परिवारों की महिला मुखियाओं को 2,000 रुपए दिए जाएंगे। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि कर्नाटक में हर दूसरे दिन, प्रत्येक परिवार किसी न किसी गारंटी योजना का उपयोग करेगा। इसलिए, पार्टी राज्य में लोकसभा चुनाव में 20 से अधिक सीटों पर जीत को लेकर आश्वस्त है। भाजपा हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और पीएम मोदी के मुद्दे पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जबकि कांग्रेस ब्रांड सीएम सिद्दारमैया, अहिंदा वोट बैंक और गारंटी योजनाओं के साथ चुनाव लड़ेगी। क्षेत्रीय ताकत जद (एस) का इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं होना कांग्रेस के लिए चिंता का कारण नहीं है क्योंकि वह अपने ही मैदान परउपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार से हार गई थी जिन्हें कांग्रेस ने वोक्कालिगा चेहरे के रूप में पेश किया था। जद (एस) का मांड्या जिले की सभी सात सीटों पर कब्जा रहता था, लेकिन इस बार केवल एक सीट जीतने में सफल रही। पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पोते और पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी को रामानगर सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। वरिष्ठ पत्रकार चन्नबसप्पा रुद्रप्पा ने कहा कि कर्नाटक कांग्रेस पार्टी की प्रेरक शक्ति बनने जा रहा है। गारंटी योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं में सशक्तिकरण की भावना का अनुभव हो रहा है। गृह लक्ष्मी योजना में महिलाओं को 2,000 रुपए मिलते हैं। इससे उन्हें अधिक स्वतंत्रता भी मिलेगी।

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जाति की राजनीति से ऊपर उठने में सफल रहे हैं। लेकिन, कर्नाटक भाजपा में ऐसा कोई नेता नहीं है जो योगी आदित्यनाथ की ताकत या करिश्मा का मुकाबला कर सके।

# खेल जगत

## वर्ल्ड कप से पहले स्टोक्स की वनडे में वापसी की उम्मीद है : मैथ्यू मॉट

लंदन। इंग्लैंड के सीमित ओवर के कोच मैथ्यू मॉट ने कहा है कि वह टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को उनकी बल्लेबाजी क्षमता के आधार पर विश्व कप टीम में शामिल करने के लिए तैयार हैं और उन्होंने खुलासा किया कि सीमित ओवरों के कप्तान जोस बटलर स्टोक्स के साथ बातचीत करेंगे। डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड ने वर्ल्ड कप की तैयारियां शुरु कर दी हैं लेकिन उन्हें इस बार एक स्टार खिलाड़ी की कमी खल सकती है। दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर्स में गिने जाने वाले बेन स्टोक्स वनडे से संन्यास ले चुके हैं। मगर इंग्लैंड की टीम मैनेजमेंट इस कोशिशों में जुटी हुई है कि स्टोक्स रिटायरमेंट से वापसी करके वर्ल्ड कप में खेलें। स्टोक्स ने पिछले साल जुलाई में वनडे से संन्यास ले लिया था और हाल ही में 2024 की शुरुआत में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए फिट होने के लिए 50 ओवर के प्रारूप से संन्यास लेने के अपने इरादे को दोहराया।



# विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंची भारतीय हॉकी टीम

**मुंबई।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार खिताबी जीत के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम, एफआईएच विश्व रैंकिंग में इंग्लैंड को पीछे छोड़ते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। जब 7 जुलाई को एफआईएच प्रो लीग सत्र की समाप्ति पर सूची को अपग्रेड किया गया था, तब भारतीय पुरुष हॉकी टीम 2746 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थी, जो इंग्लैंड के 2761 अंकों से सिर्फ 15 अंक कम थे। वहीं पहले स्थान पर नीदरलैंड (3133) और दूसरे स्थान पर बेल्जियम (2918) का कब्जा था।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत से उन्हें काफी बढ़त मिली और टीम ने अपने अंक 2771.35 तक पहुंचा दिए और इंग्लैंड से आगे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जिसके अब 2763.50 अंक हैं। नीदरलैंड ने 3095.90 अंकों के साथ नंबर 1 रैंकिंग बरकरार रखी। उसके बाद ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम 2917.87 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। विश्व चैंपियन जर्मनी 2680.04 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।

क्रमशः छठे से 10वें स्थान पर हैं – ऑस्ट्रेलिया (2517.86), स्पेन (2492.9), अर्जेंटीना (2350.07), मलेशिया (2041.37) और न्यूजीलैंड (1965.30)। मलेशिया, जो चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के रोमांचक फाइनल मैच में भारत से हार गया था, उसे भी एक रैंक की बढ़त मिली है। टीम ने न्यूजीलैंड को पछाड़कर एक स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर कब्जा किया। 7 जुलाई के 1953 अंक की तुलना में अब उनके 2041.37 अंक हैं।

यह इस आयोजन में भारत का चौथा खिताब है क्योंकि उन्होंने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ तीन खिताब (दो पूर्ण और एक साझा) का रिकॉर्ड तोड़ दिया, और इस आयोजन में सबसे सफल टीम बन गई। भारत ने इससे पहले ओपनिंग सीजन 2011 और 2016 में खिताब जीता था। 2018 में, उन्होंने मस्कट, ओमान में पाकिस्तान के साथ खिताब साझा किया था क्योंकि मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। टूर्नामेंट में इस रिकॉर्ड तोड़ जीत के साथ ही भारत सबसे सफल टीम बन गई।




## ऑस्ट्रेलिया की पुरुष व महिला हॉकी टीमों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** ऑस्ट्रेलियाई पुरुष और महिलाएं अपने-अपने वर्गों में अगले साल के पेरिस ओलंपिक खेलों में हॉकी के लिए सीधे क्वालीफिकेशन बर्थ हासिल करने वाली पहली टीमें बन गईं और इस मेगा इवेंट में मेजबान फ्रांस के साथ शामिल हो गईं। ऑस्ट्रेलिया की पुरुष और महिला टीमें 2023 ओसनिया कप में पड़ोसी देश न्यूजीलैंड के खिलाफ शीर्ष पर रहीं, इस प्रकार ओसनिया महाद्वीपीय चैंपियन के रूप में खेलों के लिए सीधे क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई। 2023 ओसनिया कप के प्रारूप में, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने भाग लिया था, दोनों टीमों को तीन बार एक-दूसरे का सामना करना था। ऑस्ट्रेलियाई पुरुष टीम ने दो बार जीत हासिल की और एक बार हारकर 6 अंक हासिल किए, जबकि ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने दो मैच जीते और एक ड्रा खेला, जिससे सात अंक हासिल हुए। परिणामों के अनुसार दोनों ऑस्ट्रेलियाई टीमें ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए क्वालीफाई कर गई हैं। न्यूजीलैंड की पुरुष और महिला टीमें अब एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 में भाग लेंगी, जहां उनके पास ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का दूसरा मौका होगा। पुरुषों की प्रतियोगिता में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच में 3-1 से जीत दर्ज की, कूकाबुरास ने पहले पांच मिनट के भीतर 2 गोल की बढ़त ले ली, लेकिन न्यूजीलैंड ने जल्दी ही एक गोल वापस ले लिया और अंत तक खेल में बना रहा जब 56वें मिनट में किए गए गोल ने ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी। दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया पर 4-2 से जीत दर्ज कर बाजी पलट दी।

# वर्ल्ड नंबर 1 स्वीयाटेक को हराकर पेगुला फाइनल में



**मॉन्ट्रियल (कनाडा)।** जेसिका पेगुला ने यहां वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक को तीन सेट तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। 2021 और 2022 की सेमीफाइनलिस्ट शनिवार को आईजीए स्टेडियम में कोर्ट पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहीं, उन्होंने स्वीयाटेक के अस्वाभाविक रूप से अनियमित खेल का फायदा उठाते हुए और तनावपूर्ण दूसरा सेट हारने की निराशा से उबरते हुए ढाई घंटे के खेल में 6-2, 6-7(4), 6-4 से जीत हासिल की।

दिन के पहले सेमीफाइनल की शुरुआत पेगुला से ही हुई, क्योंकि वह लगातार चार ब्रेक के बाद सर्विस बरकरार रखने वाली पहली खिलाड़ी थी, जिसने खेल की शुरुआत की जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त पोल अपनी सर्विस और अपने स्पिन फोरहैंड पर अपनी सीमा का पता लगाने में असमर्थ थी, अमेरिकी नंबर 4 वरीयता प्राप्त एक सामरिक मास्टरक्लास को अंजाम देने में सक्षम थी, स्वीयाटेक के जो भी ग्राउंडस्ट्रोक मिसफायर कर रही थी उन पर लगातार दबाव डाल रही थी और आम तौर पर सही समय के साथ अपने काउंटरपंच दे रही थी।

हालाँकि, विश्व नंबर 1 ने अपनी गुणवत्ता को लंबे समय तक अपने सामान्य मानक से नीचे नहीं रहने दिया। स्वीयाटेक, वर्तमान में लगातार 71वें सप्ताह में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर है,ने दूसरे सेट के 10वें गेम में मैच के लिए सर्विस कर रही पेगुला की सर्विस तोड़ दी और फिर बिना किसी त्रुटि के खेले गए टाईब्रेक के बाद मैच बराबर कर दिया।

जैसे ही पेगुला का संकल्प डगमगाता हुआ दिखाई दिया, स्वीयाटेक तेजी से ब्रेक लेकर आगे बढ़ी और कनाडा में अपने पहले फाइनल के दो गेम के भीतर आकर 4-2 की बढ़त बनाने में सफल रही। हालांकि- जैसा कि अधिकांश मैच में हुआ था - चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन की सर्विसिंग संबंधी समस्याएँ बनी रहीं। सातवें गेम में एक चतुर ड्रॉपशॉट विनर के बाद, जिसने बमुश्किल नेट पार किया, पेगुला ने एक और गियर में प्रवेश किया, ब्रेक हासिल कर और अपनी दो सर्विस बरकरार रख जीत से एक गेम दूर रह गयीं।

अंतिम गेम में स्वीयाटेक अपनी रेंज नहीं ढूंढ पाई - और पेगुला ने वापसी कर ली। एक आखिरी फोरहैंड वाइड गया और मैच अमेरिकी खिलाड़ी की झोली में चला गया।

# कनाडा ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे सिनर, डी मिनौर

**टोरंटो।** इटली के जैनिक सिनर और ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कनाडा ओपन 2023 में अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सातवीं सीड सिनर ने शनिवार को अमेरिका के टॉमी पॉल को 6-4, 6-4 से हराया। गैर वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने स्पेन के अलेहांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6-1, 6-3 से मात दी। पिछले मैच में दूसरी सीड दानील मेदवेदेव के साथ उलटफेर करने वाले डी मिनौर ने अपने स्पैनिश प्रतिद्वंदी के खिलाफ अनुशासन का पालन किया, जबकि फोकिना लय हासिल न कर पाने के कारण 78 मिनट में ही मुकाबला हार गये। डी मिनौर ने मैच के बाद कहा, जब मैंने कोर्ट पर कदम रखा तो मुझे मालूम था कि मुकाबला मुश्किल होने वाला था। मैंने आज कोर्ट में अपनी तरफ से अनुशासनात्मक टेनिस की उम्मीद नहीं की थी।

उन्होंने कहा, मैंने बस अपने आप से कहा कि सकारात्मक रहो, चाहे कुछ भी हो मुकाबला करते रहो और तुम्हें कभी नहीं पता कि क्या होने वाला है। तो मैंने सोचा कि आज मेरी मानसिकता बहुत अच्छी थी... मैंने सर्वश्रेष्ठ टेनिस नहीं खेला, लेकिन मैंने वह किया जो इन परिस्थितियों में आज करने की जरूरत थी।

डी मिनौर इस हफ्ते से पहले किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में नहीं पहुंचे थे और अब फाइनल में उनका सामना इटली के युवा सनसनी सिनर से होगा। डी मिनौर की तुलना में सिनर को पॉल के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह अंततः दो सेट में मुकाबला जीतने में सफल रहे।

सिनर ने जीत के बाद कहा, यह लड़ाई बेहद मुश्किल थी। वह बहुत अच्छा खेल रहा था। जब मैं मैच पॉइंट पर पहुंचा तो मैं प्रार्थना कर रहा था कि जीत जाऊं।

# बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक : विराट कोहली

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने बाबर आजम को सभी प्रारूपों में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बताया है। विराट कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में बाबर आजम के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद किया और उनकी बल्लेबाजी की तारीफ भी की।

कोहली ने एक इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा, मेरी बाबर से पहली बातचीत 2019 वनडे विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर में खेल के बाद हुई थी। मैं इमाद वसीम को अंडर-19 विश्व कप के बाद से जानता हूं और उन्होंने कहा कि बाबर बातचीत करना चाहता है।

कोहली ने कहा, हम बैठे और खेल के बारे में बात की। मैंने पहले दिन से ही अपने प्रति उनमें बहुत सम्मान और आदर देखा। इसमें अब तक कोई बदलाव नहीं आया है। इसमें कोई शक नहीं है कि वो सभी प्रारूपों में दुनिया का शीर्ष बल्लेबाज है। कोहली ने कहा, वह लगातार अच्छा प्रदर्शन करता है और मैंने उसे खेलते हुए देखना हमेशा पसंद किया है। बाबर वर्तमान में 886 रेटिंग अंकों के साथ पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष क्रम के खिलाड़ी हैं। वहीं, कोहली 705 रेटिंग अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं।




**मेरी बाबर से पहली बातचीत 2019 वनडे विश्व कप के दौरान मैनचेस्टर में खेल के बाद हुई थी। मैं इमाद वसीम को अंडर-19 विश्व कप के बाद से जानता हूं और उन्होंने कहा कि बाबर बातचीत करना चाहता है : विराट कोहली**

पाकिस्तान का यह बल्लेबाज टी-20 और टेस्ट रैंकिंग में भी शीर्ष पांच में है, जो एक ऑल-फॉर्मेट सुपरस्टार के रूप में उनकी स्थिति की पुष्टि करता है। वह रैंकिंग तालिका में सभी प्रारूपों में शीर्ष पांच में स्थान पाने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।

भारत और पाकिस्तान 2 सितंबर को एशिया कप के ग्रुप चरण के दौरान कैंडी में आमने-सामने होंगे। पहले दौर में अपने प्रदर्शन के आधार पर अगर वो आगे बढ़ते हैं, तो वे सुपर 4 चरण में भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। इसके अलावा, 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में भी इन दो चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच टक्कर होगी।

# इंग्लैंड को स्टोक्स के वनडे विश्व कप खेलने की उम्मीद

**लंदन।** इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मॉट भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर को खेलते हुए देखना चाहते हैं। स्टोक्स ने जुलाई 2022 में एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और हालिया एशेज़ श्रृंखला के बाद उन्होंने स्पष्ट किया था कि वह 50 ओवर प्रारूप में लौटने पर विचार नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि स्टोक्स को फरवरी में न्यूजीलैंड दौरे के दौरान घुटने में चोट लग गई थी, जिसके कारण वह इंडियन प्रीमियर लीग के अधिकांश सीजन में हिस्सा नहीं ले सके थे। उन्होंने पांच टेस्ट मैचों की एशेज़ श्रृंखला में इंग्लैंड की कप्तानी की, हालांकि चोट के कारण वह सिर्फ 29 ओवर ही गेंदबाजी कर सके। इस सब के बावजूद मॉट स्टोक्स को केवल बल्लेबाजी के लिये भी विश्व कप टीम में शामिल करने के लिये तैयार हैं।



मॉट ने कहा, जॉस ही इस बातचीत की अगुवाई करेंगे। बेन ने हमारे साथ बहुत सीधी बात की है। हमें देखना होगा कि वह आना चाहते हैं या नहीं। अभी तक साफ नहीं हुआ है कि वह क्या करना चाहते हैं, लेकिन हम अभी भी आशावान हैं। मैंने हमेशा कहा है कि उनकी गेंदबाजी एक अतिरिक्त लाभ होगी, लेकिन वह अपनी बल्लेबाजी से ही बहुत बड़ा फर्क पैदा करते हैं।

मॉट ने कहा, पूरी एशेज सीरीज के दौरान उन्हें देखकर लगा कि उनकी उपस्थिति बहुत अच्छी थी। जब वनडे क्रिकेट में प्रदर्शन की बात आती है तो उन्होंने वर्षों तक ऐसा किया है और इसलिए वह एक अमूल्य खिलाड़ी हैं। बेन स्टोक्स 2019 विश्व कप में इंग्लैंड के नायकों में से एक थे। उन्होंने फाइनल में अपनी यादगार नाबाद 84 रनों की पारी के लिये प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था। फाइनल में बेहद महत्वपूर्ण सुपर ओवर फेंकने वाले जोफ्रा आर्चर मेज़बान टीम के दूसरे नायक थे, हालांकि उसके बाद से चोटों के कारण आर्चर का करियर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। ससेक्स के कोच पॉल फारब्रेस ने हाल ही में घोषणा की थी कि आर्चर विश्व कप के लिये फिट होने की राह पर हैं। मॉट ने खुलासा किया कि इंग्लैंड टूर्नामेंट के दौरान आर्चर के कार्यभार को प्रबंधित करके विश्व कप के लिये उनकी फिटनेस पर दांव खेलने को तैयार है। मॉट ने कहा, इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि हम आर्चर जैसे सिद्ध खिलाड़ी पर जोखिम उठाएंगे जो विश्व मंच पर पहले भी कमाल कर चुका है।

उन्होंने कहा, हम उसे साथ ले जाने की योजना बना रहे हैं। जाहिर है, बहुत सी चीजें उसके अनुसार होनी हैं, लेकिन ऐसे खिलाड़ियों को आप हमेशा अपनी फिटनेस साबित करने का मौका देना चाहते हैं। इसलिए हम खुला दिमाग रखेंगे और ऐसा ही करेंगे। विश्व कप पांच अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू होगा जहां गत चैंपियन इंग्लैंड और गत उपविजेता न्यूजीलैंड एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

# भारत-बहरीन के बीच दूसरा फुटसाल मैच आज

**ईसा टाउन।** भारतीय फुटसाल टीम सोमवार को यहां खलीफा स्पोर्ट्स हॉल में अपने दूसरे अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में बहरीन का सामना करने के लिये पूरी तरह तैयार है। मैच भारतीय समयानुसार रात 8.30 बजे शुरू होगा। भारत ने शनिवार को अपना पहला फुटसाल मैच खेला, जहां उसे मेज़बान बहरीन के हाथों 0-3 की हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद, भारत के मुख्य कोच जोशुआ वाज़ टीम की प्रगति को लेकर आशावादी थे। वाज़ ने कहा, यह छोटे-छोटे अंतर हैं जो इस खेल में बड़ी तस्वीर बनाते हैं। पहले मैच में हमारे साथ यही हुआ था। हमारे लड़कों ने खेल में लंबे समय तक बहरीन की बराबरी करने के लिये शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन हमसे कुछ छोटी गलतियां हुईं। हम निश्चित रूप से उन पर काम करेंगे। वाज़ ने कहा, बहरीन एक बहुत अच्छी टीम है। हमने अभी फुटसाल में शुरुआत ही की है। हमारी टीम यहां से और बेहतर होगी। बहरीन के खिलाड़ी भी इस बात से हैरान थे कि हम कितने संगठित थे।

उल्लेखनीय है कि भारत इस साल के अंत में होने वाले एएफसी फुटसाल एशियाई कप 2024 क्वालीफायर के लिये तैयारी कर रहा है। वर्तमान में गैरवरीयता प्राप्त भारत को एएफसी फुटसाल एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप ई में म्यांमार, फिलिस्तीन और मेजबान ताजिकिस्तान के साथ रखा गया है। कि बहरीन के खिलाफ दूसरा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच प्रयोग करने का अच्छा समय होगा।

## सार संक्षेप

### केरल डर्बी में ब्लास्टर्स पर भारी पड़ा गोकुलम

**कोलकाता।** गोकुलम केरल एफसी ने रविवार को खेले गये डूरंड कप के करीबी मुकाबले में चिर-प्रतिद्वंदी केरल ब्लास्टर्स को 4-3 से मात दी। मोहन बागान ग्राउंड पर इमैनुएल जस्टिन (34वां मिनट), प्रबीर दास (54वां मिनट) और एड्रियेन लूना (77वां मिनट) ने ब्लास्टर्स के गोल किये, जबकि गोकुलम ने बाउबा अमिनौ (17वां मिनट), श्रीकुट्टन संतोष (43वां मिनट), एलेक्स सांचेज़ (45+1वां मिनट) और अभिजीत (47वां मिनट) के गोलों से जीत हासिल कर ली। इस ग्रुप सी मुकाबले के पहले हाफ में चार गोल देखने को मिले, जबकि दूसरे हाफ में कुल तीन गोल हुए। गोकुलम ने दूसरे हाफ के दूसरे ही मिनट में अभिजीत के गोल से 4-1 की आरामदायक बढ़त बना ली। प्रबीर और लूना ने आखिरी सीटी बजने से पहले ब्लास्टर्स के स्कोर में दो गोल का इज़ाफ़ा किया, लेकिन गोकुलम के डिफेंस ने विपक्षी टीम को चौथा गोल जमाने का मौका नहीं दिया। गोकुलम दो में से दो मुकाबले जीतकर ग्रुप-सी की तालिका में शीर्ष पर है, जबकि अपना पहला मैच हारने के बाद ब्लास्टर्स अगले दो मुकाबले जीतने की कोशिश करेगा।

### हम स्पेन को मुश्किल समय देंगे : अस्लानी

**ऑकलैंड।** स्वीडन महिला फुटबॉल टीम की खिलाड़ी कोसोवारे अस्लानी ने फीफा महिला विश्व कप 2023 सेमीफाइनल से पहले कहा है कि स्पेन का खेलने का तरीका जापान से मिलता-जुलता है और वह स्पैनिश टीम को %मुश्किल समय% देने की क्षमता रखते हैं। स्वीडन ने शुक्रवार को खेले गये क्वार्टरफाइनल में जापान को आसानी के साथ 2-1 से हराया। अस्लानी की टीम अब मंगलवार को सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगी, जो क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर आ रही है। अस्लानी ने मैच से पहले फीफा से कहा, वह एक बेहद ही कुशल और तकनीकी टीम है।

# हमारी भारतीय हॉकी टीम की ताकत ही एक दूसरे पर भरोसा और तालमेल : फुल्टन

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

चेन्नै। क्रेग फुल्टन चीफ कोच के रूप भारतीय हॉकी टीम को अगले महीने हांगजू(चीन) में होने वाले एशियाई खेलों से पहले यहां एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जिता कर पहले बड़े इम्तिहान में पास हो गए। क्रेग फुल्टन बतौर कोच भारतीय हॉकी की बागडोर संभालने के दो महीने के भीतर उसे 'स्ट्रक्चर' के अनुरूप ढालने में कामयाब रहे। भारत के यहां मलयेशिया के खिलाफ एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी फाइनल में जूझने की बाबत फुल्टन ने कहा, % हमने जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में बेहतरीन खेल दिखाकर जीत हासिल की। भले ही मलयेशिया के खिलाफ यहां फाइनल में हमें जीत के लिए कुछ संघर्ष करना लेकिन हम उसके खिलाफ बुरा नहीं खेले। मलयेशिया ने पहले हाफ में मैच खेल अपने काबू में रखा। पिछडने के बाद हम जानते थे कि एक गोल कर लेते हैं तो हम इस फाइनल में वापसी कर सकते हैं। हम अपनी भारतीय टीम में खासतौर पर नौजवान खिलाडियों से यही चाहते हैं कि वे आपस में एक दूसरे पर भरोसा करं। हमारी टीम ने 1-3 से पिछडने के बाद जिस तरह बड़ा जिगरा दिखाया वह शानदार है। हमारी भारतीय हॉकी टीम की ताकत ही आपस में एक दूसरे पर भरोसा और तालमेल है। टीम के नौजवान खिलाडियों ने मैदान पर फाइनल में गजब की वापसी कर यह भरोसा दिखाया कि वे मैदान पर अपना काम सही ढंग से कर सकते हैं।यह एशियन चैंपियंस ट्रॉफी थी एशियाई खेल नहीं। हमें मालूम है एशियाई खेल जीतने के लिए हमें क्या करना है। मुझे अपनी टीम के खिलाडियों पर भरोसा होना है। हम बराबर आपस में चर्चा करते है लेकिन एशियाई खेलों के लिए रणनीति क्या होगी यह मैं आपसे नहीं बाटूंगा। फाइनल जीतने में हमारी टीम में सभी ने अपनी भूमिका निभाई। 1-3 से पिछड़े के बाद गजब का जीवट और जज्बा दिखाना शानदार है। हमनें एशियाई खेलों से पहले अपनी बहुत खामियों को दूर करने की कोशिश है।चाहे ओलंपिक खेल हों, विश्व कप या एशियाई खेल फाइनल में कुछ भी मुमकिन है। इसमें आपको जेहनी तौर पर मजबूती की जरूरत होती।'



■ फिटनेस के साथ स्ट्रक्चर में खेलना, रफ्तार और हॉकी कौशल भी जरूरी

■ हमें मालूम है एशियाई खेल जीतने के लिए हमें क्या करना है

फुल्टन कहते हैं, %फाइनल हमेशा पेचीदा ही होता है। इसमें कुछ भी मुमकिन है। ऐसे में हमारे लिए मलयेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों से पहले एशियन चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जैसा बेहद संघर्षपूर्ण मैच खेलना जरूरी था।

हमें अपने पैर जमीन पर रखने थे यानी मुश्किल हालात में खुद पर नियंत्रण बनाए रखना जरूरी था। हमारी टीम ने मुश्किल से उबरने का जज्बा दिखाया। फिर भी यह बात भी समझनी होगी शनिवार का फाइनल एशियाई खेल का मुकाबला नही थी। हम हमेशा और बेहतर कर सकते हैं और मजबूत हो सकते हैं। खिलाड़ी के रूप में जेहनी तौर पर आपमें यह जज्बा होना चाहिए बतौर टीम आप कुछ भी कर सकते है और किसी भी चुनौती से निपट सकते है। किसी भी काम को कर सकते हैं। फाइनल में मलयेशिया के खिलाफ हाफ टाइम में हमारे बीच अच्छी चर्चा हुई और यह कारगर रही और हमारे लड़कों बाजी पलट दी। फिट होना कोई जीत की गारंटी नहीं है लेकिन आप इसके बिना भी कतई कुछ नहीं कर सकते। जीत के लिए फिटनेस के साथ स्ट्रक्चर में खेलना, रफ्तार और हॉकी कौशल भी जरूरी है। अब जल्द ही एशियाई खेलों के लिए हमारी टीम का शिविर लगेगा। हम इस शिविर में आगे एशियाई खेलों के लिए अपनी तैयारियों की चर्चा करेंगे। हमारी टीम पिछले 12 मैचों से अब तक अजेय है।

फुल्टन ने मध्यपंक्ति में हमें खुल का खेलने की छूट दी हैन्मनप्रीत

अनुभवी मनप्रीत सिंह , 'मेरी बतौर खिलाड़ी और टीम कोशिश मैदान पर अपनी शिद्दत से खेल टीम को जिताने की रही। मुझे जो भी भूमिका दी जाती है मैंने उसे शिद्दत से निभा ने की कोशिश की हे।

## सुडोकू 6286 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 | 3 | 8 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 |

# कृषि जगत





## धान की खेतीः कैसे कम करें लागत और कमाएं ज्यादा मुनाफा



धान भारत की मुख्य फसल है। मुख्यतौर पर ये मॉनसून की खेती है लेकिन कई राज्यों में धान सीजन में दो बार होता है। धान, भारत समेत कई एशियाई देशों की मुख्य खाद्य फसल है। इतना ही नहीं दुनिया में मक्का के बाद जो फसल सबसे ज्यादा बोई और उगाई जाती है वो धान ही है। करोड़ों किसान धान की खेती करते हैं। खरीफ सीजन की मुख्य फसल धान लगभग पूरे भारत में लगाई जाती है। अगर कुछ बातों का शुरु से ही ध्यान रखा जाए तो धान की फसल ज्यादा मुनाफा देगी।

धान की खेती की शुरुआत नर्सरी से होती है, इसलिए बीजों का अच्छा होना जरुरी है। कई बार किसान महंगा बीज-खाद तो लगाता है, लेकिन सही उपज नहीं मिल पाती है, इसलिए बुवाई से पहले बीज व खेत का उपचार कर लेना चाहिए। बीज महंगा होना जरुरी नहीं है बल्कि विश्वसनीय और आपके क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के मुताबिक होना चाहिए।

भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद के कृषि वैज्ञानिक डॉ. पी. रघुवीर राव बताते हैं, देश के अलग-अलग राज्यों में धान की खेती होती है और जगह मौसम भी अलग होता है, हर जगह के हिसाब से धान की किस्में विकसित की जाती हैं, इसलिए किसानों को अपने प्रदेश के हिसाब से विकसित किस्मों की ही खेती करनी चाहिए।

वो आगे बताते हैं, मई की शुरुआत से किसानों को खेती की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए, ताकि मानसून आते ही धान की रोपाई कर दें।

किसानों को बीज शोधन के प्रति जागरूक होना चाहिए। बीज शोधन करके धान को कई तरह के रोगों से बचाया जा सकता है। किसानों को एक हेक्टेयर धान की रोपाई के लिए बीज शोधन की प्रक्रिया में महज 25-30 रुपये खर्च करने होते हैं।

देश में प्रमुख धान उत्पादक राज्यों में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलांगाना, पंजाब, उड़ीसा, बिहार व छत्तीसगढ़ हैं। पूरे देश में 36.95 मिलियन हेक्टेयर में धान की खेती होती है। कृषि मंत्रालय के अनुसार खरीफ सत्र 2016-17 में 109.15 मिलियन टन धान का उत्पादन हुआ, जोकि पिछले सत्र से 2.50मिलियन टन (2.34 प्रशित) ज्यादा था। पिछले पांच वर्षों में 3.54 प्रतिशत अधिक रहा।

सिंचित दशा: सिंचित क्षेत्रों के लिए जल्दी पकने वाली किस्मों में पूसा-169, नरेन्द्र-80, पंत धान-12, मालवीय धान-3022, नरेन्द्र धान-2065 और मध्यम पकने वाली किस्मों में पंत धान-10, पंत धान-4, सरजू-52, नरेन्द्र-359, नरेन्द्र-2064, नरेन्द्र धान-2064, पूसा-44, पीएनआर-381 प्रमुख किस्में हैं।

ऊसरीली भूमि के लिए धान की किस्में: नरेन्द्र ऊसर धान-3, नरेन्द्र धान-5050, नरेन्द्र ऊसर धान-2008, नरेन्द्र ऊसर धान-2009।

**बीज शोधन से नहीं लगेगा कोई रोग**

सबसे पहले दस लीटर पानी में 1.6 किलो खड़ा नमक मिलाकर घोल लें, इस घोल में एक अंडा या फिर उसी आकार का एक आलू डाले और जब अंडा या आलू घोल में तैरने लगे तो समझिए की घोल तैयार हो गया है। अगर अंडा या आलू डूब जाता है तो पानी में और आलू डालकर घोले, जबतक कि अंडा या आलू तैरने न लगे, तब जाकर घोल बीज शोधन के लिए तैयार है।

तैयार घोल में धीरे-धीरे करके धान का बीज डालें, जो बीज पानी की सतह पर तैरने लगे उसे फेंक दें, क्योंकि ये बीज बेकार होते हैं। जो बीज नीचे बैठ जाए उसे निकाल लें, यही बीज सही होता है। इस घोल का उपयोग पांच से छह बार धान के बीज शोधन के लिए कर सकते हैं, तैयार बीज को साफ पानी से तीन से चार बार अच्छे से धो लें।

**फफूंदनाशी से बीजोपचार**

प्रति किलो बीज को 3 ग्राम बैविस्टिन फफूंदनाशक से उपचारित करें। फफूंदनाशक का उपयोग पाउडर के रूप में धुले हुए बीज में मिलाकर कर सकते हैं या फिर 3ग्राम प्रति किलो बीज को पानी में मिलाकर उपचारित करें।

**ऐसे अंकुरित करें बीज**

उपचारित बीज को गीले बोरे में लपेटकर ठंडे कमरें में रखें। समय समय पर इस बोरे पर पानी सींचते रहें। लगभग 48 घंटे बाद बोरे को खोलें। बीज अंकुरित होकर नर्सरी डालने के लिए तैयार होते हैं।

**जैव उर्वरक से करें खेत की मिट्टी का उपचार**

खेत तैयार करते समय, प्रति एकड़ खेत की मिट्टी में 10-12 किलो बीजीए (नील हरित शैवाल) और 10-12 किलो पीएबी जैव उर्वरक का छिड़काव कर मिश्रित करें। इन उर्वरकों में उपस्थित जीव, रसायनिक उर्वरक से क्रमशः नाइट्रोजन व पोटाश तत्व, धान के पौधे तक अच्छे ढंग से पहुंचाने में सहायता करेंगे।

**बीज की बुवाई/पौधों की रोपाई**

इस बीज को खेत तैयार करके लेही विधि से बो सकते हैं।

रोपाई विधि से बुवाई के लिए पहले से तैयार जमीन से 6 इंच ऊंची नर्सरी में इसे बोएं और 20 से 25दिन की नर्सरी तैयार करें और मुख्य खेत में रोपाई करें।

रोपणी तैयार करें और एसआरआई विधि (श्रीविधि) से रोपाई करने के लिए अंकुरित बीज की नर्सरी तैयार करें। 12 से 14 दिन के पौधे तैयार करें, उसके बाद पौधों को पूरी जड़ व बीज सहित निकालें। तुरंत इस नर्सरी को पहले से तैयार खेत में 25 सेमी. दूरी पर कतारबद्ध रुप में बोएं। एक जगह पर एक से दो पौधे ही रोपें। दूरी निर्धारित करने के लिए पैडी मार्कर का भी उपयोग कर सकते हैं। जो पौधे से पौधे के लिए और कतार से कतार के लिए 25 सेमी. के अंतर पर निशान बनाता है।

श्रीविधि से धान की रोपाई उसी खेत में करें जिसमें पानी न भरता हो। श्रीविधि से बुवाई के बाद खेत में पानी निकालने रहें और जब आवश्यकता हो तब, जैसे गेहूं के खेत में सिंचाई करते हैं उसी प्रकार धान के खेत में सिंचाई करें और खेत में नमी बना कर रखें। बाकी फसल प्रबंधन सामान्य धान की तरह करें। इस प्रकार से प्रबंधन करने से निश्चित ही कम लागत में अधिक उपज किसान को प्राप्त होगी।

## हरी धनिया की खेती और उससे कमा सकते हैं अच्छी रकम

धनिया की फसल की खेती कर आप भी कम लागत में शानदार मुनाफा कमा सकते हैं। धनिया की हरी पत्तियों को भोजन को सुगंधित और स्वादिष्ट बनाने के काम में लाया जाता है। अगर बात धनिया के बीज की करें तो इसमें औषधीय गुण होने के कारण इसका प्रयोग कुलिनरी, कार्मिनेटिव और डायरेटिक के रूप में किया जाता है।

धनिया गाजर कुल का एक सालाना मसाला फसल है। देश में धनिया की सबसे ज्यादा खेती मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में होती है। धनिया की खेती के लिए शीतोष्ण या ठंडा मौसम बढ़िया माना जाता है। धनिया के बीजों के अंकुरण के लिए 25 से 26 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान ठीक माना जाता है।

धनिया शीतोष्ण जलवायु की फसल है, इस वजह से फूल एवं दाने बनने के वक्त अधिक ठंड की वजह से पौधे को नुकसान हो सकता है। धनिया की फसलको पाले से बहुत नुकसान होता है।

अगर आप धनिए का बीज उगाना चाहते हैं तो इसके लिए ठंडी जलवायु, लगातार तेज धूप और ऐसी जमीन की जरूरत है जिस पर पानी जमा ना हो। धनिया की फसल के लिए अच्छे जल निकासी वाली दोमट मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। असिंचित फसल के लिए काली और भारी मिट्टी अच्छी होती है। धनिया की कई किस्में हैं जो 4 से 5 महीने की अवधि में तैयार होती हैं।

अगर आप धनिया की खेती में समय कम लगाकर अधिक मुनाफा कमाना चाहते हैं तो आप हरी धनिया बेचकर हर महीने 25 से 30,000 कमा सकते हैं। हर साल डेढ़-2 बीघे खेत में हरी धनिया की खेती कर ?3-4 लाख तक की कमाई की जा सकती है।

हरी धनिया की खेती करने के लिए खेत में छोटी-छोटी क्यारी बनानी होती है। एक बीघा में 40 क्यारी बनाकर आप हरी धनिया की बुवाई कर सकते हैं। ऐसे में 40 दिन में धनिया बेचने के लिए तैयार हो जाती है। धनिया की फसल के लिए अक्टूबर से नवंबर तक बुवाई का सही समय होता है। धनिया की बुवाई के समय अधिक तापमान रहने से धनिया के अंकुरण में दिक्कत आ सकती है। जिन क्षेत्रों में पाला अधिक पड़ता है वहां धनिया की बुवाई ऐसे समय में ना करें जिससे फसल को नुकसान हो जाए। अच्छे उपज के लिए धनिया का 15 से 20 किलोग्राम तक बीज पर्याप्त होता है। बुवाई से पहले धनिया के दाने को दो भाग में तोड़ देना चाहिए।

## औषधीय पौधा मण्डूकपर्णी

औषधीय उपयोगः मण्डूकपर्णी का प्रयोग प्रमुख रूप से तंत्रिका तंत्र, मनोरोग, पागलपन, मिर्गी जैसे भयानक रोगों के उपचार हेतु प्रयोग किया जाता है। महर्षि चरक के अनुसार मण्डूकपर्णी मानसिक रोगों के उपचार की अचूक वनस्पति है।

मृदा एवं जलवायु- यह ठण्डी एंव आर्द्र जलवायु वाली फसल है। इसकी खेती आंशिक छाया एवं पर्याप्त नमी वाले स्थानों पर की जा सकती है। 5.0 से 7.5 पी.एच. वाली बलुई दोमट तथा चिकनी मिट्टी में भी इसके पौधों की वृद्धि अच्छी होती है।

भूमि की तैयारी- रोपाई पूर्व खेत को अच्छी प्रकार से जुताई करके खरपतवार रहित कर लेना चाहिये।

खेत को समतल बनाकर उसकी जलनिकास व्यवस्था को भी ठीक कर लें। ।

उन्नतशील प्रजातियां- मज्जापोशक, काया कीर्ति एवं लखनऊ लोकल तीन प्रजातियां केन्द्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ के द्वारा विकसित की गई हैं।

**प्रवंर्धन**- इकट्ठी की गयी लताओं की 5-10 सेमी. लम्बी ऐसी शाखाएं जिन पर इन्टरनोड तथा जड़े हों, मण्डूकपर्णी के प्रवर्धन के लिए सर्वोत्तम होती हैं। मण्डूकपर्णी का पौधा वर्षा ऋतु में अच्छा वानस्पतिक वृद्धि करता है। इसके बीज अत्यन्त छोटे होते हैं, जो अक्टूबर-नवम्बर में प्राप्त होते हैं, बीज का अंकुरण बहुत कम होता है।

मण्डूकपर्णी की व्यावसायिक खेती हेतु उपर्युक्त शाखाओं की कटिंग अच्छे ढंग से तैयार की गयी क्यारियों में 5×10 सेमी. की दूरी पर लगा करके हल्की सिंचाई कर दी जाती है। लगभग एक सप्ताह मे जड़े निकल आती हैं तथा 35 से 40 दिन में पौधे रोपण योग्य तैयार हो जाते हैं। एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिये लगभग 70 किग्रा. अथवा 40,000 पौधे पर्याप्त होते हैं।

**रोपाई तथा खाद एंव उर्वरक**- नर्सरी से पौधों को उठाकर मुख्य खेत में 30×20 सेमी. की दूरी पर रोपित करें। कटिंग की रोपाई सीधे खेत में भी की जा सकती है। रोपाई का उपयुक्त समय जून से लेकर अगस्त माह तक होता है। रोपण के बाद खेत की तुरन्त सिंचाई करना आवश्यक है।

सिंचाई-पौधे की वृद्धि के दौरान खेत में पर्याप्त नमी का बना रहना आवश्यक है। इसके लिए भूमि की दशा, प्रकार तथा जलवायु के आधार पर आवश्यकतानुसार उचित अन्तराल पर सिंचाई करते रहें।

**निराई-गुड़ाई** एवं खरपतवार नियंत्रण- रोपाई के 15 से 20 दिनों के बाद से ही लगभग 20 दिनों के अन्तराल पर तीन से चार निराई-गुड़ाई की आवश्यकता होती है। मानसून के दिनों में खेत में खरपतवार नहीं होने चाहिए। पूरे वर्ष की फसल लेने हेतु सर्दियों के महीनों में भी फसल की निराई-गुड़ाई करके खरपतवार निकाल दें।

फसल की कटाई एवं प्रबंधन- रोपण के 75 से 90 दिनों बाद फसल काटने योग्य हो जाती है। पौधों की लम्बाई 20 से 30 सेमी. हो जाने पर उनकी कटाई की जाती है। उत्तर भारत के अधिक ठण्डक वाले क्षेत्रों में इसकी परती फसल नहीं प्राप्त हो पाती है। ऐसी स्थिति में पौधों को पूरा का पूरा उखाड़ दिया जाता है।

कटाई के बाद 4-5 दिनों तक शाक को धूप में सुखायें चाहिये। 7-10 दिनों तक इसे छाया में भली प्रकार सुखा कर इसका भण्डारण किया जा सकता है।

भण्डारण की अवधि 6 माह से अधिक होने पर मण्डूकपर्णी में उपलब्ध वकोसाइड की मात्रा घटने लगती है।

अतः लम्बे समय तक भण्डारण से बचें। अच्छी तरह से कृषि क्रिया करने पर मण्डूकपर्णी की फसल से लगभग 180 से 200 क्विंटल प्रति हेक्टेयर ताजे शाक की प्राप्ति होती है।

## कसूरी मेथी की खेतीः किस्में, देखभाल और पैदावार

कसूरी मेथी एक सुगन्धित मेथी हैं । यह एक वर्षीय शाकीय पौधा हैं । जिसकी ऊंचाई लगभग 46 से 56 सेंटीमीटर तक होती है । यह स्वः परागित प्रकृति का पौधा हैं । इसकी बढ़वार धीमी तथा पत्तिया छोटे आकार की गुच्छे में लगी होती है । पत्तियों का रंग हल्का हरा होता है । फूल, चमकदार नांरगी पीले रंग के एवं तने पर आते है । फली का आकार 2 से 3 सेंटीमीटर और आकृति हँसियें जैसी होती है । बीज अपेक्षाकृत छोटे होते है। भारत में कसूरी की खेती कुमारगंज, फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) और नागौर (राजस्थान) में अधिक क्षेत्र में की जाती है

लेकिन अच्छी सुगन्ध नागौर जिले में ही आती है और यहीं पर यह व्यवसायिक रूप में पैदा की जाती है और इसी कारण से यह मारवाड़ी मेथी के नाम से जानी जाती है ।

किसानों को कसूरी मेथी की उन्नत तकनीक से करनी चाहिए, ताकि उनको इसकी फसल से अच्छी उपज मिल सके । इस लेख में कृषकों की जानकारी के लिए कसूरी मेथी की खेती वैज्ञानिक तकनीक से कैसे करें का उल्लेख किया गया है ।

**कसूरी मेथी की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु**

कसूरी मेथी ठंडी जलवायु की फसल है एवं इसकी खेती रबी के मौसम में की जाती है। इसकी प्रारंभिक वृद्धि के लिए मध्यम आर्द्र जलवायु तथा कम तापमान उपयुक्त रहता हैं । यह पाले के प्रति काफी सहनशील होती है ।

कसूरी मेथी की खेती के लिए भूमि का चुनाव

दोमट तथा बलुई दोमट मिटटी जिसमें कार्बनिक पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो कसूरी मेथी की खेती के लिए उत्तम होती है । इसकी खेती दोमट मटियार भूमि में भी सफलतापूर्वक की जा सकती है। यह क्षारीयता को अन्य फसलों की तुलना में अधिक सहन कर सकती है।

**कसूरी मेथी की खेती के लिए खेत की तैयारी**

कसूरी मेथी की अच्छी उपज के लिए हल्की मिट्टी में कम व भारी मिट्टी में अधिक जुताई करके खेत को तैयार करें । मिट्टी पलटने वाले हल से एक जुताई करके, एक या दो जुताई देशी हल या हैरो चलाकर मिट्टी को भुरभूरी बना लेवें और शीघ्र पाटा लगा देना चाहिए । जिससे नमी का ह्रास न हो ।

कसूरी मेथी की खेती के लिए उन्नत किस्में

कसूरी की प्रचलित किस्में पुसा कसूरी व नागौरी मेथी या मारवाड़ी मेंथी हैं ।

कसूरी मेथी की खेती के लिए बुआई का समय

कसूरी मेथी की बुआई के लिए उपयुक्त समय 15 अक्टूबर से नवम्बर माह है।

कसूरी मेथी की खेती के लिए बीज दर

छिटकवां विधि से कसूरी मेथी की बीज दर 100 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर एवं कतार विधि से 30 से 35 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर होती है ।

कसूरी मेथी की खेती के लिए बीज उपचार

कसूरी फसल की अच्छी वृदि और उपज के लिए बीज उपचार जरूरी हैं । एक दिन पहले पानी में भिगोने पर जमाव में वृद्धि होती है । 50 से 100 पी पी एम साइकोसिल घोल में भिगोने से जमाव में वृद्धि एवं अच्छी बढ़वार होती है। बोने से पहले राइजोबियम कल्चर से बीज को अवश्य शोधित करें।

छिटकवां विधि- इसमें सुविधानुसार क्यारिया बनायी जाती हैं फिर बीजों को एक समान रूप से छिड़क कर मिट्टी से हल्का-हल्का ढक देते है।

कतार विधि- इस विधि में 20 से 25 सेंटीमीटर की दूरी पर कतारों में करते है। पौधे से पौधे की दूरी 5 से 8 सेंटीमीटर रखी जाती है। बीज की गहराई 2 सेंटीमीटर से ज्यादा नही होनी चाहिए।

कसूरी मेथी की खेती के लिए खाद और उर्वरक

कसूरी मेथी के लिए नत्रजन, फास्फोरस तथा पोटाश का अनुपात 1:2:1 का होता है। गोबर या कम्पोस्ट की खाद 15 से 20 टन प्रति हैक्टेयर देते हैं। कसूरी मेथी में 20 किलोग्राम नत्रजन, 40 किलोग्राम फास्फोरस एवं 20 किलोग्राम पोटाश देने से पत्तियों की अच्छी उपज प्राप्त हुई है।

इसके अलावा 2 प्रतिशत एन पी के के घोल का स्प्रे करने पर पत्तियों की उपज में 20 प्रतिशत वृद्धि पाई गई है। अतः फास्फोरस व पोटाश की पूरी मात्रा एवं नत्रजन की आधी मात्रा बुआई के समय देनी चाहिए। शेष आधी नत्रजन की मात्रा और 2 प्रतिशत एन पी के का छिड़काव हर कटाई के बाद देवें।

कसूरी मेथी की फसल में सिंचाई प्रबंधन

कसूरी मेथी की बुआई के तुरन्त बाद सिंचाई करनी चाहिए। इसके बाद 10 से 15 दिन के अन्तराल पर सिंचाई करनी चाहिए, पुष्पन एवं बीज बनते समय मिटटी में प्रर्याप्त नमी होनी चाहिए।

कसूरी मेथी की फसल में खरपतवार नियंत्रण


कसूरी मेथी की खेती मुख्यतः पत्तियों की कटाई के लिए की जाती हैं। बुआई के 15 दिन बाद और पत्तियों की कटाई करने से पहले खरपतवारों को हाथ से निकाल देना चाहिए। बुवाई से पहले खरपतवार नाशी फ्लूक्लोरेलीन किलोग्राम क्रियाशील तत्व प्रति हैक्टेयर की दर से मिलाने पर खरपतवार कम उगते है।

कसूरी मेथी की फसल में रोग देखभाल

**चूर्णिल आसिता**- इसे छाछ्या रोग भी कहते हैं, प्रारम्भ में पत्तियों पर सफेद चूर्णिल पुंज दिखाई देते हैं और उग्र रूप में पूरे पौधे को चूर्णिल आवरण से ढक देते है। इससे बीज की उपज एवं गुणवता में कमी आ जाती हैं।

**रोकथाम**- 0.1 प्रतिशत कैराथेन एल सी या 0.2 प्रतिशत निलम्बनशील गंधक 500 लीटर घोल प्रति हैक्टेयर 0.1 प्रतिशत बावस्टिन का पर्णीय छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार दोहरायें

**मृदुरोमिल आसिता**- रोग के प्रारम्भ में पत्ती की निचली सतह पर सफेद मृदुरोमिल वृद्धि दिखायी देती है। रोग के बढ़ने पर पत्तिया पीली होकर गिरने लगती हैं और पौधों की बढवार रूक जाती है।



**रोकथाम**- ब्लाइटाक्स 50 का 0.3 प्रतिशत को 400 से 500 लीटर घोल प्रति हैक्टेयर या डायथेन जेड- 78 या डायथेन एम- 45 का 0.3 प्रतिशत घोल का 15 दिन के अन्तराल पर छिड़काव कर।

**मूल गलन**- यह कसूरी मेथी की गंभीर बीमारी हैं। जिसमें जड़ों का पास सड़न तथा बुआई के 30 से 35 दिनों के बाद पौधे पीले होकर सूख जाते है।

रोकथाम- नीम की खली 1 टन प्रति हैक्टेयर बुआई से पूर्व मे मिलाए और बीज उपचार कार्बेन्डाजीम 2 ग्राम दवा प्रति 1 किलोग्राम बीजदर के हिसाब से करना चाहिए।

**कसूरी मेथी की फसल में कीट देखभाल**

**माहू**- इसके नियंत्रण के लिए 0.03 प्रतिशत डाइमेथोएट 30 ई सी या फास्फेमिडान 40 ई सी में से कोई एक दवा का 400 से 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर छिडकाव प्रभावी होता है।

**दीमक**- इसकी रोकथाम के लिए 4 लीटर प्रति हैक्टेयर क्लोरोपायरीफास सिंचाई के साथ पानी में देते है।

**कसूरी मेथी की फसल में जैविक रोकथाम**

उपर्युक्त कीट एवं रोगों के लिए 2 टन प्रति हेक्टर की दर से नीम की खली एवं 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टर की दर से ट्राइकोडर्मा विरिडी भूमि में मिलावें और 5 प्रतिशत नीम बीज अर्क का छिडकाव 10 दिन के अंतराल पर (दो से तीन बार) करना प्रभावी पाया गया है।

**कसूरी मेथी की फसल की कटाई**

अक्टुबर में बोई गई फसल से पत्तियों की पांच व नवम्बर में बोई गई फसल से पत्तियों की चार कटाई लेनी चाहिए । उसके बाद फसल को बीज के लिए छोड़ देना चाहिये अन्यथा बीज नही बनेगा। पत्तियों की पहली कटाई बुआई के 30 दिन बाद करें फिर 15 दिन के अन्तराल पर कटाई करते रहे। कटाई करने के बाद पत्तियों को तिरपाल पर रख कर हल्की धूप में सुखा लेवें। जिससे उनका रंग व सुंगध अच्छी होती है।

**कसूरी मेथी की खेती से पैदावार**

कसूरी मेथी की पत्तियों की उपज उसकी कटाई की संख्या पर निर्भर करती है7 यदि चार कटाई ली है, तो हरी पत्तियों की उपज 80 से 90 क्विंटल प्रति हैक्टेयर तथा बीज की उपज 6 से 7 क्विंटल के प्रति हैक्टेयर तथा पांच कटाई लेने पर हरी पत्तियों की उपज 90 से 110 क्विंटल प्रति हैक्टेयर और बीज की उपज 4 से 6 क्विंटल प्रति हैक्टेयर प्राप्त होती है। जिसकी ऊँचाई लगभग 46 से 56 सेंटीमीटर तक होती है। यह स्वः परागित प्रकृति का पौधा हैं। इसकी बढ़वार धीमी तथा पत्तिया छोटे आकार की गुच्छे में लगी होती है। पत्तियों का रंग हल्का हरा होता है। फूल, चमकदार नांरगी पीले रंग के एवं तने पर आते है। फली का आकार 2 से 3 सेंटीमीटर और आकृति हँसियें जैसी होती है। बीज अपेक्षाकृत छोटे होते है। भारत में कसूरी की खेती कुमारगंज, फैजाबाद (उत्तर प्रदेश) और नागौर (राजस्थान) में अधिक क्षेत्र में की जाती है।

लेकिन अच्छी सुगन्ध नागौर जिले में ही आती है और यहीं पर यह व्यवसायिक रूप में पैदा की जाती है और इसी कारण से यह मारवाड़ी मेथी के नाम से जानी जाती है। किसानों को कसूरी मेथी की उन्नत तकनीक से करनी चाहिए, ताकि उनको इसकी फसल से अच्छी उपज मिल सके। इस लेख में कृषकों की जानकारी के लिए कसूरी मेथी की खेती वैज्ञानिक तकनीक से कैसे करें का उल्लेख किया गया है।

**कसूरी मेथी की खेती के लिए उपयुक्त जलवायु**

कसूरी मेथी ठंडी जलवायु की फसल है एवं इसकी खेती रबी के मौसम में की जाती है। इसकी प्रारंभिक वृद्धि के लिए मध्यम आर्द्र जलवायु तथा कम तापमान उपयुक्त रहता हैं। यह पाले के प्रति काफी सहनशील होती है।

कसूरी मेथी की खेती के लिए भूमि का चुनाव

दोमट तथा बलुई दोमट मिटटी जिसमें कार्बनिक पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हो कसूरी मेथी की खेती के लिए उत्तम होती है। इसकी खेती दोमट मटियार भूमि में भी सफलतापूर्वक की जा सकती है। यह क्षारीयता को अन्य फसलों की तुलना में अधिक सहन कर सकती है।

**कसूरी मेथी की खेती के लिए खेत की तैयारी**- कसूरी मेथी की अच्छी उपज के लिए हल्की मिट्टी में कम व भारी मिट्टी में अधिक जुताई करके खेत को तैयार करें।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

स्लीनाबाद में दिल दहला देने वाली घटना से ग्राम नैगवां में शोक

# तालाब में चार मासूमों की जलसमाधि

**कटनी, देशबन्धु।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम नैगवां के छपरा हार तालाब में चार बच्चों की जलसमाधि हो गई। बताया जाता है कि बच्चे रविवार होने की वजह से साइकिल पर सवार होकर तालाब में नहाने गए थे। यहां पर वो चारों बच्चे डूब गए, जिसकी वजह से उनकी मौत हो गयी। घटना की खबर लगते ही अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और बच्चों के शवों को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। मर्ग कायम करके जांच भी प्रारंभ कर दी गयी है। घटना कैसे हुई इस बात की जानकारी नहीं लगी है, अलबत्ता बच्चों के माता-पिता उन्हें ढूंढते हुए तालाब तक पहुंचे थे और यहां पर उनके कपड़े और साइकिल देखकर तालाब में खोजबीन करने पर एक-एक करके चार बच्चों के शव निकले।



प्राप्त जानकारी के मुताबिक छपरा हार में रहने वाले शशि प्रताप (14 वर्ष), शौर्य सिंह (13वर्ष), मयंक यादव ( 13 वर्ष), धर्मवीर बंशकार (11 वर्ष) सुबह11 बजे नैगवां से डेढ़ किलोमीटर दूर तालाब में दो साइकिलों पर सवार होकर नहाने के लिए गए थे। बच्चे तालाब में नहाते समय कैसे डूब गए, इसका पता नहीं चल पाया है। ऐसा माना जा रहा है कि किसी बच्चे को बचाने के चक्कर में बाकी के तीन बच्चे भी पानी में डूब गए और उनकी मौत हो गयी। माता-पिता खोजने निकले थे बताया जाता है कि अपरान्ह 4 बजे जब बच्चों के माता मजदूरी करके घर लौटे तो घर में बच्चों के न दिखने पर उनकी खोजबीन शुरू कर दी। बच्चे आसपास कहीं पर भी नहीं दिखे तो उनकी तलाश में थोड़ा और दूर निकल गए। इस बीच उन्हें पता चला कि बच्चे तालाब की तरफ जाते हुए देखे गए थे। कपड़े और साइकिल देखकर शक बच्चों के माता पिता ने तालाब के पास उनके कपड़े और साइकिल देखी तो उन्हें शक हुआ कि कहीं बच्चे तालाब में तो नहीं डूब गए। आनन-फानन में बच्चों को खोजने के लिए गांव के ही लोग तालाब में उतर गये। बताया जाता है कि तालाब ज्यादा गहरा नहीं था और कुछ ही देर में एक-एक करके चारों बच्चों के शव निकाल गए। बच्चों के शव देखते ही परिजन बेहोश हो गए। उन्हें इस बात की उम्मीद जरा सी भी नहीं थी कि घर लौटने पर उन्हें मासूम बच्चों की लाश देखने को मिलेगी।

# 22 दिन बाद चीता निरवा को वन विभाग ने पकड़ा

**श्योपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता निरवा को रविवार सुबह 10 बजे 22 दिन बाद धोरेट रेंज से पकड़ लिया गया है। 21 जुलाई को उसके कॉलर ने काम करना बंद कर दिया था और कॉलर सैटेलाइट के माध्यम से मिलने वाली लोकेशन प्राप्त होना बंद हो गई थी। उसकी खोज के लिए अधिकारी, पशुचिकित्सक और चीता ट्रैकर्स सहित 100 से अधिक फील्ड कर्मचारी दिन-रात लगे हुए थे।

मध्य प्रदेश के पीसीसीएफ वन्यजीव और मुख्य वन्य जीवन वार्डन ने चीते को पकड़ने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि चीते को प्रतिदिन खोजा जा रहा था। 22 दिन बाद उसे पकड़ने में



## कूनो : तलाश में लगे थे 100 से भी ज्यादा कर्मचारी

सफलता मिली है।

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में सभी 15 चीते (7 नर, 7 मादा और 1 मादा शावक) अब बोमा में हैं और स्वस्थ हैं। कूनो पशु चिकित्सा टीम द्वारा स्वास्थ्य मापदंडों पर लगातार निगरानी की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 11 अगस्त की शाम की निरवा की लोकेशन सैटेलाइट के माध्यम से प्राप्त हुई। तुरंत ही सर्च टीमों को प्राप्त लोकेशन पर भेजा गया। दिन में भी सैटेलाइट के माध्यम से निरवा की 12 अगस्त को ही अन्य लोकेशन भी प्राप्त हुई। डॉग स्क्वाड और ड्रोन टीमों की सहायता से वन्यप्राणी चिकित्सकों की टीम ने निरवा को शाम के समय लोकेट कर लिया गया।

अंधेरा होने के कारण ऑपरेशन को अगले दिन तक स्थगित कर दिया गया। ड्रोन टीमों को रात भर निरवा की लोकेशन पर निगाह रखने की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद सुबह चार बजे ऑपरेशन दोबारा प्रारंभ किया और करीब 6 घंटे के बाद निरवा को पकड़ लिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वह पूरी तरह ठीक है और उसे स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बोमा में रखा है।



# लांजी की पौनी बस्ती में मिले नक्सलियों के पर्चे और बैनर, मणिपुर घटना का विरोध जताया

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में नक्सलियों की सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली है। नक्सलियों ने यहां एक करीबी गांव में बैनर-पोस्टर लगाकर सरकार और मणिपुर की घटना का विरोध जताया है। पुलिस बैनर-पर्चे को जब्त कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पौनी की बस्ती में एक बाड़ी में बंधे नक्सली बैनर-पर्चे में केंद्र की मोदी सरकार के विरोध के साथ ही मणिपुर में महिलाओं के साथ घटित घटना का विरोध भी दर्ज कराया गया है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ जोनल कमेटी के नाम से लगाए गए इस बैनर में मोदी सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और मणिपुर घटना का विरोध दर्ज कराया गया है। केन्द्र एवं मणिपुर सरकार को मनुवादी विचारधारा की सरकार बताया है।

बालाघाट पुलिस ने बीते वर्ष और इस वर्ष में लगभग सात बड़े इनामी नक्सलियों को ढेर किया है और लगातार पुलिस की सर्चिंग जंगलों में जारी है। बावजूद इसके बस्ती में प्रवेश कर नक्सलियों द्वारा नक्सली बैनर और पर्चे को लगाकर आराम से निकल जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। फिलहाल पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने पर्चे और बैनर मिलने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि बैनर-पर्चे को जब्त कर जांच की जा रही है।

### एसपी बोले मामले में जांच शुरू

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ अत्याचार का विरोध नक्सलियों ने बैनर और पर्चे में दर्ज कराया है। एक बैनर और चार-पांच पर्चे मिले हैं। क्षेत्र में सर्चिंग बढ़ा दी गई है। यह ग्यारंटी नहीं है कि नक्सलियों ने लगाए कि उनके समर्थकों ने। बैनर और पर्चे को बरामद कर जांच की जा रही है।

# लांजी के बकरामुंडी के पास दिखी बाघिन

**बालाघाट, देशबन्धु।** लांजी क्षेत्र के सालेटेकरी मार्ग में वन विभाग के कार्यालय से महज कुछ दूरी पर बकरामुंडी के पास 11 अगस्त की सुबह ग्रामीणों को बाघ दिखने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग लांजी की पूर्व और पश्चिम वन विभाग की टीम ने मौका स्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों को दूर रहने की हिदायत दी। बताया जा रहा है कि यह नागझीरा साकोली महाराष्ट्र की मादा बाघिन है। जानकारी के अनुसार, बकरामुंडी के पास में किनारे तालाब में नागझीरा साकोली महाराष्ट्र की टाइगर लोकेशन पार्टी को वन्यप्राणी मादा बाघ का लोकेशन आईडी कॉलर से पता चला। बताया जाता है कि करीब डेढ़ से दो माह पहले नागझीरा के जंगल से भटक कर लांजी किरनापुर के जंगलों में घूम रही है। कुछ महीने पहले यह मादा बाघ किरनापुर क्षेत्र में दिखाई दी थी। इसके बाद 9 अगस्त को यह मादा बाघ ग्राम कालीमाटी के समीप जंगल में इसके लोकेशन की जानकारी मिली। जबकि 11 अगस्त को बकरामुंडी में दिखाई दी। इधर, जनपद पंचायत लांजी ने मुनादी कर ग्राम नंदोरा, खांडाफरी, नेवरवाही, खुर्शीटोला के सरपंच-सचिवों को सावधानी बरतने कहा है।



## महाराष्ट्र के नागझिरा से बालाघाट में किया प्रवेश

## वन विभाग ने जंगल की ओर ना जाने की दी हिदायत

# ढाई साल की ओजस्विनी नर्मदा नदी में 10 किलोमीटर तक तैरेगी आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वतन्त्रता दिवस के एक दिन पहले यानि आज ढाई साल की ओजस्विनी मोथा उफनाती नर्मदा नदी में दस किलोमीटर तक तैरेगी। ओजस्विनी के पिता का कहना है कि जब वह 6 माह की थी तभी से उसे नर्मदा नदी में तैरने का अभ्यास करा रहे है। बताया जाता है कि ओजस्विनी के पिता विनोद मोथा भी एक कुशल तैराक है। उन्होंने अपनी बच्ची को भी एक बेहतर तैराक बनाने का संकल्प लिया। विनोद ने ओजस्विनी को 6 माह की उम्र से ही नर्मदा नदी में तैरना सिखवाना शुरु कर दिया था। पिछले वर्ष 2022 में भी ओजस्विनी जिलहरी घाट से तिलवारा घाट दस किलोमीटर तैरते हुए गई थी। उस वक्त जबलपुर के तत्कालीन कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी भी साथ में तैरे थे। स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पहले यानि आज ढाई साल की ओजस्विनी फिर जिलहरी घाट से तिलवारा घाट दस किलोमीटर तैरकर जाएगी।



FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
MORNINIG SHOW OFFER
RS. @ 100/- (CONDITION APPLY)
OMG-2
10:15 AM 01:00 PM 04:00 PM 07:00 PM 10:00 PM 11:00 PM
GADAR-2
08:00 AM 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:15 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 09:45 PM 10:45 PM
ROCKY AUR RANI
11:00 AM 05:00 PM
JAILER IN HINDI
08:00 PM

# बंगाल की खाड़ी में बन रहा नया सिस्टम, 16 से फिर झमाझम बरसात के आसार

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में एक बार फिर झमाझम बारिश का दौर शुरू होने का अनुमान लगाया गया है। बीते कुछ दिनों छुट पुट बारिश के बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था। इसके बाद मौसम विज्ञानियों ने फिर चेतावनी जारी कर दी है। उन्होंने बंगाल की खाड़ी में बन रहे नए मानसूनी सिस्टम की गणना के आधार पर बताया कि पूर्वी मध्यप्रदेश के कुछ भागों में 14 और 15 अगस्त को छुटपुट तो 16 अगस्त से झमाझम बारिश का क्रम शुरू हो सकता है, जो 18 अगस्त तक जारी रहेगा। जबलपुर में सुबह से ही ठंडी हवाएं का दौर चल रहा है। और मौसम सुहावना बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार मानसून की ट्रफ लाइन के हिमालयीन रीजन में शिफ्ट हो जाने से उत्तर भारत में तो भीषण बारिश का क्रम चल रहा है, लेकिन यहां मध्यभारत के इलाकों में मानसून सुस्त है। लोकल डेवलपमेंट के चलते कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी चल रही है। आसमान मुख्यत: साफ रहने से कड़ी धूप से भी आमजन परेशान है। अब मानसून की द्रोणिका नीचे तरफ शिफ्ट होने के आसार हैं। इसी के साथ बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का सिस्टम बन रहा है। मौसम में होने वाले उक्त दोनों परिवर्तन पूर्वी मप्र में अच्छी बारिश का संकेत दे रहे हैं। यदि सब कुछ सही रहा तो हवाओं की गति और दिशा अनुकूल रही तो 16 अगस्त से पूर्वी मप्र एक बार फिर जल मग्न होने के आसार हैं।

# ओएफके कर्मी की गर्भस्थ शिशु की मौत पर हंगामा, जांच के आदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में 11 अगस्त को एक कर्मचारी राकेश मालवीय की गर्भवती पत्नि ने सेक्शन में फोन कर अपनी तबीयत खराब होने की जानकारी दी। लेकिन सेक्शन में फोन रिसीव करने वाले ने यह कहकर फोन काट दिया कि आपके पति सेक्शन में काम नहीं करते है। जब कर्मी घर पहुंचा तो पत्नि की हालत देख स्तब्ध रह गया। उसने किसी तरह पत्नि को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां समय पर महिला को उपचार नहीं मिलने से उसके गर्भ में पल रहे 8 माह के भ्रूण की पेट ही मौत हो गई।

इस घटना के बाद रविवार को खमरिया फैक्ट्री के ए-5 सेक्शन में सुबह से हंगामा शुरू हो गया। कर्मचारी काम छोड़ बाहर आ गए। दरअसल, कर्मचारी संगठन इस दर्दनाक घटनाक्रम से आक्रोशित थे। उनका कहना था कि प्रबंधन ने कर्मचारियों के मोबाइल लाने पर पूर्णता: प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे हालात में जब तक कर्मचारी निर्माणी में रहता है उससे परिवार का संपर्क पूरी तरह से कटा करता है।

लेकिन आपात स्थिति में जब घर से किसी कर्मचारी का निर्माणी के लैंड लाइन में फोन आता है तो उससे भी संबंधित को अवगत नहीं कराया जाता है। जिसके चलते एक कर्मचारी की पत्नी को समय पर इलाज नहीं मिल पाने के कारण उसके गर्भ में पल रहे आठ माह के बच्चे की मौत हो गई। चिकित्सको को प्री-मेच्योर डिलेवरी करवाना पड़ी। अभी भी ओएफके कर्मी की पत्नी की स्थिति चिन्ताजनक बनी हुई है। मजदूर संघ का कहना है कि यह मामला महज एक चूक नहीं है बल्कि आपराधिक कृत्य है। संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन से कहा कि इस मामले में दोषी को सख्त से सख्त सजा दे, अन्यथा यूनियन आपराधिक प्रकरण दर्ज कराएगी।


## मोर्चा की चेतावनी, दोषियों पर हो कार्रवाई, नहीं तो अपराधिक प्रकरण दर्ज करायेंगे

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना
₹ 3000 तक बढ़ेगी राशि
आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आपका
रामरतन पायल
पूर्व जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी जिला कटनी
प्रदेश कार्य समिति भाजपा मध्यप्रदेश

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
FREE FREE FREE FREE
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

# भारतीय हैंडबाल टीम की मैनेजर बनी संगीता

**जबलपुर, देशबन्धु।** एशियन वूमेंस हैंडबॉल क्वालिफिकेशन फॉर ओलंपिक , जापान के लिए जबलपुर की संगीता तिवारी मिश्रा का चयन भारतीय हैंडबाल टीम मैनेजर के लिए हुआ है । संगीता तिवारी मिश्रा हैंडबॉल की अंतर्राष्टीय खिलाड़ी है जो 2 बार पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। संगीता तिवारी मिश्रा अभिषेक मिश्रा की पत्नी , गणेश तिवारी की पुत्री , राहुल,ऋषि तिवारी की बहन है।



आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 102
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 106
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 110
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 106
मुर्गा जम्बो - रु. 106
मो.-9039925000, 9425800409

सीधी लोकसभा क्षेत्र
सीधी सिंगरौली, ब्यौहारी के समस्त सम्माननीय जनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. अशोक तिवारी
पत्रकार एवं समाजसेवी
मझौली / ब्यौहारी (म.प्र.)
मो.- 8827831164